सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
03.03.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 229 12



सारा अली खान बनीं कुरकुरे की ब्रांड एंबेसडर

B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007 BACET
Flagship Courses : B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95% •Bank Education Loan Facility. •Scholarship upto 1 Crore.
•Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives. •Thrust on Research & Development. •Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on: 9955339035, 7982054031, 0657-2442533
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

## न्यूज डायरी

### पीएम, नेता प्रतिपक्ष और सीजेआइ चुनेंगे सीइसी-इसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को कार्यपालिका के हस्तक्षेप से बचाने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कहा कि उनकी नियुक्तियां प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) की एक समिति की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा की जायेंगी। न्यायमूर्ति के एम जोसेफ की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने सर्वसम्मति से यह फैसला लिया।

### तीसरा टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया को मात्र 76 रनों का लक्ष्य

**इंदौर।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत यहां खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारत की दूसरी पारी 163 रनों पर सिमट गयी। भारत को इस तरह 75 रनों की बढ़त मिली और ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 76 रनों का लक्ष्य मिला है। दूसरी पारी में भारत के लिए चेतेश्वर पुजारा ने सर्वाधिक 59 रन बनाये। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के नाथन ल्योन ने 8 विकेट झटके।

### बीसीसीएल अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**धनबाद।** धनबाद में सीबीआई की टीम ने बीसीसीएल अधिकारी रत्नाकर मल्लिक को रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार देर रात रात तक उनके आवास, पैतृक आवास ओडिशा में सीबीआई ने छापेमारी की। टीम ने बीसीसीएल के एक कर्मी की शिकायत पर उक्त कार्रवाई की है।

### रिश्वतखोर नाजिर एसीबी के हत्थे चढ़ा

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर प्रखंड कार्यालय के नाजिर शेखर पंडित को घूस लेते एसीबी की टीम ने रंगे हाथ दबोच लिया है। वीडियोग्राफर विकास बोस उर्फ माना से पंचायत चुनाव की विडियोग्राफी के 24,700 रुपये बिल पास कराने के एवज में 4,000 रुपया घूस की मांग नाजिर ने की थी, जिसपर कार्रवाई हुई।

### मांडर कॉलेज पर लगा 50 हजार का जुर्माना

**रांची।** एडमिट कार्ड दिये जाने की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने मांडर इंटर कॉलेज पर पचास हजार रुपये का जुर्माना लगाया। साथ ही जैक और कॉलेज को निर्देश दिया है कि जिनका एडमिट कार्ड जारी नहीं किया गया है, उन्हें एडमिट कार्ड दिया जाये।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 53,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 68,000 रु./प्रति किलो |



# रामगढ़ उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी की शानदार जीत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा सीट के लिए हुए उपचुनाव में मतों की गणना 2 मार्च को हुई। इसमें एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी (आजसू पार्टी) विजय रहीं। उन्होंने महागठबंधन के प्रत्याशी बजरंग महतो (कांग्रेस पार्टी) को पराजित किया। बता दें कि रामगढ़ विधानसभा सीट के लिए विगत 27 फरवरी को मतदान हुआ था।

इससे पूर्व रामगढ़ कॉलेज में बने मतगणना केंद्र पर कड़ी सुरक्षा के बीच गुरुवार को सुबह 8:00 बजे से मतों की गिनती का कार्य आरंभ हुआ। मतगणना 12 राउंड तक चली। इसमें एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी को 1,15,699 मत मिले। जबकि, उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी बजरंग महतो को 93,729 मत मिले। इस प्रकार एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 21,970 मतों से जीतने में सफ ल रहीं। उपचुनाव में निर्दलीय रामावतार महतो तीसरे और धनंजय कुमार पुटूस चौथे स्थान पर रहे। चुनाव में विजयी होने के बाद सुनीता चौधरी को निर्वाची पदाधिकारी रामगढ़ 23 विधानसभा क्षेत्र मो जावेद हुसैन ने जीत का प्रमाण पत्र दिया।

(शेष पेज 11 पर)

### त्रिपुरा में भाजपा, नागालैंड में भाजपा-एनडीपीपी और मेघालय में बनेगी गठबंधन की सरकार

**अगरतला/ शिलांग/ कोहिमा।** पूर्वोत्तर की तीन राज्यों त्रिपुरा, मेघालय और नागालैंड विधानसभा चुनावों की गुरुवार को हुई मतगणना के बाद सभी नतीजे सामने आ गये हैं। पूर्वोत्तर के तीनों राज्यों में 60-60 विधानसभा क्षेत्र हैं। त्रिपुरा में जहां सभी सीटों पर चुनाव हुए, वहीं नागालैंड में भाजपा ने एक सीट पर निर्विरोध जीत हासिल कर लिया था, जिसके चलते 59 सीटों पर चुनाव हुए थे। वहीं मेघालय में एक सीट पर उम्मीदवार के निधन के चलते 59 सीटों पर ही चुनाव हुआ था। गुरुवार की सुबह 8 बजे से आरंभ हुई मतगणना देर शाम तक सभी नतीजे सामने आ गये। इसमें त्रिपुरा में भाजपा को 32, सीपीआइ (एम) को 11, कांग्रेस को 3, आइपीएफटी को 1 और टीएमपी को 13 सीट मिली है। इस तरह सत्ताधारी पार्टी भाजपा को पूर्ण बहुमत मिला है। वहीं, नागालैंड में भाजपा-एनडीपीपी गठबंधन को भी पूर्ण बहुमत मिला है। भाजपा को 12, निर्दलीय को 4, जद (यू) को 1, एलजेपी (आर) को 2, एनपीएफ को 2, एनपीपी को 5, एनसीपी को 7, एनडीपीपी को 25 और आरपीआइ (ए) को 2 सीटें मिली हैं। मेघालय में सत्ताधारी पार्टी एनपीपी राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। यहां एआइटीसी को 5, भाजपा को 2, एचएसपीडीपी को 2, निर्दलीय को 2, कांग्रेस को 5, एनपीपी को 26, पीडीएफ को 2, यूडीपी को 11 और वीपीपी 4 सीटें मिली हैं।



"रामगढ़ की जनता को धन्यवाद देते हुए सुनीता चौधरी ने कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं और जनता की है। जनता ने एक बार फिर चंद्र प्रकाश चौधरी पर भरोसा जताया है। जनता के साथ कदम से कदम मिलाकर रामगढ़ का विकास करना ही एकमात्र उद्देश्य है।
-सुनीता चौधरी, आजसू।



"लगभग 93 हजार जनता ने मेरा साथ दिया है। मैं उन सबका तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं। जनता ने जो फैसला सुनाया है, उसका पूरा सम्मान करना मेरा फर्ज है। रिजल्ट इस बात की ओर संकेत कर रहा है कि धन बल के आगे जन बल की हार हो गयी है।
- बजरंग महतो, कांग्रेस।

## कैबिनेट की बैठक में नियोजन नीति में संशोधन को मंजूरी

# झारखंड से मैट्रिक और इंटर पास करने की बाध्यता खत्म

>> 37 प्रस्तावों की मिली मंजूरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गुरुवार को कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें 37 प्रस्तावों पर मुहर लगी। नियोजन नीति के लिए मैट्रिक और इंटर झारखंड से ही पास होने की बाध्यता को समाप्त करने की स्वीकृति दी गयी। कैबिनेट सचिव अजय कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि ओलंपिक खेलों में राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों के नगद पुरस्कार में बढ़ोतरी सहित 37 प्रस्तावों पर कैबिनेट ने मंजूरी दी है। झारखंड मंत्रालय में हुई बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री चंपई सोरेन, मंत्री जोबा मांझी, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, पेयजल स्वाच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर आदि उपस्थित थे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि मैट्रिक में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्रापत करने वालों को क्रमशः तीन लाख, दो लाख और एक लाख रुपये की राशि नकद दी जायेगी। इसके साथ लैपटॉप योजना का भी लाभ दिया जायेगा। राज्य में सबसे विवादित नियोजन नीति वाले विषय पर भी सरकार ने निर्णय लिया है। नियोजन नीति के संशोधन को मंजूरी देते हुए झारखंड से मैट्रिक और इंटर पास होने की बाध्यता को समाप्त कर दिया गया है। पहले सरकार ने यह नियम बनाया था कि नयी नियोजन नीति में नौकरी के लिए उन्हें ही मान्य माना जायेगा, जो मैट्रिक और इंटर की परीक्षा झारखंड से पास होंगे।

उन्होंने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा इंटरमीडिएट परीक्षा संचालन 2015 में संशोधन किया गया है। इसमें मैट्रिक और इंटर झारखंड के पास और स्थानीय रीति रिवाज की बाध्यता को ही खत्म करने को मंजूरी दे दी गयी है। 12 भाषाओं के अलावा हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत भी इसमें जोड़ा गया है और इस भाषा में बहुविकल्पी प्रश्न पूछे जायेंगे। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग स्नातक स्तरीय परीक्षा संचालन नियमावली 2015 के संशोधन को भी मंजूरी दे दी गयी है।

### इन प्रस्तावों को भी दी गयी मंजूरी



झारखंड दिव्यांग जन आरोग्य सुविधा में संशोधन को मंजूरी दी गयी। पानी में डूबने पर आपदा राहत के तहत सहायता राशि दी जायेगी। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अंशकालिक रूप से कार्यरत मोहम्मद नसरुद्दीन खान और कार्तिक माली की सेवा नियमित करने की मंजूरी दी गयी। झारखंड दिव्यांगजन नियमावली में संशोधन। जी-20 डेलीगेट्स को एयरपोर्ट पर लंच कराने के लिए होटल रेडिशन ब्लू को किया गया अधिकृत। झारखंड कराधान विधेयक 2018 को वापस लेने की स्वीकृति दी गयी। केंद्र प्रायोजित अटल अभियोदय योजना की स्वीकृति दी गयी। झारखंड औद्योगिक विवाद संशोधन विधेयक वापस लेने को स्वीकृति दी गयी है।

## नक्सलियों की गोलीबारी में दो मजदूर जख्मी

**रांची/मैक्लुस्कीगंज।** रांची के मैक्लुस्कीगंज में नक्सलियों ने गोलीबारी की। इसमें दो मजदूर जख्मी हो गये हैं। मजदूरों के पैर में गोली लगी है। दोनों का रिम्स में इलाज चल रहा है। घटना बुधवार रात की है। नक्सलियों ने गोलीबारी के बाद घटनास्थल पर पर्चा छोड़ कर पुलिस मुखबिरी बंद करने की चेतावनी दी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बुधवार देर रात मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के जोभिया में नक्सलियों ने धावा बोलकर राजन साहू के ईंट भट्ठा में गोलीबारी की। लातेहार जिले की जंगल की ओर से सात-आठ की संख्या में आये नक्सलियों का नेतृत्व एक वर्दीधारी कर रहा था। नक्सलियों ने आते ही कार्यरत मजदूरों से ईंट भट्ठा संचालक राजन साहू का मोबाइल नंबर मांगा। जब तक मजदूर कुछ समझ पाते, नक्सलियों ने गोली चला दी। गोलीबारी में मांडर निवासी राजकुमार (40 वर्ष) व लातेहार निवासी सोमरा उरांव (25 वर्ष) जख्मी हो गये।

मैक्लुस्कीगंज

### एक्ट्रेस सुष्मिता सेन को हार्ट अटैक, अब तबीयत बेहतर

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस सह पूर्व मिस यूनिवर्स सुष्मिता सेन ने हाल ही में एक पोस्ट शेयर कर बताया कि उन्हें दो दिन पहले हार्ट अटैक आया था। हालांकि अब उनकी तबीयत बेहतर है। दरअसल, सुष्मिता सेन ने हाल ही में अपने पिता सुबीर सेन के साथ इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है जिसमें उन्होंने लिखा- अपने दिल को मजबूत और खुशनुमा बनाये रखो, और ये तुम्हारे साथ हमेशा तुम्हारे बुरे दौर में खड़ा रहेगा।

# सरकार के ही मंत्री वेल में बैठ गये

■ सबूत मिलने पर सदन से इस्तीफे की पेशकश की, सीएम ने किया हस्तक्षेप

■ स्पीकर के आदेश पर आरोपों से संबंधित शब्द कार्यवाही से हटाये गये

उदय चौहान

**रांची।** झारखंड विधानसभा में हर दिन नया रिकार्ड बन रहा है। बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को सत्ता पक्ष के विधायक वेल पर पहुंच गये। दरअसल, पेयजल व स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर अपने भाई पर टेंडर मैनेज करने के आरोप से आहत होकर वेल पर बैठ गये थे। सत्ता पक्ष के विधायक भी श्री ठाकुर के समर्थन में वेल पर पहुंचे थे।

इससे पहले, भाजपा के वरिष्ठ विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने मंत्री के भाई पर टेंडर मैनेज करने का आरोप लगाया था। उन्होंने गुरुवार को प्रथम पाली में मंत्री मिथिलेश ठाकुर के भाई पर आरोप लगाते हुए कोयल नदी में नहर के टेंडर की कॉपी अपने गुर्गों के साथ जाकर फाड़ने की बात कही। इसके बाद तमतमाये मंत्री मिथिलेश ठाकुर वेल में जा पहुंचे। उन्होंने कहा कि आप जो आरोप लगा रहे हैं, उसका सबूत दीजिये, नहीं तो इस्तीफा दीजिये। यदि आप आरोपों के पक्ष में सबूत देते हैं, तो मैं विधायकी से इस्तीफा दे दूंगा। इस दौरान मंत्री मिथिलेश ठाकुर वेल में ही बैठे रहे। इसके बाद सत्ता पक्ष के कई विधायक वेल में जाकर हंगामा करने लगे। हंगामा बढ़ता देख स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने विपक्षी सदस्य को चुनौती स्वीकारने को कहा। हालांकि, विपक्षी पार्टी के सदस्य मंत्री की चुनौती स्वीकार करने से कतरा गये।

(शेष पेज 11 पर)

### 4546 करोड़ का तीसरा अनुपूरक बजट पारित

**रांची।** सरकार का इस साल का तीसरा 4546.27 करोड़ का अनुपूरक बजट सदन से पास हो गया है। विपक्ष ने अनुदान मांग का विरोध किया। भाजपा विधायक अमर बाउरी ने कटौती प्रस्ताव वापस लेने से इनकार किया, जबकि सत्ता पक्ष ने इसका समर्थन किया। विपक्ष का कटौती प्रस्ताव खारिज हो गया। बहुमत के आधार पर अनुपूरक बजट पास हो गया। वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने इसे जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि इस साल अब तक 68.73 प्रतिशत खर्च किया जा चुका है। इसके बाद सदन की कार्यवाही शुक्रवार सुबह तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

### झारखंड का बजट आज

**रांची।** हेमंत सरकार का चौथा बजट शुक्रवार को सदन में पेश किया जायेगा। यह बजट वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव पेश करेंगे। इसकी पूरी तैयारी कर ली गयी है। मालूम हो कि डॉ उरांव लगातार चौथी बार झारखंड बजट पेश करेंगे। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर बजट का जोर होने की संभावना है।




## जी-20 देश के सदस्य, आमंत्रित अतिथि और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों ने लिया भाग

# रांची में सतत ऊर्जा सामग्री पर गहन मंथन

### जी-20 बैठक

■ भारत के पास विशाल खनिज संपदा, निरंतर उपयोग की जरूरत : डॉ श्रीवरी चंद्रशेखर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारत की अध्यक्षता में जी-20 समिट के तहत गुरुवार को रांची के होटल रेडिशन ब्लू में रिसर्च एंड इनोवेशन इनिशिएटिव गैदरिंग (आरआइआइजी) के सतत ऊर्जा के लिए सामग्री पर अनुसंधान और नवाचार पर पहल का दो दिवसीय सम्मेलन शुरू हुआ। सम्मेलन में 16 जी-20 सदस्यों, आमंत्रित अतिथि देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के 21 विदेशी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन में लगभग 40 भारतीय विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। आरआइआइजी अध्यक्ष डॉ श्रीवरी चंद्रशेखर ने जी-20 प्रतिनिधियों और विशेष आमंत्रितों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत सहित कई जी-20 देशों के पास विशाल खनिज और सामग्री संपदा हैं, जिसका हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निरंतर उपयोग करने की आवश्यकता है। (शेष पेज 11 पर)



### आज जायेंगे पतरातू लेक रिजॉर्ट

जी-20 बैठक में आये सभी गणमान्य 3 मार्च को पतरातू लेक रिजॉर्ट जायेंगे। वे वहां दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करेंगे। वे पतरातू में ही दोपहर का भोजन भी करेंगे।

### हमारा एक वैश्विक भविष्य हो सके

डॉ कलईसेल्वी ने कहा कि भारत की अध्यक्षता के तहत जी-20 की थीम वसुधैव कुटुंबकम या एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य एक तरह से आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। पूरी दुनिया एक साथ आये और स्थायी ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करे, ताकि शुद्ध शून्य उत्सर्जन (जीरो कार्बन) के साथ हमारा एक अच्छा वैश्विक भविष्य हो सके। उन्होंने जी-20 देशों से टिकाऊ ऊर्जा भंडारण, वितरण और प्रबंधन के क्षेत्रों में अनुसंधान और तकनीकी समाधान विकसित करने के लिए हाथ मिलाने का आह्वान किया।



रांची के रेडिशन ब्लू होटल में भारत सरकार की अध्यक्षता में आयोजित जी-20 की बैठक के दौरान भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## राजीव कुमार की डिस्चार्ज पिटीशन पर होली बाद सुनवाई

**रांची।** कोलकाता कैश कांड में दर्ज मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी वकील राजीव कुमार एवं कोलकाता के कारोबारी अमित कुमार अग्रवाल की ओर से दाखिल डिस्चार्ज अर्जी पर होली बाद सुनवाई होगी। ईडी कोर्ट ने दोनों की अर्जी पर सुनवाई की अगली तारीख 10 मार्च निर्धारित की है। गुरुवार को दोनों की डिस्चार्ज अर्जी पर सुनवाई की तारीख निर्धारित थी। मामले के आरोपियों को ईडी ने पुलिस पेपर सौंप दिया है।

मामले में अब आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई होनी है लेकिन सुनवाई से पूर्व राजीव कुमार एवं अमित कुमार अग्रवाल ने मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुए आरोप मुक्त करने की मांग करते हुए डिस्चार्ज अर्जी दाखिल की। जिस पर सुनवाई लंबित है।


**कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)**
Email: - nphussainabad@gmail.com

**शुद्धि पत्र**

हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत Urban Health and Wellness Center (UHWC) हेतु सामग्री क्रय हेतु निविदा/कोटेशन सूचना सं0 – 03/2022–23 जिसका PR NO. 291539 District(22-23):D है। निविदा/कोटेशन जमा करने की तिथि 04.03.2023 के स्थान पर 14.03.2023 पढ़ा जाय। बाकि शेश नियम एवं शर्त यथावत् रहेगी।

कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR291702 (District)22-23*D



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, हजारीबाग**
नया समाहरणालय भवन, Ground Floor (B-002), हजारीबाग -825301
Email Id - ssa_hazaribagh@rediffmail.com

**क0गां0बा0वि0 में पूर्णकालिक शिक्षिका एवं शारीरिक शिक्षिका के आवेदन पर आपत्ति हेतु विज्ञापन**

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में पूर्णकालिक गणित, भाषा, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं शारीरिक शिक्षिका के पद पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित किये गये विज्ञापन के आलोक में प्राप्त आवेदन की कम्प्यूटर में प्रविष्टि के उपरांत त्रुटियों को अभ्युक्ति में अंकित करते हुए जिला के वेबसाईट www.hazaribag.nic.in पर प्रदर्शित किया गया है।

यदि किन्ही को किसी प्रविष्टि/अभ्युक्ति पर आपत्ति है, तो वे जिला कार्यालय को डाक के माध्यम से अथवा हाथों–हाथ साक्ष्य सहित दिनांक–13.03.2023 तक आवश्यक रूप से सूचित करेंगे।

ह./–
जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
समग्र शिक्षा अभियान, हजारीबाग

PR 291687 School Education and Literacy(22-23).D



**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

ई-निविदा सूचना सं.: एम-24-वीईएच-आर2-एसएजी-आरएनसी-21, दिनांक: 02.03.2023; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम:** तीन वर्षों की अवधि के लिए निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागों की ड्यूटी पर दौरा करने वाले संगकर तथा उससे ऊपर के अधिकारियों के प्रयोग के लिए वातानुकूलित वाहन (प्रीमियम एसयूवी/एमयूवी) तथा एस्कॉर्टिंग के लिए गैर-वातानुकूलित वाहन (एसयूवी) किराए पर लेना। **कार्य की अनुमानित लागत (जीएसटी सहित):** रु. 26,16,803.70; **बयाना राशि:** रु. 52,300; **ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 23.03.2023 को अपराह्न 03.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण एवं ब्यौरा: www.ireps.gov.in.** (PR-1179)



**कार्यालय, कार्यपालक अभियंता, एन० आर० ई० पी०, सिमडेगा**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**अतिअल्पकालीन निविदा संख्या – 04/2022-23**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, एन0 आर0 ई0 पी0, सिमडेगा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक – 10-03-2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 11-03-2023 को 2.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 11-03-2023 को 2.30 बजे अपराह्न में
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : कार्यपालक अभियंता एन0 आर0 ई0 पी0 सिमडेगा।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : कार्यपालक अभियंता एन0 आर0 ई0 पी0 सिमडेगा।
7. कार्य का विवरण :

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्यादेश की तिथि से कार्य समाप्ति की सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Renovation of PHC Lachragarh & Aidega | कोलेबिरा | 10,00,000.00 | 20000.00 | 1250.00 | 20 days |

8. निविदा की शर्ते www.jharkhand.gov.in में एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
एन0 आर0 ई0 पी0, सिमडेगा

PR 291744 NREP(22-23).D



**झारखण्ड सरकार,**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**सचिव सह प्राचार्य का कार्यालय, IMC औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जमशेदपुर**

**अनुबंध पर नियुक्ति हेतु सूचना**

एतद् द्वारा सुचित किया जाता है कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जमशेदपुर में Smartphone Technician cum App tester व्यवसाय के लिए छः माह के अनुबंध पर बहाली हेतु प्रशिक्षण प्रदाता की आवश्यकता है। जिसके लिए विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किया जाता है। अतः ईच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन विहित प्रपत्र में भरकर दिनांकः– 15.03.2023 तक संस्थान कार्यालय में हाथों–हाथ अथवा निबंधित/साधारण डाक द्वारा संध्या 05:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। उम्मीदवार का चयन IMC की बैठक में IMC के सदस्यों द्वारा की जायेगी। चयनित प्रशिक्षण प्रदाता को प्रतिमाह रू0 14000.00 मानदेय के रूप में देय होगा। यह नियुक्ति पुर्णतया अस्थायी एवं अनुबंध के आधार पर होगी। जिसकी विवरणी निम्न है।

आवश्यक शर्तेः–

| Sl No. | Terms | Required | Remarks |
|---|---|---|---|
| 1 | Age | 21 to 35 Years | |
| 2 | Academic Qualification | 10th Pass | |
| 3 | Technical Qualification | B. Voc. /Degree in Electronics/ Electronics & Telecommunication /Electronics and Communication Engg. From AICTE/UGC recognized Engineering collage/University with one year experience in the relevant field. OR Three year Diploma in Electronics/ Electronics & Telecommunication /Electronics and Communication from AICTE/recognized board of technical education or relevant advance diploma (Vocational from DGT with two years experience in the relevant field. OR NTC/NAC passed in the trade of Smartphone Technician cum App tester with tree year experience in the relevant field. | |
| 4 | Essential Qualification | Relevant National Craft Instructor Certificate. | |
| 5 | Residential | Jharkhand State Only | |
| 6 | Service Term | Only Six Month (May be renewed after completion of term). | |

इच्छुक उम्मीदवार 'विहित आवेदन प्रपत्र' में आई0 एम0 सी0 आई0 टी0 आई0, जमशेदपुर के कार्यालय में दिनांकः–15.03.2023 तक सभी कार्यदिवसों में जमा कर सकते हैं।

सचिव सह प्राचार्य,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बर्माmाइन्स, जमशेदपुर

PR 291677 (Labour Employment and Traning)22-23*D



**प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू का कार्यालय पलामू**

**पुर्न अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना (NIT)**
**निविदा संख्या– 06/2022–23**

मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू के लिए चालु वर्ष 2022–23 में प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू के लिये विभागीय वाहन (वातानुकुलित बोलेरो) हेतु इच्छुक ट्रेवल ऐजेन्सी/फर्म से निविदा दिनांक 04.03.2023 के अपराह्न 12:30 बजे से आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राचार्य, मेदिनराय मेडिकल कॉलेज, पलामू के लिये वाहन (वातानुकुलित बोलेरो) |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 04.03.2023, समय 03 PM |
| 3 | निविदा खोलने का तिथि, समय एवं स्थल | 21.03.2023 को प्राचार्य, कार्यालय प्रकोष्ठ, 12.30 P.M |
| 4 | अग्रधन की राशि जो प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू के नाम से देय होगा। | 20000.00(बीस हजार) रू0 Refundable |
| | निविदा शुल्क जो प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू के नाम से देय होगा | 1000.00(एक हजार) रू0 Non-Refundable |
| 5 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू पोखराहा, पलामू (झारखण्ड) 822118 |
| 6 | हेल्पलाइन (ई0–निविदा से संबंधित जानकारी के लिये) मोबाईल नं0 | 9110199662 |
| 7 | DD /( Hard Copy) कार्यालय में स्पीड पोस्ट अथवा रजि0 पोस्ट से जमा करने की अंतिम तिथि | 20.03.2023 5:00 P.M तक |

01. निविदा शुल्क जमा कर निविदा का शर्ते आदि कार्यालय अवधि में प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू से प्राप्त किया जा सकता है।
02. उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदा, क्रयसमिति द्वारा तकनीकी भाग खोलते समय निविदाकर्त्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदाओं के तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।

प्राचार्य
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू

PR 291675 District(22-23).D



**समाहरणालय, चतरा**
**(पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**
sport.chatra@gmail.com

**विज्ञापन**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि चतरा जिलान्तर्गत निम्नलिखित प्रस्तावित क्रीड़ा क्रीसलय केन्द्र हेतु प्रशिक्षक, सुरक्षा प्रहरी एवं सफाई कर्मी पद पर अस्थायी नियुक्ति (दैनिक पारिश्रमिक अथवा विभाग द्वारा अनुमादित मानदेय पर) हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

| क्रमांक | स्थान | पदनाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 01 | इंडोर स्टेडियम, चतरा एवं जलछाजन भवन, चतरा | बेडमिंटन प्रशिक्षक | 01 |
| | | टेबल टेनिस प्रशिक्षक | 01 |
| | | सुरक्षा प्रहरी | 04 |
| | | सफाई कर्मी | 04 |

**खेल प्रशिक्षक हेतु योग्यता :–**
1. शैक्षणिक योग्यता :– इंटर पास या समकक्ष।
2. खेल उपलब्धि :– संबंधित खेल में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया हो अथवा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता/अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता में भागीदारी के साथ 6(छः) सप्ताह एन0आई0एस0 सर्टिफिकेट कोर्स/एम0पी0एड0/बी0पी0एड0/बी0पी0ई0 अहर्त्ताधारी को प्राथमिकता दी जायेगी।
3. उम्र सीमा:– 18 से 35 वर्ष (अ0जा0, अ0ज0जा0 एवं अत्यंत पि0 वर्ग के 18 से 40 वर्ष)
4. प्राथमिकता :– आवेदक को झारखण्ड राज्य का निवासी होना अनिवार्य है।

**सुरक्षा प्रहरी एवं सफाई कर्मी हेतु योग्यता :–**
1. शैक्षणिक योग्यता :– न्युनतम दसवीं पास या समकक्ष।
2. प्राथमिकता :– आवेदक को झारखण्ड राज्य का निवासी होना अनिवार्य है तथा भुतपूर्व खिलाड़ी(किसी भी खेल) को प्राथमिकता दी जायेगी।

नोट :– 1. आवेदन पत्र के साथ सभी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
2. अधिक जानकारी हेतु समाहरणालय स्थित जिला खेल कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।
3. इच्छुक आवेदक दिनांक 13.03.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक अपना आवेदन पत्र समाहरणालय स्थित जिला खेल कार्यालय, चतरा में जमा करेंगे।
4. **उक्त विज्ञापन में किसी तरह का संशोधन या रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।**

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी, चतरा

PR 291674 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (22-23)#D


## आजसू ने विकास आधारित राजनीति पेश कर गठबंधन सरकार को चुनौती दी

# रामगढ़ विस उपचुनाव, जनता ने विकास की राजनीति को किया स्वीकार : सुदेश महतो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने रामगढ़ उपचुनाव में पार्टी उम्मीदवार सुनिता चौधरी की शानदार जीत पर विधानसभा क्षेत्र की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया है। रामगढ़ उपचुनाव की कमान संभाल रहे पार्टी प्रमुख ने जीत पर पहली प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि उपचुनाव का नतीजा 2024 में होने वाले आम चुनाव और विधानसभा चुनाव को भी प्रभावित करेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव में सत्तारूढ़ दलों ने भावनात्मक लहर पैदा करने की कोशिशें की और झूठ परोसते रहे। जबकि आजसू रामगढ़ और राज्य के हितों की बात करती रही।



श्री महतो ने पूरे उपचुनाव में प्रचार से लेकर रणनीति तर खुले दिल से भाजपा का साथ मिलने पर भी आभार प्रकट किया है। उन्होंने यह भी कहा कि आजसू के कार्यकर्ताओं और खासकर चूल्हा प्रमुखों ने जवाबदेह राजनीति और निचले स्तर पर घर-घर जनता से सीधे जुड़ाव के डिजाइन/फामूर्ले पर काम कर इस उपचुनाव के जरिए हेमंत सोरेन सरकार को करारा जवाब दिया है।

### हार स्वीकार है : ठाकुर



रामगढ़ उपचुनाव में हार को प्रदेश कांग्रेस ने स्वीकार किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का निर्णय सर्वोपरि होता है। हार हुई है तो कार्यकर्ताओं से राय विचार कर हार के कारणों को समझना होगा। हार से सीख लेने की जरूरत है।

### एनडीए की जीत ने भाजपा की समावेशी राजनीति पर लगायी मुहर : अन्नपूर्णा देवी

**रांची।** केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी की प्रचंड जीत ने भाजपा की समावेशी राजनीति पर मुहर लगाई है। झारखंड की सत्ता पर काबिज कांग्रेस, झामुमो, राजद गठबंधन की जनविरोधी के खिलाफ जनता में अत्यधिक आक्रोश है। उन्होंने रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में विराट विजय के लिए भाजपा, आजसू एवं अन्य सहयोगी दलों को बधाई दी और क्षेत्र के मतदाताओं के प्रति आभार प्रकट किया है।

### रामगढ़ विस की जीत पर मतदाताओं और कार्यकर्ताओं को बधाई : रघुवर दास

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने रामगढ़ उपचुनाव की जीत के लिए मतदाताओं, जुझारू कार्यकर्ताओं का हार्दिक अभिवादन किया है। उन्होंने कहा कि आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी की यह प्रचंड विजय राज्य की भ्रष्ट और निकम्मी सरकार की विदाई की शुरूआत है। युवा, महिला, किसान, मजदूर, आदिवासी, पिछड़े, वंचितों को धोखा देनेवालों को यह जनता का जवाब है। इधर, सांसद संजय सेठ ने कहा है कि भ्रष्टाचार में लिप्त सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गयी है। उन्होंने एनडीए के प्रत्याशी के प्रचंड जीत पर बधाई दी है।

# गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने बेरमो को जिला बनाने की मांग की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आजसू विधायक डॉ लंबोदर महतो ने गुरूवार को सदन में बेरमो अनुमंडल को जिला बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि साल 1971 में यह गिरिडीह से अलग होकर अनुमंडल बना। यह क्षेत्र जिला बनने की तमाम अर्हता पूरा करता है। इसे जिला बनाना चाहिए। यहां सात प्रखंड, 15 थाना, छह ओपी, व्यवहार न्यायालय के साथ इसकी जनसंख्या लगभग 15 लाख है।



**राज सिन्हा ने पेट्रोल सब्सिडी योजना को बताया फेल :** भाजपा विधायक राज सिन्हा ने सरकार की पेट्रोल योजना को फेल बताया। उन्होंने गुरूवार को सदन में कहा कि इस योजना के लिए अलग से बजट अलॉट किया गया था। फिर भी इसका लाभ लोग नहीं ले पा रहे हैं। सरकार बताये कि ऐसा क्यों हुआ। इसके जवाब में वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि शुरूआत में एक लाख से अधिक लोगों ने लाभ लिया। अब यह घटकर 53 हजार हो गया है। राशन कार्ड कैंसल कर दिया जायेगा, ऐसा बता कर लोगों को गुमराह किया गया। इसके अतिरिक्त प्रज्ञा केंद्र में आवेदन करना होता है। सरकार इसमें बदलाव कर रही है। अब राशन दुकान की पॉश मशीन से अंगूठा लगाकर आवेदन देंगे। सत्र खत्म होने के बाद इस योजना का प्रचार प्रसार होगा। राशन कार्ड रद्द करने की बात को समझाया जायेगा। लाभ नहीं लेने की दूसरी वजह यह है कि बहुत लोग सेकेंड हैंड बाइक लेते हैं, गाड़ी तो ले लेते हैं पर ऑनरशिप नहीं होता है। इसके लिए डीटीओ को चिट्ठी लिखी गयी है कि लाइसेंस और ऑनरशिप की प्रक्रिया जल्द शुरू करें।

इस पर राज सिन्हा ने कहा कि इस योजना का तकनीकी पहलू को सुधारने की जरूरत है। सरकार क्या वैट कम करेगी। इसके जवाब में वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि भारत सरकार जो एक्साइज ड्यूटी लगाती है, वह 30 परसेंट होता है। झारखंड सरकार ने 22 प्रतिशत ही वैट रखा है।

## डीलरों की मृत्यु पर आश्रितों को लाइसेंस देने के लिए विचार करेगी राज्य सरकार

**बजट सत्र का चौथा दिन**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि 60 वर्ष के बाद जन वितरण प्रणाली के डीलरों की मृत्यु के बाद उनके आश्रितों को लाइसेंस देने पर राज्य सरकार विचार करेगी। डॉ उरांव गुरूवार को विधायक रामदास सोरेन के सवाल पर जवाब दे रहे थे। हालांकि, उन्होंने कहा कि यह अनुवांशिक व्यवस्था हो जायेगी। जो ठीक नहीं है। राज्य सरकार कॉमन सर्विस सेंटर और सेल्फ हेल्प ग्रुप के जरिये इसे आगे बढाने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि नियम यह है कि 18 साल से ऊपर वालों को लाइसेंस दिया जाता है, वो कबतक काम करेंगे, इसकी कोई उम्र सीमा नहीं है। जबतक सक्षम रहते हैं, काम करते हैं। लेकिन, 60 वर्ष के अंदर मृत्यु होने पर विभाग उनके आश्रितों को लाइसेंस देती है। इस पर विधायक प्रदीप यादव और मथुरा महतो ने आग्रह किया कि 60 वर्ष के बाद तक काम करने वाले डीलर की मृत्यु से आश्रितों को लाइसेंस दिया जा सकता है। दरअसल, झामुमो विधायक रामदास सोरेन ने सरकार से यह पूछा था कि क्या सरकार 60 वर्ष के बाद तक काम करने वालों के आश्रितों को लाइसेंस देने का विचार है। इसी पर प्रदीप यादव ने कहा कि जब 60 वर्ष के बाद भी काम कर सकते हैं तो उनके आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर लाइसेंस क्यों नहीं दिया जा सकता है।



## मनी लांड्रिंग : पूजा सिंघल मामले में अब आरोप गठन आज

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल समेत अन्य दो आरोपियों के आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई आज होगी। गुरुवार को आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई की तारीख निर्धारित थी लेकिन बचाव पक्ष की ओर से समय की मांग की गई। इससे पूर्व अंतरिम जमानत पर चल रही पूजा सिंघल गुरुवार को भी ईडी कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर हाजिरी लगाई। साथ मामले में जेल में बंद सीए सुमन कुमारए तत्कालीन कार्यपालक अभियंता शशि प्रकाश एवं बर्खास्त कनीय अभियंता राम बिनोद प्रसाद सिन्हा की वीसी से पेशी की गई। बता दें कि पूजा सिंघल बीते 13 फरवरी को अंतरिम जमानत की सुविधा मिलने के बाद बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार से दोबारा बाहर निकली है। पूजा सिंघल मनी लाउंड्रिंग मामले में अब तक 249 दिनों तक जेल में रही है।

## खबर एक नजर में

### अभिषेक झा की अग्रिम बेल पर हाइकोर्ट में सुनवाई, इडी ने जवाब के लिए मांगा समय

**रांची।** निलंबित आइएएस पुजा सिंघल के पति अभिषेक झा की अग्रिम जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया गया। जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 24 अप्रैल की तारीख मुकर्रर की है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में अभिषेक झा की याचिका पर सुनवाई हुई। अभिषेक झा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग केस में एऊकोर्ट ने सम्मन जारी किया है। जिसके बाद अभिषेक पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। अपने अधिवक्ता के माध्यम से उन्होंने हाईकोर्ट में एंटीसेपेट्री बेल एप्लिकेशन दाखिल की है। अभिषेक झा की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, विभास सिन्हा और स्नेह सिंह ने पक्ष रखा। इससे पहले 5 नवंबर को अभिषेक झा की अग्रिम जमानत याचिका को रांची एऊकी कोर्ट ने खारिज कर दिया था। मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े केस में अभिषेक झा आरोपी हैं। उनके विरुद्ध इडी कोर्ट से समन जारी हुआ है। इडी कोर्ट से अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद अभिषेक झा पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है।

### असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति नियमावली मामले में विस्तृत सुनवाई 6 अप्रैल को

**रांची।** राज्य के विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति नियमावली को चुनौती देने वाली तस्लीम आरिफ की याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने विस्तृत सुनवाई के लिए 6 अप्रैल की तिथि निर्धारित की। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति नियमावली जो वर्ष 2017-18 में झारखंड सरकार के द्वारा बनाई गई है, वह गलत है। राज्य सरकार को असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए नियमावली बनाने का अधिकार नहीं है, यह अधिकार यूनिवर्सिटी के पास है। इसलिए राज्य सरकार द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए बनाए गए नियमावली को निरस्त किया जाए। वही मामले में जेपीएससी की ओर से कोर्ट को बताया गया सरकार ने असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए नियमावली बनाई है। इसी के आधार पर असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति प्रक्रिया में जेपीएससी आगे बढ़ रहा है। जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने पैरवी की।

### जैक और मांडर कॉलेज को हाइकोर्ट का निर्देश, कहा- छात्रों को जारी करें एडमिट कार्ड

**कॉलेज पर 50 हजार जुर्माना भी**

**रांची।** एडमिट कार्ड दिए जाने की मांग को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश शंकर की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने मांडर इंटर कॉलेज पर पचास हजार रुपये का जुर्माना लगाया। साथ ही जैक और कॉलेज को यह निर्देश दिया है कि जिन छात्रों का एडमिट कार्ड जारी नहीं किया गया है, उन्हें एडमिट कार्ड दिया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि एडमिट कार्ड के अभाव में बच्चों की परीक्षा न छूटे। बता दें कि झारखंड में इंटर की परीक्षा 14 मार्च से शुरू होनी है। लेकिन मांडर इंटर कॉलेज के आधा दर्जन छात्र-छात्राओं को कॉलेज ने अब तक एडमिट कार्ड नहीं दिया है। जिसे लेकर झारखंड हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि कॉलेज प्रबंधन के द्वारा छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। प्रार्थी छात्रों की ओर से अधिवक्ता कुमार हर्ष और अधिवक्ता सूरज किशोर प्रसाद ने पक्ष रखा। इस संबंध में हिमा देवी एवं अन्य ने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

# रामगढ़ फतह से एनडीए में बढ़ा सुदेश का कद

**प्रभात सिंह**

**रांची।** रामगढ़ उप-चुनाव में आजसू पार्टी एनडीए ने यूपीए गठबंधन को शिकस्त दी है। आजसू-भाजपा को मिली शानदार जीत ने यूपीए शासन को बैकफुट पर खड़ा कर दिया है। रामगढ़ उप चुनाव की लड़ाई झारखंड के दो नामधारी पार्टियों के नेतृत्व के बीच की लड़ाई बन गयी थी। एक का नेतृत्व मुख्यमंत्री हेमंत सरकार तो दूसरे का आजसू पार्टी के सुप्रीमो और राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो कर रहे थे। दोनों दलों के नीतियों की लड़ाई थी। रामगढ़ की जनता ने आजसू पार्टी एनडीए की नीतियों को पसंद किया और दिखा दिया कि झारखंड में आगामी 2024 में होनेवाले आमचुनाव में एनडीए का भविष्य है। रामगढ़ की जनता ने झारखंड प्रदेश में आजसू प्रमुख सुदेश महतो की कद बढ़ा दिया। रामगढ़ में सरकार की 1932 का खतियान नीति, नियोजन नीति और दूसरे कई निर्णय को जनता ने सिरे से नाकारने का काम किया। सरकार के नीतियों को गलत साबित करने में आजसू और भाजपा सफल रहे, नतीजा जनता ने एनडीए के पक्ष में फैसला दिया।



### चूल्हा प्रमुखों ने रामगढ़ में यूपीए का किला ढहाया

सुदेश महतो ने रामगढ़ में जो मेहनत की उसका प्रतिफल बड़ी जीत के रूप में मिला। श्री महतो रामगढ़ में सात जनवरी से चूल्हा प्रमुख को सजाने में जूट गये थे। प्रत्येक चूल्हा प्रमुख की जिम्मेवारी 10 घर-परिवारों की थी। इस तरह से रामगढ़ विधानसभा में 12 हजार के करीब चूल्हा प्रमुखों को तैयार कर एक लाख 20 हजार घरों तक पहुंचने में सफलता दर्ज की। यही चूल्हा प्रमुखों ने रामगढ़ में यूपीए की किला को फतह कर दिया। इसके अलावा प्रत्येक गांव में ग्राम प्रमुख और पंचायत में पंचायत प्रमुख बनाये गये। आजसू की चूल्हा प्रमुखों को हेमंत सोरेन ने चूल्ला मुर्ख बोलकर अपने भाषण में संबोधित किया था। इसे लेकर भी चूल्हा प्रमुखों में भारी आक्रोश देखा गया, जो उन्हें एकजुट बनाये रखा। चूल्हा प्रमुख विशेषकर महिलाओं ने इसका करारा जवाब देने का काम किया।

### सुदेश ने की 70 सभा और रैलियां

सुदेश महतो ने रामगढ़ उप चुनाव में 70 से अधिक सभाएं और रैलियां की। दिन-रात जनता के बीच रहे। अपने संगठन को धारदार बनाने का काम किया। पुरानी गलतियों के लिए जनता से क्षमा भी मांगी। उन्होंने रामगढ़ में विकास की जो उनकी पार्टी की अवधारणा थी, उसे पुनर्जीवित करने का काम किया। उन्होंने रामगढ़ में महिलाओं और युवाओं से नये चेहरे निकालकर उसे तराशा। इस तरह सुदेश महतो ने रामगढ़ जीत को बड़ी जीत में तब्दील कर राज्य में न सिर्फ अपनी पार्टी आजसू को बल्कि भाजपा को भी 2024 के आमचुनाव के लिए संजीवनी प्रदान करने का काम किया।

### रामगढ़ जीत के मायने : आजसू और भाजपा की दोबारा सत्ता में आने के आसार को मिली ताकत

रामगढ़ जीत के कई मायने निकाले जा रहे हैं। रामगढ़ की जनता ने राज्य में यूपीए की सरकार को झटका दिया। आजसू और भाजपा की दोबारा सत्ता में आने के आसार को ताकत दिया है। साथ ही यह जीत पूरे प्रदेश में एनडीए के पक्ष में लहर बनाने का काम करेगा। एनडीए कैडर को इससे ताकत मिलेगी। भाजपा और आजसू के बीच विश्वास का वातावरण तैयार होगा। पिछले आमचुनाव 2019 में दोनों पाटियां अलग-अलग चुनाव लड़ी थी, जिसका परिणाम था कि एनडीए सता से दूर और यूपीए को पूर्ण बहुमत की सरकार बन गयी। इस बार दोनों पार्टियां साथ आयी हैं, तो रामगढ़ की तरह ही पूरे प्रदेश में इसका असर दिखेगा। बता दें कि 2019 लोकसभा चुनाव में भाजपा ने आजसू पार्टी को सहयोगी के रूप में साथ रखा था, उसका परिणाम 14 लोकसभा सीटों में 12 सीटों पर एनडीए के प्रत्याशियों को जीत मिली थी।

# नोएल एन टाटा ने कोविड वारियर पार्क और नेचर ट्रेल जनता को किया समर्पित

## टाटा स्टील ने अपने संस्थापक जेएन टाटा की 184वीं जयंती की पूर्व संध्या पर उन्हें दी श्रद्धांजलि


जुबिली पार्क में संस्थापक जेएन टाटा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते वाइस चेयरमैन नोएल एन टाटा।


सोनारी एयरपोर्ट पर वाइस चेयरमैन नोएल टाटा का गर्मजोशी से स्वागत टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन ने किया। साथ में वीपी चाणक्य चौधरी भी थे।


संस्थापक को जुबिली पार्क में श्रद्धा सुमन अर्पित करते टाटा स्टील के सीइओ टीवी नरेंद्रन।


संस्थापक को श्रद्धा सुमन अर्पित करती रुचि नरेंद्रन।

**संस्थापक दिवस पर भाग लेना हमेशा यादगार रहा : नोएल टाटा**

टाटा स्टील के वाइस चेयरमैन नोएल एन टाटा ने जुबिली पार्क में विद्युत सज्जा का उद्घाटन करने के पश्चात पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत की। टाटा ग्रुप का समृद्ध इतिहास है। मैं कई बार यहां आ चुका हूं। जब भी यहां आता हूं मुझे बहुत खुशी मिलती है। यहां आना हमेशा यादगार रहा है।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने गुरुवार को जुबली पार्क में अपने संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा को उनकी 184वीं जयंती की पूर्व संध्या पर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जमशेदपुर में विभिन्न परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया गया, जो इस शहर एवं इसके परिचालन स्थलों के प्रति समूह की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इस वर्ष के समारोह का विषय ग्रीनोवेशन-मेक टुमॉरो ग्रीन है। नोएल एन टाटा, वाइस चेयरमैन, टाटा स्टील ने जुबली पार्क में संस्थापक की प्रतिमा पर प्रकाश सज्जा का उद्घाटन टी वी नरेंद्रन, सीईओ एवं मैनेजिंग डाइरेक्टर, टाटा स्टील तथा कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया।

## जानिये क्या है अग्नि स्टील आर्ट स्ट्रकच्र का महत्व


जुबिली पार्क में अग्नि स्टील स्ट्रक्चर का उद्घाटन करने के बाद नोएल एन टाटा।

टाटा स्टील के वाइस चेयरमैन ने जुबली पार्क के भीतर निर्मित शानदार 'अग्नि' संरचना का भी उद्घाटन किया। इस संरचना को धरती माता से उठने वाली एवं आकाश तक पहुंचने वाली ज्वाला के रूप में व्यक्त किया गया है। अग्नि भारतीय संस्कृति में कई चीजों जैसे पवित्रता, आध्यात्मिकता, ज्ञान और प्रभुत्व का प्रतीक है, जो सत्य के मार्ग की ओर ले जाती है। इस संरचना को दो भागों सब ग्राउंड स्ट्रक्चर (नींव) और सुपरस्ट्रक्चर (मूर्तिकला) में बांटा गया है। इस संरचना को टाटा स्ट्रक्चरा वाईएसटी 355 स्टील ट्यूब्स से बनाया गया है। स्टील एवं उसके अनुप्रयोगों की बहुआयामी उपयोगिता को साझा करने के लिए, टाटा स्टील ने स्टील स्ट्रक्चरल हॉलो सेक्शन का उपयोग करके अपनी रचनात्मकता को दशार्ने हेतु दुनिया भर के आर्किटेक्ट्स को एक मंच पर लाने के लिए एक वैश्विक डिजाइन प्रतियोगिता 'नोशन्स ऑफ इंडिया' की संकल्पना की। यह प्रतियोगिता टाटा स्ट्रक्चरा के समकालीन वास्तुशिल्प चमत्कारों और भविष्य के अभिनव समाधानों को सक्षम करने के मिशन को भी सुदृढ़ बनाती है। वर्ष 2021 में आयोजित इस प्रतियोगिता के दूसरे संस्करण में 'अग्नि' विजेता प्रविष्टियों में से एक थी, जिसमें 13 देशों के प्रतिभागियों से 5,200 से अधिक पंजीकरण हुए थे।

**कोविड वारियर पार्क के जरिए महामारी से लड़ने वाले योद्धाओं को किया नमन**


कोविड वारियर पार्क का उद्घाटन करते वाइस चेयरमैन नोएल एन टाटा।

नोएल एन टाटा ने जमशेदपुर के स्ट्रेट माइल रोड के किनारे कोविड वारियर पार्क का भी उद्घाटन किया। यह संरचना अग्रिम पंक्ति के वारियर्स के सर्वोच्च प्रयासों के प्रति समर्पित है जिन्होंने अपने जीवन का बलिदान करते हुए महामारी के दौरान सेवा की। टाटा स्टील ने फाइबर रिइंफोर्स्ड पॉलीमर (एफआरपी), जो कि इसका न्यू मैटेरियल बिजनेस है, का उपयोग कर डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, सुरक्षा कर्मियों एवं सफाई कर्मचारियों के पुतलों का निर्माण करने का निर्णय लिया, जिन्हें यहां प्रदर्शित किया गया है। इस पार्क को एक डॉक्टर, नर्स (स्वास्थ्य देखभाल कार्यकर्ता), पैरामेडिकल स्टाफ, सैनिटेशन वर्कर और सुरक्षा कर्मियों को कोविड वारियर के रूप में चित्रित करने वाले पांच केंद्रीय कला रूपों में डिजाइन किया गया है। इन कला रूपों का प्लेसमेंट एक पेंटागन के आकार में है, जिसमें पांच कोविड वारियर के ऊपर मध्य से तीन हाथों की मूर्ति है। तीन हाथों वाली केंद्रीय मूर्ति कोविड महामारी के खिलाफ समाज की रक्षा के लिए उनकी निस्वार्थ सेवाओं का प्रतीक है। इन कोविड वॉरियर आर्टफॉर्म को एफआरपी में 3 मीटर ऊंचे पुतलों के रूप में डिजाइन किया गया है, जबकि केंद्रीय मूर्ति 4.5 मीटर लंबी है। यह पार्क 2500 वर्ग मीटर में फैला हुआ है। यहां केंद्रीय मूर्तिकला में समाहित पांच दिशात्मक फुटपाथों की डिजाइन कोविड वारियर्स के महत्वपूर्ण योगदान को प्रकट करती है।

## 21 एकड़ में फैला है नेचर ट्रेल पार्क


नेचर ट्रेल पार्क का उद्घाटन करने के बाद नोएल टाटा,सीइओ टीवी नरेंद्रन,वीपी चाणक्य चौधरी, टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी, महासचिव सतीश सिंह व डिप्टी प्रेसिडेंट शैलेश सिंह।

इस साल स्टील सिटी में एक और महत्वपूर्ण योगदान नेचर ट्रेल है, जिसका उद्घाटन आज नोएल एन टाटा ने किया। जमशेदपुर में प्रकृति प्रेमियों के लिए लगभग 21 एकड़ की बंजर भूमि को जमशेदपुर नेचर ट्रेल में बदल दिया गया है। अपनी सस्टेनेबिलिटी पहल के हिस्से के रूप में, टाटा स्टील ने शहरी बंजर भूमि से शहरी वन अवधारणा की परिकल्पना की और दो साल की अवधि के भीतर इसे सफलतापूर्वक विकसित किया है। यह परियोजना जमशेदपुर में हरित आवरण को बढ़ाने, जमशेदपुर में पर्यावरण के अनुकूल आवास बनाने, प्राकृतिक जल निकायों एवं आर्द्रभूमि क्षेत्रों को पुनर्जीवित करने और सार्वजनिक खुले मनोरंजक स्थानों का निर्माण करके आवासीय क्षेत्रों में सौंदर्य में सुधार लाने के व्यापक उद्देश्यों के साथ तैयार की गई है। यह परियोजना देशी प्रजातियों एवं बांस के घने वृक्षारोपण तथा 21000 से अधिक पौधारोपण और असंख्य पारिस्थितिक तंत्रों से युक्त हरित आवरण के साथ लघु वन अवधारणा का परिचय देती है। जमशेदपुर नेचर ट्रेल डिजाइन को तीन परतों अर्थात, श्रीवन, महावन, तपोवन, जिनका प्राचीन काल में वन वर्गीकरण के क्षेत्र में काफी महत्व था, के रूप में विकसित किया गया है।


श्रद्धा सुमन अर्पित करते चाणक्य चौधरी।

**स्पीड न्यूज**

### एनडीए की जीत पीएम के कुशल नेतृत्व का कमाल : प्रो जटाशंकर पांडेय



जमशेदपुर। भाजपा प्रदेश के कार्य समिति सदस्य डॉ जटा शंकर पांडेय ने त्रिपुरा तथा नागालैंड में भाजपा के प्रचंड जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह भाजपा की नीतियों की जीत है तथा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व का परिणाम है। झारखंड की हेमंत सरकार अपना विश्वास खो चुकी है और नैतिकता आधर पर राज्य सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए।

### पूर्वोत्तर की जीत और रामगढ़ की जीत के लिए मतदाताओं को बधाई : प्रमोद मिश्रा



जमशेदपुर। देश के पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा, नागालैण्ड में भाजपा को मिली बम्पर जीत एवं झारखण्ड के रामगढ़ में हुए उपचुनाव में एनडीए के प्रत्याशी सुनीता चौधरी जी की प्रचंड जीत पर बारीडीह मंडल के मीडिया प्रभारी प्रमोद मिश्रा ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि रामगढ़ मे एनडीए की जीत पर सभी देवतुल्य मतदाताओं, जुझारु कार्यकर्त्ताओं का हार्दिक अभिनन्दन एवं आभार।

### श्री श्याम सेवा समिति की 50वां मासिक संकीर्तन संपन्न



**चांडिल।** श्री श्याम सेवा समिति चांडिल का 50 वा मासिक संकीर्तन चांडिल डैम रोड भगवान जालान के निवास स्थान में संपन्न हुई। संकीर्तन में बाहर से आए हुए कलाकारों ने बाबा श्री श्याम का भजन प्रस्तुत किए। कोलकाता से आए हुए किशन कुमार, सुमित्रा बनर्जी, पूजा शर्मा, एवं नीरज जालान में भजन प्रस्तुत किए। मासिक संस्कृत में जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पारडीह काली मंदिर के महंत विद्यानंद सरस्वती, एसडीपीओ संजय कुमार सिंह, भगवान जालान, बॉबी जालान, चंदन वर्मा, नवीन पसारी, बबलू जालान सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सुनीता चौधरी की जीत पर चांडिल में मना जश्न

**चांडिल।** गुरुवार को रामगढ़ उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के जीत पर एनडीए के नेता एवं कार्यकर्ताओं ने हरेलाल महतो के नेतृत्व में गाजे बाजे के साथ पूरे चांडिल में जुलूस निकाला एवं लोगों के बीच लड्डू बांटकर खुशी जाहिर किया।

## निशान यात्रा आज, महिलाओं ने मनाया मेहंदी उत्सव



जमशेदपुर। श्री श्याम बाल मंडल अंतर्गत श्री श्याम मासिक रात्रि निशान यात्रा समिति के तत्वावधान में प्रस्तावित श्री श्याम निशान यात्रा के एक दिन पूर्व मंडल की महिलाओं में मेहंदी उत्सव मनाया।इस संदर्भ में मंडल के अनिल मोदी ने बताया की निशान यात्रा को लेकर श्याम भक्तों विशेषकर महिलाओं में खासा उत्साह है।महिला श्रद्धालु अपने श्याम प्रभु को रिझाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती।श्याम प्रभु को रिझाने हेतु मंडल की महिलाओं ने आज बाबा श्याम के नाम की मेहंदी एक दूसरे के हाथों में लगाई और बाबा श्याम के चरणों में मेहंदी को समर्पित किया।उन्होंने बताया की निशान यात्रा की तैयारी में भी महिलाओं का विशेष योगदान होता है।बाबा को भोग लगाने हेतु ३६ व्यंजन महिलाएं अपने हाथों से घरों में तैयार करती है।इसमें बाबा को विशेष रूप से प्रिय चूरमा, दाल का सीरा, लापसी, गोंद का लड्डू,खीर, ग्वार फली, दिलखुसार, घेवर इत्यादि 36 व्यंजन तैयार किए जायेंगे जो बाबा को भोग लगाने के पश्चात भक्तो के बीच प्रसाद के रूप में वितरित किए जायेंगे।

## घाटशिला कालेज एवं टाटा स्टील फाउंडेशन के बीच हुआ एमओयू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला अन्तर्गत घाटशिला महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को विविध रोजगार का अवसर उपलब्ध करवाने हेतु घाटशिला महाविद्यालय एवं टाटा स्टील फाउंडेशन के मॉडल कैरियर सेंटर के बीच एमओयू किया गया । अनुबंध पत्र पर टाटा स्टील फाउंडेशन के मॉडल करियर सेंटर मैनेजर शिप्रा पाल एवं घाटशिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर के चौधरी ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किया। इस मौके पर टाटा स्टील फाउंडेशन के कम्युनिटी मोबिलाइजर एंड कौनसीलर कृशानु हांसदा व सॉफ्ट स्किल ट्रेनर एंड प्लेसमेंट ऑफिसर रोहित तिवारी तथा घाटशिला महाविद्यालय की ओर से नैक कोऑर्डिनेटर डॉ पी के गुप्ता, आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ नरेश कुमार, रूसा कोऑर्डिनेटर डॉ एस पी सिंह, प्लेसमेंट इंचार्ज डॉक्टर संदीप चंद्रा, कॉलेज के पीआरओ प्रोफेसर इंदल पासवान एवं प्रधान सहायक मनिंद्र मार्डी मुख्य रूप से उपस्थित थे। इससे पूर्व टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा महाविद्यालय के कमरा संख्या 24 में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया गया। इस मौके पर टाटा स्टील फाउंडेशन के काउंसलर कृशानु हांसदा एवं प्लेसमेंट ऑफिसर रोहित तिवारी ने छात्र-छात्राओं को रोजगार के अवसर के बारे में बताया तथा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने हेतु निर्देशित किया। प्राचार्य डॉ आर के चौधरी ने बताया कि इस एमओयू होने से टाटा स्टील फाउंडेशन के माडल कैरियर सेंटर के सहयोग से घाटशिला महाविद्यालय में रोजगार के अनेक अवसर छात्र-छात्राओं को प्राप्त होगा। प्लेसमेंट ड्राइव अभियान से टीसीएस, लायम ग्रुप, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड, क्लाइव कारपोरेशन सहित 15 से अधिक कंपनियों में रोजगार का अवसर प्राप्त हो सकेगा।


एमओयू के बाद दस्तावेज का आदान-प्रदान करते प्राचार्य आरके चौधरी व शिप्रा पाल।

## आजसू की नहीं, बल्कि रामगढ़ की जनता की जीत है : सहिस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में एनडीए गठबंधन से आजसू पार्टी की उम्मीदवार सुनीता चौधरी की प्रचंड जीत पर आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह के नेतृत्व में भाजपा और आजसु के नेताओं ने साकची गोल चक्कर प्रेस क्लब के समीप आतिशबाजी एवं लड्डु वितरण किया तथा होली खेला मौके पर पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कहा कि यह जीत रामगढ़ की जनता, आजसू, भाजपा के कार्यकर्ताओं की जीत है यह जीत 2024 के चुनाव का झांकी है पूरी पीकचर बाकी है कार्यक्रम मे पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा कि सरकार झारखंड मे लूट की सरकार चला रही हैं अपने वायदा मे विफल रहीं हैं। कार्यक्रम मे भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद भाजपा के वरीय नेता हरि किशोर तिवारी, अमर सिंह, लालचंद सिंह, सुमित शर्मा हिंदू जागरण मंच के बलबीर मंडल, आजसू जिला उपाध्यक्ष कमलेश दुबे, प्रमोद सिंह, प्रकाश विश्वकर्मा, अजय सिंह आदि मौजूद थे।

### टीएसपीडीएल में चार्टर ऑफ डिमांड तैयार करने को अध्यक्ष ने बनायी कमेटी

जमशेदपुर। टीएसडीपीएल कर्मचारियों का ग्रेड अक्टूबर 2023 में रिवीजन होना है जिसको लेकर यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडे ने चार्टर ऑफ डिमांड का निर्माण करने के लिए 6 यूनियन के सदस्यों को नामित किया है जिसमे संजीव कुमार सिंह, दिनेश कुमार, सचिदानंद, आर रवि, प्रमोद उपाध्याय, रंजन मिश्रा। यूनियन अध्यक्ष ने इन्हे जिम्मेवारी दी है की वर्तमान और भविष्य को ध्यान में रखते हुए चार्टर ऑफ डिमांड का निर्माण करे, पूर्व में 2017 में ग्रेड रिजिवजन किया गया था, दिनेश कुमार और सचिदानंद इस कमिटी में अनुभवी सदस्य के रूप में है पूर्व में भी दो चार्टर ऑफ डिमांड का निर्माण और दो ग्रेड रिजीवन कमिटी दोनो में इन दोनो ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, अध्यक्ष राकेश्वर पांडे ने कमिटी को निर्देशित किया है जल्द से जल्द चार्टर ऑफ डिमांड का निर्माण करे।

## कुख्यात कन्हैया सिंह आर्म्स के साथ गिरफ्तार


कन्हैया सिंह को प्रेस के सामने प्रस्तुत करते सीनियर एसपी प्रभात कुमार।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। कुख्यात गैंगस्टर व बागबेड़ा निवासी कन्हैया सिंह को पुलिस ने आर्म्स एवं दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह जानकारी सीनियर एसपी प्रभात कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। बता दें कि गत 28 जनवरी को जमशेदपुर पुलिस में जमशेदपुर सिविल कोर्ट के गेट नंबर 4 पर तलाशी के दौरान एक व्यक्ति को आर्म्स के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ाए व्यक्ति का नाम अंशु चौहान है जो बागबेड़ा के नाम ही अपराधी कन्हैया सिंह का सहयोगी है। जमशेदपुर के सीनियर एसपी प्रभात कुमार ने बताया हकीकत 28 जनवरी की दोपहर 2:35 पर जमशेदपुर कोर्ट के गेट नंबर चार पर सुरक्षाकर्मी तलाशी अभियान चला रहे थे तभी एक व्यक्ति तलाशी देने की बजाय भागने लगा सुरक्षाकर्मियों ने उसे दौड़ कर पीछा किया कुछ दूरी पर जाकर वह व्यक्ति ब्रैकेटिंग के पास गिर गया जिसे पकड़ लिया गया पकड़ा व्यक्ति अंशु चौहान के पास से तलाशी ली गई तो उसके पास से एक लोहे का देसी पिस्टल और 7 जिंदा गोली लोडेड पाया गया।

## पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा, नागालैंड एवं रामगढ़ उपचुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया विजयोत्सव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**जमशेदपुर।** पूर्वोत्तर भारत के 3 राज्य त्रिपुरा, नागालैंड और मेघालय में विधानसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं। त्रिपुरा में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में वापसी की है। तो वहीं, नागालैंड में बीजेपी एवं उसकी सहयोगी नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी प्रचंड बहुमत से सरकार बना रही है। इसके साथ ही, झारखंड के रामगढ़ उपचुनाव में एनडीए की प्रत्याशी सुनीता चौधरी को मिली बड़ी जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है। गुरुवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुँजन यादव के नेतृत्व में शहर के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने साकची स्थित जिला कार्यालय में जमकर अबीर-गुलाल उड़ाया। ढोल-नगाड़ों की धुन और जय श्री राम के नारों के बीच कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं शानदार आतिशबाजी कर जीत की खुशियां साझा की। इस दौरान ढोल-नगाड़ों की धुन पर कार्यकर्ताओं ने खुशी से झूमते हुए नृत्य किया। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष गुँजन यादव ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा और नागालैंड में भाजपा की प्रचंड जीत साबित करती है कि जनता का भाजपा की नीति और नियत के प्रति विश्वास गहरा हुआ है। झारखंड के रामगढ़ उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी को मिली बड़ी जीत लूट, झूठ और भ्रष्टाचार वाली तानाशाही हेमंत सरकार की विदाई की शुरूआत है। गुंजन यादव ने कहा कि आजसू पार्टी की सुनीता चौधरी को 21 हजार से अधिक मतों से विजयी मिलना साबित करता है कि राज्य की जनता झामुमो-कांग्रेस गठबंधन सरकार के वादाखिलाफी और तानाशाही रवैये से तंग आ चुकी है। इस अवसर पर भाजपा झारखंड प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता राजेश शुक्ल, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा, जटाशंकर पांडेय, बबुआ सिंह, जितेंद्र राय, मंजीत सिंह, प्रेम झा, धर्मेंद्र प्रसाद, अमित अग्रवाल, अजीत कालिंदी, कमलेश सिंह, सुरेश शर्मा, पवन सिंह, विनोद राय, अजय सिंह, अभिमन्यु सिंह चौहान, मिथिलेश साव, मोंटी अग्रवाल, हरेराम यादव, सुनील पांडेय, दिलीप पासवान, दीपक तिवारी, देवाशीष झा, एस कार्तिक समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

**खबर एक नजर में**

### रीगल स्कायर बिल्डिंग के बेसमेंट पार्किंग का निःशुल्क उपयोग करेंगे ग्राहक



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पदाधिकारी श्री संजय कुमार के द्वारा बिष्टुपुर थाना अंतर्गत रीगल स्क्वायर बिल्डिंग का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमे पाया गया कि दो पहिया एवं चार पहिया पार्किंग के लिए भवन के बेसमेंट में पर्याप्त संख्या में व्यवस्था है। परंतु भवन मालिक के द्वारा प्रवेश गेट को बंद कर बेसमेंट पार्किंग स्थल को अवरोध कर दिया गया। जिसके कारण उक्त परिसर में आने वाले ग्राहक मुख्य सड़क पर वाहन पार्किंग करने पर मजबूर हो रहे थे। उक्त भवन में रेस्टोरेंट, इलेक्ट्रॉनिक शोरूम, ज्वेलरी शोरूम, ओपन टेरेस बार एवं बैंक्वेट हॉल का संचालन किया जा रहा है। भवन मालिक को विशेष पदाधिकारी ने स्थल पर बुला कर कड़ा निर्देश देते हुए कहां कि इस प्रकार की पुनरावृति नहीं होनी चाहिए एवं बेसमेंट के पार्किंग सभी के लिए निःशुल्क होना चाहिए। आदेश की अवहेलना करने पर जुमार्ना वसूल करते हुए नियमानुसार करवाई की जाएगी।

### आज हर टाटा मोटर्स कर्मी पांच-पांच दीये जला कर देंगे टाटा को श्रद्धांजलि




जमशेदपुर। गुरुवार को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के प्रांगण में एक बैठक बुलाई गई। जिसमें 3 मार्च को होने वाली टाटा साहा की जयंती जो कि गत वर्ष से टेल्को कॉलोनी में एक प्रकाशोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इस बार भी इसे बेहतर तरीके से किये जाने के बारे में विचार विमर्श किया गया। अध्यक्ष गुरमीत सिंह और महामंत्री आर के सिंह ने सारे शहर वासियों से अनुरोध किया कि सभी अपने घर पे 5 दिए जला कर टाटा साहा के उपलधियों को सम्मान दे।

### प्रकाश सिंह बने करणी सेना परिवार के जिलाध्यक्ष



जमशेदपुर। क्षत्रिय करणी सेना परिवार द्वारा संघठन का विस्तारीकरण हेतु गुरुवार की शाम लिरसानगर में एक विशेष बैठक का आयोजन प्रकाश सिंह के नेतृत्व में किया गया। जहां प्रदेश अध्यक्ष ातिय सिंह ने नियुक्ति पत्र देकर प्रकाश सिंह को पूर्वी सिंहभूम जिला का जिशाध्यक्ष बनाया। जिलाध्यक्ष बने प्रकाश सिंह के साथ दर्जनों लोगों ने करणी सेना की सदस्यता ली। प्रकाश सिंह ने कहा कि संगठन व समाजहित में मिले नए जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ निभाएंगे साथ ही सर्वसमाज को साथ लेकर चलेंगे। मंच का संचालन हरि सिंह राजपूत ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद झारखंड प्रदेश अध्यक्ष ातिय सिंह, हरि सिंह राजपूत,रंजन सिंह, मोहित सिंह, रोहित सिंह व अन्य मौजूद थे ।

### टिनप्लेट वीआरएस कर्मचारी संघ ने सुरक्षाकर्मियों की बहाली का स्वागत किया

**जमशेदपुर।** गुरुवार को टिनप्लेट वीआरएस कर्मचारी मंच ने टिनप्लेट कंपनी के द्वारा अपने कर्मी पूत्रों के लिए जूनियर ट्रेनी सिक्युरिटी पद के लिए जो बहाली निकाली हैं। उसके लिए कंपनी प्रबंधन का आभार व्यक्त किया है। मंच के संरक्षक डॉ पवन पाण्डेय ने कंपनी प्रबंधन को पत्र लिखकर कहा है कि कंपनी के द्वारा यह सकारात्मक सोच के साथ पहल की गई है। इसका हम स्वागत करते हैं, लेकिन हमें यह उम्मीद थी कि टिनप्लेट कंपनी प्रबंधन अगर एक बहाली केवल और केवल अपने वीआरएस लिए हुए कर्मचारियों के पूत्रों के लिए बहाली निकालती तो वीआरएस कर्मचारियों के वर्षों से लंबित मामलों का सीधा सामाधान निकलता।और उनके जख्मों पर बहुत ही मरहम लगाने का कंपनी द्वारा काम होता। लेकिन फिर भी कंपनी की पहल अच्छी है इसका हम स्वागत करते हैं।हमारी मांग है कि बहाली के लिए आवेदन की तिथि 7 तारीख को बढाकर 15 तारीख कर दिया जाए।एवं अंको की बाध्यता को 5 प्रतिशत घटा दिया जाए। जिससे काफी कर्मचारियों के पूत्रों को परीक्षा में शामिल होने का अवसर मिलेगा और उन्हें परिक्षा मे शामिल होने से वंचित नहीं होना होगा।

## स्पीड न्यूज

### ग्रामीण क्षेत्रों में प्राइवेट स्कूल का खुलना विकास का प्रतीक : उमेश प्रसाद



मनातू पलामू। मनातू प्रखंड के 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष उमेश प्रसाद साहू ने मंझौली मेन रोड स्थित विद्या भारती पब्लिक स्कूल का पूजा अर्चना कर उदघाटन किया। मौके पर साहू ने कहा कि मझौली टेटर के स्थानीय बच्चों को पढ़ने के लिए दूर जाने की आवश्यकता नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्राइवेट स्कूल का खुलना विकास का प्रतीक है। अब मंझौली के ग्रामीणों को बच्चों को सीबीएसई की पढ़ाई की सुविधा की गई है और सभी विषय के शिक्षक उपलब्ध हैं। मौके पर मुखिया सहित कई लोगों ने विद्या भारती पब्लिक स्कूल के प्रोपराइटर उमेश कुमार यादव को बधाई दी। इस विद्यालय में नर्सरी से लेकर पांचवी वर्ग की छात्र छात्राओं को पढ़ने की सुविधा की गई है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनायक कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि हमारे विद्यालय में उत्तम शिक्षा सीबीएसई बोर्ड को तैयारी कराई जाएगी। मौके पर शिक्षक प्रेम शंकर प्रसाद, उमेश यादव, शाहबाज खान उर्फ अमजद, दामोदर कुमार यादव, शिक्षिका पूनम कुमारी, शिमला कुमारी, गीतांजलि कुमारी, जीतन यादव, बृजदेव यादव, शंभू यादव, बालेश्वर विश्वकर्मा, पप्पू कुमार, गुलाबी भूइयां, बैजनाथ यादव, महेश यादव, चंदेश्वर यादव उर्फ टाना सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

### पुलिस ने तीन ट्रैक्टर को किया जब्त

**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पथरा ओपी प्रभारी नीतीश कुमार ने बुधवार को खड़गपुर सेमरबार क्षेत्र स्थित बटाने नदी घाट से अवैध तरीके से बालू लादकर जा रहे तीन ट्रैक्टर को जब्त किया है। इस संबंध में हरिहरगंज थाना के प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार ने बताया कि अवैध बालू परिवहन कर रहे तीनों ट्रैक्टर मालिक तथा चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### फेयर प्राइस शॉप डीलर एसो. ने जताया शोक



**हुसैनाबाद पलामू।** बीते दिनों हुसैनाबाद अनुमंडलीय डीलर संघ के अध्यक्ष व गणेशपुरी निवासी लखनदेव सिंह 60 वर्ष का सड़क दुर्घटना में हुई मौत हो गई। मौत पर फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन द्वारा प्रखंड कार्यालय परिसर में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। डीलरों ने इस घटना पर गहरी शोक व्यक्त की है। शोक सभा में उपस्थित डीलर अभिमन्यु सिंह, रामजन्म सिंह, विजेंद्र कुमार सिंह, नगेंद्र कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, जमील अहमद, विमलेश कुमार कश्यप, मिथिलेश राम कृष्णा नंदन गिरी ,विजय कुमार कुशवाहा, प्रमोद सिंह, अजीत चौधरी, पिंटू गुप्ता, रविंदर सिंह, सुरेंद्र कुमार, बृजेश दुबे, उदय यादव, चंद्र मोहन राम, रजनीश सिंह, ललित सिंह,सतनारायण पाल, सूरज पासवान, अरुण सिंह, अविनाश कुमार, सूर्यकांत राम सहित सैकड़ों की संख्या में जन वितरण प्रणाली विक्रेता उपस्थित थे।

### योजना जांच करने गये तूरी पंचायत के मुखिया से हुई मारपीट, मामला दर्ज



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के तूरी पंचायत के मुखिया संदीप यादव ने गाली गलौज व मारपीट करने की लिखित शिकायत करते हुए दो युवकों के खिलाफ स्थानीय थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। मुखिया ने आवेदन में कहा है कि बुधवार को तूरी टोला लंगुराही में देवमती कुंवर का डोभा निर्माण कार्य की जांच करने गया था। वहां मेठ के पुत्र राहुल कुमार यादव तथा मुन्ना कुमार यादव द्वारा अनियमितता पूर्ण कार्य कराया जा रहा था। इसपर आपति करने पर उनलोगों के द्वारा जबरन मास्टर रॉल पर हस्ताक्षर करवाने का प्रयास किया गया। इन्कार करने पर गाली गलौज करते हुए राहुल व मुन्ना ने पटककर मारपीट की तथा मोटरसाइकिल को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस संबंध में प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### अखबार विक्रेता संघ का होली मिलन 5 को

**मेदिनीनगर।** अखबार बिक्रेता संघ पलामू द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन पांच मार्च रविवार को कॉपरेटिव चौक स्थित माटी कला कैंपस में किया गया है। इसकी जानकारी अखबार बिक्रेता संघ के अध्यक्ष गोपाल प्रजापति ने दी। उन्होंने कहा कि सभी अखबार बिक्रेताओं से पांच मार्च को होली मिलन समारोह में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

### रामगढ़ जीते हैं अब पुरा झारखंडजीतेगें : सतीश



मेदिनीनगर। आजसू पार्टी की रामगढ़ बिधान सभा उप चुनाव में जीत पर मेदिनीनगर में बिजय जुलूस निकाला गया। आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सतीश कुमार ने कहा कि अब हमारी जित की शुरूआत रामगढ़ से हो गई है। अब लोकसभा भी जितेगें। बिधानसभा भी जितेगें। मौके पर केंद्रीय सचिव विकेश शुक्ला, बबलू गुप्ता, जिला प्रभारी शिव पुजन मेहता, अध्यक्ष दीलीप चौधरी, एन के तिवारी, संतन मेहता, तुलसी शुक्ला, बसंत बिश्वकर्मा, बिरेन्दर सिह, छात्र संघ के अध्यक्ष राहुल मिश्रा, अभिषेक राज, बिनीता शुक्ला, आयुष समेत पार्टी के कार्यकर्ता शामिल थे।

### सड़क दुर्घटना में दो नाबालिग घायल

**हुसैनाबाद पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र जपला-देवरी मुख्य सड़क में गैस गोदाम के समीप सड़क दुर्घटना में दो नबालिक युवक घायल हो गए। दोनों का इलाज अस्पताल में चल रही हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जपला देवरी रोड गैस गोदाम के समीप एक अज्ञात बोलेरो के चालक के द्वारा स्टाइल में कट मारने से आगे एक मोटरसाईकिल व एक निजी स्कूल के बच्चा जो साइकल से जा रहा था जो अनियंत्रित होकर आपस मे टकरा गया।

### श्री शतचंडी महायज्ञ का हुआ शुभारम्भ



**पांडू पलामू।** पांडू प्रखंड के ग्राम कुटमूं गांव में श्री शतचण्डी महायज्ञ का आयोजन किया गया। इसका शुभारम्भ कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। इस यज्ञ में देवी मां के प्राण प्रतिष्ठा के लिए यज्ञ का आयोजन किया गया है। पांडू प्रखंड क्षेत्र के प्रतिष्ठित और जाने-माने आचार्य पं मिथिलेश पाण्डेय के द्वारा महायज्ञ को सम्पन्न कराया जा रहा हैं। मौके पर बिद्युत उपभोगता संध अध्यक्ष भाई गोविंद सिंह, पांडू पंचायत मुखिया पति अविनाश सिंह, कूटमु अरबिंद पाल, पांडू पूर्व प्रमुख अनूप गुप्ता, राजेश गुप्ता, रामनाथ प्रसाद, अशोक गुप्ता, मनोज साव, रमेश प्रसाद, विजय चंदवंशी आदि शामिल थे।

### तीन अवैध शराब कारोबारी गिरफ्तार



**पड़वा पलामू।** पड़वा थाना क्षेत्र के मुरमा में बुधवार को उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर मुरमा के दरोगा प्रसाद के घर छापेमारी कर 8 पेटी अवैध शराब तथा 20 बोरा खाली शराब के बोतल बरामद किया है। उत्पाद विभाग के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मुरमा गांव में बड़े पैमाने पर अवैध तरीके शराब बनाया जा रहा है और बिक्री की जा रही है। इसी सूचना पर दुर्गा प्रसाद के यहां छापेमारी की गई जिसमें शराब बनाने का सामान मिला है इसमें शराब बनाते हुए तीन लोगों को गिरफतार किया गया जिसमें मुरमा के जितेंद्र प्रसाद व धर्मेंद्र प्रसाद व बिहार के कदम कुंआ पटना के राजू कुमार शामिल हैं।

### कार पेड़ से टकरायी, एक की मौत



**सतबरवा पलामू।** सतबरवा थाना क्षेत्र के पोलपोल गांव के समीप रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर बीते बुधवार की रात्रि में करीब 10 :30 अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गई जिसमें 10 वर्षीया नरगिस बानो नामक बच्ची की मौत हो गई। वहीं अन्य सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दुर्घटना की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने बताया कि घटना की खबर सुनते ही सतबरवा थाना के एएसआई रविंद्र कुमार सिंह तथा कौशल किशोर दुबे को दल बल के साथ घटनास्थल पर भेजा गया और ग्रामीणों के मदद से सभी घायलों को एंबुलेंस से मेदिनीनगर अस्पताल भेज दिया गया। जिसमें 10 वर्षीया नरगिस बानो की मौत हो गई।

## ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में स्वागत समारोह आयोजित

### शिक्षा, सुरक्षा एवं सर्वांगीण विकास प्राथमिकता : शिवानी आनंद

खबर मन्त्र संवाददाता






**मेदिनीनगर।** ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज के सभागार में नए सत्र 22-24 की प्रशिक्षु छात्राओं का स्वागत कॉलेज परिवार एवं पुराने सत्र की छात्राओं के द्वारा भव्य तरीके से किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय की डायरेक्टर शिवानी आनंद तथा प्राचार्य डॉ अनुपम गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर सत्र 2022- 24 का आरंभ किया। इस मौके पर 2021- 23 की छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर प्रारंभ किया गया। साथ ही सत्र 2020-22 की छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन भी किया गया। सत्र 2020-22 के टॉप 3 छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। छात्रों ने महाविद्यालय में बिताए हुए अपने अनुभव को नए सत्र के विद्यार्थियों के साथ साझा किया। ज्योति प्रकाश महाविद्यालय के निदेशक शिवानी आनंद ने नए छात्राओं का अभिवादन करते हुए कहा कि ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज अपने अनुशासन और शिक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। डायरेक्टर शिवानी ने बताया कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं को बेहतर शिक्षा सुरक्षा एवं सर सर्वांगीण विकास मेरी प्राथमिकता है। इस मौके पर कॉलेज परिवार के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी एवं सभी छात्राएं उपस्थित थे।

## होली पर्व को लेकर पांकी से धारा 144 हटाने को लेकर विधायक ने दिया धरना




खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा में बजट सत्र में पांकी में दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प में 144 धारा लगा दिया गया था जो अब यह स्थिति नहीं है। हिंदुओं की इस त्यौहार होली पर्व को देखते हुए 144 धारा हटा दिया जाए इसे पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने झारखंड विधानसभा में रखा। इसके बाद पांकी विधायक ने झारखंड विधानसभा रांची में बजट सत्र में धरना पर बैठ गये। विधायक ने कहा कि होली महापर्व के मद्दे नजर पांकी में तत्काल धारा 144 हटाया जाए। इसके बाद विधायक नारायणदास देवघर और बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती ने पांकी विधायक के पास जाकर धरना समाप्त करवाया।

**भाजपा प्रत्याशी की जीत पर दी बधाई**

शशिभूषण मेहता ने रामगढ़ उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के प्रचंड जीत पर सुनीता चौधरी एवं कुशवाहा परिवार को बधाई दी है। कहा कि सुनीता के नेतृत्व में रामगढ़ का सर्वांगीण विकास होगा। उन्होंने कहा कि रामगढ़ की जनता जनसंपर्क के दौरान गोलबंद होकर एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन दे दिया था।

## छतरपुर नगर पंचायत में पानी के लिए हाहाकार, अधिकारी उदासीन

नगर पंचायत के पास टैंकर होने के बावजूद पेयजलापूर्ति नहीं होने से त्राहिमाम कर रहे लोग : अरविंद गुप्ता

नगर मुख्यालय, खाटीन, भैरवाडीह, लोहराही, सड़मा, बाजार, गोलक्ष्मी, रामगढ़, बारा, केवालपर, मदनपुर, मन्देया बैरियाडीह, तेनुडीह के इलाके के लोग जलसंकट से खासे परेशान

मितल सिंह



**छतरपुर पलामू।** पलामू इन दिनों भीषण सुखाड़ के चपेट में है और इसका सर्वाधिक नुकसान छतरपुर के इलाके को उठाना पड़ रहा है। आलम ये है कि इलाके के लोग पानी के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। इस सम्बंध में नगर के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने नगर पंचायत से आग्रह किया है कि पेयजल संकटग्रस्त इलाकों में रोस्टर वाइज पेयजलापूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि लोग पेयजल संकट से मुक्ति पा सकें। अरविंद नें कहा कि नगर पंचायत के अधिकारी पेयजल संकट से उदासीन हैं नतीजन लोग पानी के लिए दर दर की ठोकरें खाने को विवश हैं। अरविंद ने छतरपुर नगर पंचायत के नगर मुख्यालय के बस स्टैंड, बाजार, मसिहानी, गोलक्ष्मी, बारा, लोहराही, रामगढ़, मन्देया, खाटीन बैरियाडीह, भेरवाडीह, लोहराही, मदनपुर, तेनुडीह, सड़मा, केवालपर, खाटीन आदि इलाकों में रोस्टर वाइज पेयजलापूर्ति अविलंब करवाने की मांग की है। नगर के निर्वाचित जन प्रतिनिधि जनता के संकट से बेपरवाह हैं, क्योंकि सभी ने अपने अपने घरों में जनता के लिए उपयोग होने वाले जलमीनारों को अपने दरवाजे पर लगवा लिया नतीजन लोगों को पेयजल नसीब नाहीं हो रहा है। अरविंद ने कार्यपालक अधिकारी से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की हैं उन्होंने यह भी कहा कि नगर में लूट की पटकथा ऐसी है कि अधिकांश जल मीनारों के कनेक्शन पुराने बोरवेल में लगा दिये गए हैं नतीजन अधिकांश खराब पड़े हैं। उन्होंने नगर पंचायत के अधिकारियों से यह भी आग्रह किया कि नगर क्षेत्रों में डीप बोर होने से जलस्तर और भी नीचे जा रहा है लोगों के घरों के बोरवेल सुख गए हैं। दर्जनों चापानल खराब पड़े हैं ऐसे में इनकी मरम्मत हो जाने से लोगों को बहुत राहत मिलेगी। अरविंद ने नगर के प्रधान सचिव विनय चौबे, पलामू डीसी, नगर के कार्यपालक अधिकारी और छतरपुर के एसडीओ से भी इस मामले में संज्ञान लेने का आग्रह किया है।

## एडीएसओ ने पीडीएस दुकान का किया जांच, डीलर निलंबित

राजेश प्रसाद



**हरिहरगंज पलामू।** लाभुकों की शिकायत पर एडीएसओ सह प्रभारी एमओ निर्मल कुमार ने गुरुवार को शहरी क्षेत्र के पिपरघाट स्थित पीडीएस दुकानदार विनय जायसवाल के अनुज्ञप्ति संख्या 17/85 दुकान की जांच करने पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने दुकान बंद पाया तथा डीलर भी अनुपस्थित रहे। पूछताछ के क्रम में लाभुक अनिल कुमार ने बताया कि जनवरी और फरवरी माह का राशन 90 किलोग्राम की जगह 72 किलोग्राम तथा देवंती देवी ने 35 किलोग्राम के जगह 30 किलोग्राम ही राशन देने की बात बताई। वहीं प्रयाग कुमार वर्मा, हरिओम कुमार,चंचला देवी, अनिल कुमार,आशा देवी, कांति देवी, बसंत कुमार, सुनील यादव, देवंती देवी, शांति देवी, पानपति देवी, राजकेशरी देवी सहित कई कार्डधारियों के द्वारा भी कम राशन देने की बात कही। विधायक प्रतिनिधि सह निवर्तमान मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा तथा कार्डधारियों की मौजूदगी में एडीएसओ ने डीलर द्वारा गड़बड़ी की पुष्टि होने पर पीडीएस दुकानदार को तत्काल निलंबित कर दिया। उन्होंने कहा की किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर पीडीएस दुकानदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## श्रद्धालुओं ने जुलूस निकालकर किया नगर भ्रमण



पाटन पलामू। पाटन में चल रहे रूद्र ज्ञान महायज्ञ के छठे दीन गुरूवार को श्रद्धालुओं ने भव्य जुलुस निकाल कर नगर भ्रमण किया। नगर भ्रमण कार्यक्रम में हजारों की संख्या में ग्रामीण श्रद्धालुओं ने जय श्री राम तथा हर हर महादेव के नारे लगाते हुए चल रहे थे। पाटन में रुद्र ज्ञान महायज्ञ सह शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया है। इस महायज्ञ में राष्ट्रीय कथावाचक स्वामी नरेंद्रा चार्ज के द्वारा अमृत मयी कथा का रसास्वादन भक्तों को कराया जा रहा है। महायज्ञ में प्रतिदिन हजारों लोग भाग लेकर कथा सुन रहे हैं। यज्ञ कमीटी के द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधा की व्यवस्था की गयी है। महायज्ञ में रामलीला का भी आयोजन किया गया है जिसको देखने के लिए लोगों भीड़ उमड़ रही है। महायज्ञ को सफल बनाने में पाटन के बबल प्रसाद, शीव साव, ओमप्रकाश पाण्डेय, अक्षय कुमार, यमुना, गोलु कुमार, दीपक सिंह, बीटु सिंह, गंगा प्रसाद, राजेन्द्र सिंह समेत कई लोग सक्रिय हैं।

## रामचंद्र चंद्रवंशी विवि में अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स मीट का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



**विश्रामपुर पलामू।** रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के महाराजा जरासंघ खेल प्रांगण में आयोजित अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स मीट का शुभारंभ क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता से किया गया। मौके पर विवि के कुलाधिपति डा ईश्वरसागर चंद्रवंशी ने दीप प्रज्वलित कर मीट का उदघाटन किया। मौके पर विवि के कुलपति प्रो कल्याण कुमार व कुल सचिव डा देवाशीष मंडल के संयुक्त उदबोधन से प्रारंभ हुआ। प्रतियोगिता के प्रथम चरण में क्रॉस कंट्री में प्रथम स्थान में बीपीइडी कॉलेज के पुरूष वर्ग में प्रीतम कुमार व महिला वर्ग में प्रियंका बारा रही। दूसरे स्थान पर बीपीइडी कॉलेज के पुरूष वर्ग में अनिल कुमार व महिला वर्ग में प्रशिक्षण रंजन रही। 200 मीटर पुरूष वर्ग में शशांक कुमार व द्वितीय स्थान प्रीतम कुमार बीपीइड कॉलेज ने प्राप्त किया। वहीं 800 मीटर पुरूष वर्ग में बीपीइडी कॉलेज के अनिल कुमार रहे। वहीं महिला वर्ग में बीपीइडी कॉलेज के ही अंजली कुजूर रही। 400 मीटर रिले रेस में पुरूष वर्ग में प्रथम बीपीइडी कॉलेज के अनिल कुमार व उनकी टीम रही। दूसरे स्थान पर बीएड कॉलेज के छात्र रहे। महिला वर्ग में 400 मीटर रिले रेस में प्रथम स्थान पर बीपीइडी कॉलेज की ही प्रियंका बारा व उनकी टीम रही। द्वितीय स्थान पर एमबीबीएस की टीम रही।

### भ्रष्ट पदाधिकारी अपनी कार्यशैली बदलें: बिट्टू पाठक



मेदिनीनगर। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में कांग्रेस भवन के सभागार में बैठक की गई। बैठक में विभिन्न प्रखंड से आए हुए कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रखंड में कुछ ऐसे पदाधिकारी बैठे हुए हैं जो बिना रिश्वत के एक भी काम नहीं करते हैं। बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा कि 28 फरवरी को उपायुक्त को समस्या से अवगत करा दिया गया है। पलामू जिला में भारतीय जनता पार्टी के विचारधारा से प्रभावित कुछ ऐसे भ्रष्ट पदाधिकारी जिला में बैठे हैं जो महा गठबंधन सरकार की छवि को धूमिल करने का षड्यंत्र कर रहे हैं। भ्रष्ट पदाधिकारी अपनी कार्यशैली में सुधार लाए अन्यथा हटाये जायेंगे। कार्रवाई नहीं हुई तो प्रतिनिधिमंडल सीएम हेमंत सोरेन, विधायक दल के नेता आलमगीर आलम एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से मुलाकात करके पलामू जिला के भ्रष्ट पदाधिकारी के कार्यशैली से अवगत कराएंगे। बैठक में उपाध्यक्ष विनोद तिवारी, भिखारी राम, ईश्वरी प्रसाद सिंह,संतोष चौबे, सत्येंद्र सिंह, नवल किशोर पाठक, राजेंद्र अग्रवाल, नफीस खान, नसीम खान, सतनारायण तिवारी, सुधीर चौबे, विश्राम दुबे, मिथिलेश कुमार सिंह, बागेश्वर पांडे, सिद्धनाथ प्रसाद गुप्ता, अमुक प्रियदर्शी, जितेंद्र कमलापुरी, हर्ष साहनी, अशोक पासवान, मुकेश सिंह, देवांग शुक्ला, सौरभ पांडे, मिथिलेश मिश्रा, संतोष गुप्ता, रामानंद पाठक, सतीश शुक्ला, मिंटू खान, राजेश चौरसिया, साकेत सिंह, सुधीर, ललित, शैलेश मेहता, रविंद्र कुमार, सोनम वर्मा, उदय यादव, उमेश यादव, नदीम खान, जतरू उरांव, मनीष विश्वकर्मा काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### पुलिस ने किया तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार



मोहम्मदगंज पलामू। मोहम्मदगंज पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर मेदिनीनगर सेंट्रल जेल भेज दिया है। इसकी जानकारी थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने दिया है। थाना प्रभारी कुमार ने बताया कि तीन अभियुक्तो में दो पूर्व के वारंटी थानान्तर्गत माहुर गांव निवासी सुखाडी यादव ,गोरख भुइयां और 13 फरवरी की रात्रि मोहम्मदगंज थानान्तर्गत रेल थर्ड लाइन भीम चूल्हा टनल निर्माण कार्य मे लगी हिमालया कंस्ट्रक्शन कम्पनी के साइट पर बोलेरो गाड़ी जलाने,कार्य रोकने की धमकी सहित उग्रवादी गतिविधि में शामिल टीएसपीसी का सक्रिय सदस्य उंटारी रोड थानान्तर्गत नवागढ़ गांव निवासी विपिन पासवान को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। अभियुक्त के पास से एक देशी कट्टा, 3 देशी बंदूक,2 जिंदा गोली, 3 मोबाइल सहित विस्फोटक सामग्री जब्त किया गया है।

## मांइस का कार्य अवरुद्ध करने पर व्यक्तियों पर थाने में मामला दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर।** मेदिनीनगर के रेडमा निवासी अभिषेक सिंह सोहडी माइंस एमएस वैष्णव मिनेरल्स के प्रोपराइटर द्वारा लेस्लीगंज थाने में नव लोगों के विरोध लिखित आवेदन देकर माइंस का काम लगभग 15 दिनों से अवरुद्ध कराने व रास्ते में माइंस से बोल्डर लेकर आ रहे हाईवा को रोकने पर लिखित आवेदन दिया है। आवेदन कर्ता द्वारा बताया गया कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा दिनांक 1/3/ 2023 लगभग 11:30 बजे दिन में गाड़ी रोका गया है। उसके पूर्व में भी लगभग 15 दिनों से माइंस गाड़ी को रोका जा रहा है। आवेदन में प्रखंड के उपप्रमुख पति संदीप यादव एवं उनके सहयोगियों पर 10 लाख रुपया रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। बताया कि संदीप यादव द्वारा कहा गया कि अगर 10 लाख आप मुझे नहीं देते हैं तो आपकी गाड़ी रोड में नहीं चलने दिया जाएगा। इधर आवेदन में लिखित आवेदन दिया है तथा कार्य अवरुद्ध हो जाने से 15 दिनों में लगभग में एक करोड़ रुपए का नुकसान बताया। तथा राजस्व का भी नुकसान पहुंचाने के बाद आवेदन में कही गई है।

### रामगढ़ में आजसू की जीत पर दी बधाई



**हुसैनाबाद पलामू।** झारखण्ड विधानसभा के लिए रामगढ़ में हुए चुनाव में एनडीए गठबंधन के उमीदवार आजसू पार्टी से सुनीता चौधरी की प्रचंड जीत पर पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं में हर्ष हैं, इस सबन्ध में पलामू जिला सचिव अक्षय मेहता ने वर्तमान के हेमन्त सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि सरकार की नाकामी और बिफलता का परिचायक हैं रामगढ़ की चुनाव, रामगढ़ की जनता ने हेमन्त सरकार के झूठे नियोजन नीति और स्थानीय नीति समेत ओबीसी की आरक्षण के साथ झूठ बोलने को पूरी तरह से नकार दिया हैं।

### होली गीत ने लोगों में जगाया राष्ट्रभक्ति का सरोवर



**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड के युवा लोकगायक और भोजपुरी गीतों के उभरते रचनाकार पंकज हिंदवी के लोकप्रिय धुन पर होली के मौके पर रिलीज गीतों की फुलझड़ियां खूब धमाल मचा रहा है। एम एम म्यूजिक के द्वारा ताजा रिलीज भगवा रंग होली ऑडियो विडियो कैसेट, राष्ट्रभक्ति से सराबोर होने से श्रोताओं को खूब रास आ रहा है।

### पुलिस पब्लिक होली की तैयारियों को लेकर लिया जायजा



हरिहरगंज पलामू। अररुआ खुर्द मेन रोड़ स्थित मिडिल स्कूल के मैदान पर अगामी 4 मार्च को प्रस्तावित जनता प्रशासन होली महोत्सव की तैयारी को लेकर गुरुवार को राजद नेता सह कार्यक्रम के संयोजक कमलेश कुमार यादव ने सामारोह स्थल जायजा लिया। उन्होंने कहा कि होली प्रेम तथा भाईचारे का पर्व है। इस अवसर पर काजू चौधरी, विजय पासवान, भोला पासवान, सत्येंद्र पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

### 11 पैक्सों में आम निर्वाचन की प्रक्रिया मार्च से शुरू

**मेदिनीनगर।** सहकारी सहयोग समिति लिमिटेड का चुनाव कराने को लेकर कार्य शुरू कर दिया गया है। इसे लेकर चुनाव संचालन पदाधिकारी अश्विनी कुमार ओझा ने बताया कि मार्च 2023 में जिले के 9 प्रखंडों के 11 पैक्स में विशेष आम सभा के माध्यम से चुनाव कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि सतबरवा प्रखंड के बकोरिया पैक्स के चुनाव के लिये पांकी के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी निशीतोष ठाकुर को निर्वाचन पदाधिकारी एवं वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी पलामू के द्विराज मोहन मिंज को अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त किया है। इसी तरह मेदिनीनगर प्रखंड के जमूने पैक्स के चुनाव हेतु हरिहरगंज के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संजय कुमार को निर्वाचन पदाधिकारी एवं वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी पलामू के शैलेन्द्र कुमार को अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है।

## थाना परिसर में हुई टैक्सी स्टैंड और सब्जी बाजार की बंदोबस्ती

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** कड़ी सुरक्षा के बीच थाना परिषर में हुआ नगर पंचायत अंतर्गत टैक्सी स्टैंड और सब्जी बाजार की लगी बोली,जिसमें टैक्सी स्टैंड बंदोबस्ती के लिए कुल 10 लोग हुए शामिल थे। वहीँ सब्जी बाजार की बोली में तीन लोग हुए शामिल थे।

मौके पर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी, प्रवेज आलम, नगर प्रबन्धक, नजीबुल्लाह अंसारी, हिमानी बाड़ा, नाजिर रविकान्त पटेल के समक्ष टैक्सी स्टैंड के लिए बलबीर सिंह ने सबसे अधिकतम 35 लाख की बोली लगाया। वहीं सब्जी बाजार की खुला बोली में तीन लोग शामिल हुए। जिसमे उमेश पटेल ने 63700 लाख हजार की अधिक बोली लगाया। वही कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि अधिकतम बोली लगाने वाले लोगो के नाम की घोषणा हो चुकी हैं। यदि तीन दिनों को अंदर एक मुश्त राशि नगर पंचायत कार्यालय में जो लोग नही जमा करेंगे उनकी सुरक्षित राशि की ड्राफ्ट को जप्त करते हुए नगर पंचायत विधिवत कार्रवाई कर सकती हैं या फिर विचार करने के लिए स्वतंत्र हैं। मौके पर थाना के एसआई शैलेन्द्र कुमार सिंह, नगर पंचायत के सहायक विकास कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

## मां काली की प्रतिमा स्थापना की तीसरी वर्षगांठ पर अखंड कीर्तन आयोजित




खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** सतबरवा के मेला टांड़ में स्थित काली मंदिर में मां काली की प्रतिमा स्थापना के तृतीय वर्षगांठ पर 24 घंटे का श्री राम नाम के जप का अखंड कीर्तन गुरुवार को शुरू हो गया है। अखंड कीर्तन में काफी संख्या में भक्त शामिल होकर श्री राम नाम का जाप कर रहे हैं। वहीं आयोजन समिति के अध्यक्ष नागा मेघराज प्रसाद, रंजीत मिश्रा, श्रवण कुमार, बलराम विश्वकर्मा ने बताया कि मां काली की प्रतिमा वर्ष 2020 में काली मंदिर मेला टांड़ सतबरवा में स्थापित की गई थी तब से प्रत्येक वर्षगांठ पर अखंड कीर्तन का आयोजन होते आ रहा है। वही बताया गया कि अखंड कीर्तन का समापन शुक्रवार को सुबह 10:30 बजे होगा। उसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा भंडारा का आयोजन किया जाएगा। मौके पर मंदिर के पुजारी सुनील पाठक, सुनील विश्वकर्मा समेत कई लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## जनता ने हेमंत को नकारा और लोकतंत्र को स्वीकारा : निषाद

**झरिया।** रामगढ़ में आजसू प्रत्याशी की जीत पर आजसू नेता वीरेंद्र निषाद ने कहा कि जिस प्रकार आज झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है लूट खसोट चरम पर है इस सरकार में अपने ही सरकार की माननीय विधायकगण सवाल उठा रहा है उससे स्पष्ट रूप से प्रतीत होता है कि झारखंड में हेमंत सरकार हर मोर्चे पर विफल है और उसे रामगढ़ की जनता ने सबक सिखाने का कार्य किया है और रामगढ़ की जनता ने विकास के प्रति अपना मत आजसू प्रत्याशी श्रीमती सुनीता चौधरी के नाम देने का कार्य किया है इसके लिए झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## एसबेस्टस शीट लदा वाहन पलटने से चालक घायल

**सिन्दरी ।** गौशाला ओपी क्षेत्र के सामुदायिक शौचालय के समीप झरिया गौशाला मुख्य सड़क मार्ग पर एसब्सेटस शीट लदे मिनी ट्रक पलटने से चालक सह गाड़ी मालिक घायल हो गया है। उसका इलाज ओपी पुलिस द्वारा नजदीक के बाबा लोकनाथ क्लिनिक में कराया गया। चालक के सिर पर चोट लगी है और हालात ठीक है। घटना के संबंध में निरसा थाना क्षेत्र के खरकाबाद निवासी सह चालक खगेन कुमार ने बताया कि लगभग साढ़े चार टन के एस्बेस्टस शीट को मिनी ट्रक संख्या जे एच 10 आर 7250 पर लोडकर वह बोकारो से निरसा पहुँचाने जा रहा था। गौशाला सामुदायिक शौचालय के पास मुख्य सड़क खराब होने के कारण गाड़ी का पहिया गड्ढे में जाने के कारण गाड़ी पलट गई और लदा शीट जमीन पर गिर गया है।

## कांग्रेस ने किया हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा कार्यक्रम

**धनबाद ।** झरिया नगर कांग्रेस कमिटी अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राकेश पासवान के नेतृत्व में कतरास मोड़ से चौथाई कुली तिवारी मंदिर होते हुए कांग्रेस पार्टी के हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष राजू दास एवं हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के प्रभारी राजेश्वर यादव ने कहा की ' देश में आर्थिक विकास, मंहगाई दर, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार जैसे ज्वलंत मुद्दों की बाते गौण हो चुकी है पर जाति वाद, पूंजीवाद, प्राइवेटेशन सरकार की मजबूरी हो गई है। कांग्रेस पार्टी हाथ से जोड़ो हाथ जोड़ो कार्यक्रम के माध्यम से हर बूथ हर घर तक पहुंचने का काम करेगी और केंद्र सरकार की पोल खोल कर आईना दिखाने का काम करेगी।

## सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली व शव-ए-बारात मनाने का निर्णय

**पुटकी।** पुटकी थाना परिसर में में शांति समिति की बैठक के अध्यक्षता पुलिसनिरिक्षक सह थाना प्रभारी अलबिनुस इंदवार एवं संचालन अक्षवर प्रसाद ने किया वही गण्यमानो के द्वारा अपने-अपने सुझाओ में अपनी भाईचारा कायम रखते हुए त्योहार मनाने का निर्णय लिया। वही प्रभारी ने कहा कि त्योहारों के दौरान शराब को प्रतिबंधित रखने एवं हुड़दगियो पर कड़ी नजर रखने की भरोसा दिलाया. ओर कहा कि अपने अपने क्षेत्रों में जितने भी लोग है सभी लोग अच्छे तरीके से होली ओर शव ए बारात पर्व मनाये।

## फोटोग्राफरों के लिए कार्यशाला का आयोजन

**धनबाद ।** धनबाद क्लब में सोनी अल्फा कैमरा कंपनी एवं यूथ फोटोग्राफर्स क्लब द्वारा एक फोटोग्राफी पर कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें यूथ फोटोग्राफर क्लब के 100 से ज्यादा फोटोग्राफरों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिसमें सोनी के मेंटर सरोज डोरा ने कैमरा के एडवांस टेक्नोलॉजी ,आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी, फोटोग्राफी के नई तकनीक, सोनी द्वारा लांच किए गए नए कैमरे, एवं फोटोग्राफरों को काम के दौरान होने वाले चुनौतियों के बारे में जानकारी दिया।कार्यक्रम में सोनी अल्फा के तरफ से रवि रावत एरिया सेल्स मैनेजर, तकनीकी प्रबंधक सरोज डोरा , सेल्स मार्केटिंग ऑफिसर सरफराज अहमद,सोनी डीलर रेनबो कलर लैब प्रोपराइटर ओमप्रकाश अग्रवाल, शिव अग्रवाल उपस्थित थे ।

### शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली और शब-ए-बारात को संपन कराने को लेकर शांति समिति की बैठक

# डीजे बजाने पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध, शराबियों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद जिला में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली और शब-ए-बारात का पर्व सम्पन्न कराने को लेकर आज टाउन हॉल में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक श्री संजीव कुमार समेत जिला के अन्य संबंधित वरीय पदाधिकारी एवं शांति समिति के सदस्यों के रूप में विभिन्न प्रखंडों से आए जन प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। बैठक में उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक एवं अनुमंडल पदाधिकारी धनबाद द्वारा जिला में सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली पर्व संपन्न कराने की बात कहते हुए उपस्थित शांति समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्रवाई प्रारंभ की गई। बैठक में उपायुक्त संदीप सिंह ने शांति समिति सदस्यों का स्वागत करते हुए आपस में मिलकर त्यौहारों को मनाने का अपील की। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैलाए जाने वाले अफवाहों से बचने को कहा। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान भड़काऊ गाना बजाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, इसलिए कोई भी व्यक्ति भड़काऊ गाने ना बजाएं। सड़क दुर्घटना जैसे मामलों को देखते हुए उन्होंने ड्रिंक एवं ड्राइव मामले में भी उन्होंने प्रकाश डालते हुए समिति के सदस्यों के माध्यम से आम जनों से अपील किया कि त्योहारों के दौरान शराब का सेवन कर वाहन ना चलाएं। ऐसे मामले में पकड़े जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि त्योहार के मद्देनजर चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती रहेगी। अवैध



शराब के धंधेबाजों पर नकेल कसने का काम शुरू कर दिया गया है। ड्राई डे होने की वजह से किसी को भी सड़क पर शराब पीकर हुड़दंग करने की इजाजत नहीं होगी। डीजे पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। अनावश्यक रूप से लोगों को परेशान नहीं करने जबरन रंग नहीं डालने का निर्देश जारी किया गया है। वैसे लोग जो विधि व्यवस्था में खलल उत्पन्न करेंगे उन पर कार्यवाई की जाएगी। जिले में शांतिपूर्ण तरीके से होली संपन्न हो इसके लिए तमाम मुकम्मल व्यवस्था किए जा रहे हैं। त्योहारों को देखते हुए आगजनी जैसी घटनाओं को लेकर उपायुक्त ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हाल ही में धनबाद में कई आग की घटना घटी है जिससे कई लोगो की जान गई है, ऐसे में होलिका दहन में सावधानी बरतें। भीड़-भाड़ वाले स्थानों, हाट, बाजार में खासा ध्यान रखा जाए। उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि होलिका दहन में कोई हुड़दंगई न हो इसका ध्यान रखे ताकि आग की स्थिति न बने। उन्होंने लोगो से अपील कि की सुरक्षित तरीके से खाली स्थानों पर होलिका दहन करें। उपायुक्त ने डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिले में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए, अश्लील गाने बजाकर अश्लीलता फैलाने से रोकने के लिए डीजे और बॉक्स पर त्योहार में पूर्ण प्रतिबंध रहेगी। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देषित किया कि डीजे भाड़े पर लगाने वालों को सख्त आदेश दे कि वो त्योहार के वक्त डीजे भाड़े पर नही देंगे। पकड़े जाने पर त्वरित कार्रवाई होगी। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक श्री संजीव कुमार ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए उपस्थित थाना प्रभारी को त्योहारों के दौरान असामाजिक तत्व को चिन्हित करने एवं पूरी तरह सक्रिय होकर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने त्योहारों के दौरान सक्रिय होकर पेट्रोलिंग, सोशल मीडिया पर भावनाओं को भड़काने वाले पोस्ट पर पैनी नजर बनाए रखने समेत अन्य विषयों को लेकर विभिन्न प्रकार के दिशा निर्देश दिए।

### घनश्याम दुबे ने किया मंच संचालन

इस बैठक में मुख्य रूप से उपायुक्त संदीप सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रेष्मा रमेशन, निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद, जिला वन पदाधिकारी विकास पालिवाल, अनुमंडल पदाधिकारी प्रेम कुमार तिवारी, डीएसपी मुख्यालय-1 अमर कुमार पांडेय, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बाघमारा निशा मुर्मु, जिला परिषद उपाध्यक्ष सरिता देवी, चिरकुंडा नगर परिषद अध्यक्ष डबलु बाउरी, सभी अंचल के पदाधिकारी, सभी प्रखंड के विकास पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी, विधायक प्रतिनिधिगण समेत जिला के प्रबुद्धजीवी लोग और शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहें।

### झरिया खादू धाम में फाल्गुन महोत्सव पर निशान यात्रा

# जय श्री श्याम की जय घोष से गुंजा झरिया...

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झरिया।** झरिया लाल बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर खाटू धाम में 40 वां तीन दिवसीय वार्षिक फाल्गुन महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार को दैविक मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना कर किया गया। महोत्सव में हजारों भक्त श्याम निशान के साथ शोभा यात्रा में शामिल हुए। श्याम बाबा मंदिर में पूजा अर्चना कार्यक्रम में माथा टेकने झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह की सास सरोजनी देवी, पुष्पा देवी, भाजपा नेत्री रागिनी सिंह सहित अन्य पहुचे। महोत्सव में हजारों श्याम भक्तों के साथ मंदिर प्रांगण से निकलने वाली झांकी व भव्य निशान शोभा यात्रा में शामिल हुई।



**जय श्री श्याम, खाटु धाम की जय घोष से गुंजा झरिया :** बाबा श्री श्याम की विधिवत पूजा अर्चना की गयी। इसके बाद लाल बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर से गाजे-बाजे के साथ निशान शोभायात्रा निकाली गयी। इस दौरान निशान शोभा यात्रा में शामिल महिला, पुरुष भक्तों ने जय श्री श्याम , खाटु धाम की जय कारा लगाते लक्ष्मीनिया मोड़, सब्जी पट्टी, बाटा मोड़, मेन रोड, 4 नंबर, धर्मशाला रोड होते हुए वापस लौटी।बाबा के चरणों में भक्तों ने निशान अर्पित किया।विधि व्यवस्था के लिए झरिया इंस्पेक्टर पंकज कुमार झा दल-बल के साथ मुस्तैद थे। **श्याम भक्तों का जगह-जगह पर स्वागतः** निशान शोभायात्रा का जगह-जगह पर स्वागत किया गया. झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह समर्थकों ने श्याम भक्तों के बीच अल्पहार का वितरण किया। वहीं झरिया में भक्तों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया । शाम को भजन कीर्तन और बाबा को छप्पन भोग अर्पित किया जायेगा।

**तीन दिनों तक भक्ति ब्यार :** वहीं आज से श्याम खाटु धाम श्याम मंदिर में तीन दिनों तक भक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया है। शुक्रवार को को श्याम बाबा का अभिषेक, भव्य श्रृंगार, अखंड ज्योत व भजन-कीर्तन का कार्यक्रम होगा। जिसमे मंगला आरती, छप्पन भोग, भजन-कीर्तन के बाद रात में महोत्सव की पूणार्हुति की जायेगी । साथ ही फूलों की होली खेली जायेगी। श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद व भंडारा की भी व्यवस्था की गयी है।

## सिंदरी की सड़कें और प्रदूषण सहित अन्य समस्याओं पर भाजपा देगी ज्ञापन : नगर अध्यक्ष

**सिन्दरी ।** सिन्दरी क्षेत्र में धनबाद नगर निगम से संबंधित समस्याओं को लेकर गुरुवार को भाजपा सिन्दरी नगर कमेटी ने नगर अध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक अपने आवासीय कार्यालय में आयोजित की। जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र, स्ट्रीट लाइट सहित सड़कों की बदहाल स्थिति पर बैठक में चर्चा की गई और नगर अध्यक्ष ने कहा कि हर्ल सहित तीन कंपनियाँ इसका समाधान नहीं करती है तो जोरदार आंदोलन किया जाएगा। बैठक में ड्रेनेज सिस्टम, हैंडपंप मरम्मती, शव वाहन जैसे बदहाल हालातों पर चर्चा की गई। उन्होंने हर्ल, एसीसी व सेल को सिन्दरी के विभिन्न क्षेत्रों में प्रदूषण का जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने इन कंपनियों को जल्द ज्ञापन सौंपने व समस्या का समाधान करने की अपील की और कहा कि समाधान नहीं हुआ तो जोरदार आंदोलन के लिए तैयार रहें। उन्होंने बूथ सशक्तिकरण के लिए शक्तिकेन्द्रों के संयोजकों को प्रत्येक बूथ पर बैठक कर मजबूत करने की बातें कहीं। बैठक में मुख्य रूप से धनबाद जिला ग्रामीण कार्यसमिति सदस्य राकेश तिवारी, ब्रजेश सिंह, सुमन चौधरी, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रंजना शर्मा, नगर महामंत्री इंद्रमोहन सिंह, नगर उपाध्यक्ष गणपति बाउरी, धीरज सिंह, संजय महतो, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष अणिमा सिंह, नगर कोषाध्यक्ष रामजी सिंह, युवा मोर्चा नगर महामंत्री बिरेन्द्र कुमार, किसान मोर्चा नगर उपाध्यक्ष गोपी पाल, अनुसूचित जनजाति मोर्चा नगर महामंत्री बिरेन्द्र हांसदा, शैलेंद्र सिंह उपस्थित थे।

## जमुआटांड़ पंचायत में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य और नेत्र जांच शिविर

**कतरास।** गुरुवार को जमुआटांड़ पंचायत भवन में जमुआटांड मुखिया निरंजन गोप के नेतृत्व में अशर्फी अस्पताल के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ब्लड प्रेशर ब्लड शुगर ईसीजी पल्स ऑक्सीजन लेवल एवं आंखों की जांच की गई। पत्रकारों को संबोधित करते हुए जमुआ ताड़ के मुखिया निरंजन गोप ने बताया कि हमारे पंचायत में बहुत सारे बड़े बुजुर्ग रहते हैं जो चलने फिरने में असमर्थ है। इसलिए मेरे द्वारा असर्फी अस्पताल से पहल की गई थी स्वस्थ शिविर लगाने के लिए जिसके बाद अशर्फी अस्पताल ने अपनी टीम भेजी है। इस शिविर के आयोजन से गांव के दर्जनों लोगों को लाभ मिलेगा। शिविर में 70 से अधिक लोगों ने अपना जांच कराया।

# चचेरे जीजा ने ही की थी आदित्य की हत्या, पुलिस ने दो को भेजा जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

धनबाद। धनबाद के गोमो में हुई छात्र आदित्य मंडल की हत्या शराब की टूटी बोतल से रेत कर की गई थी। पुलिस गुरुवार को हिरासत में लिए गए तापस मंडल और उसके नाबालिग दोस्त को गुरुवार को जेल भेज दिया। दोनों ही आदित्य के सम्बन्धी है। इधर, इस हत्याकांड में पुलिस को यह तथ्य मिले हैं कि शराब की टूटी हुई बोतल से ही आदित्य का गला रेता गया और उसके बाद पत्थर से उसके चेहरे को कुचल दिया गया। बुधवार को पुलिस ने तापस मंडल को लेकर घटनास्थल पर गई ,वहां से खून लगे पत्थर और शराब की टूटी हुई बोतल को जब्त किया। पुलिस को तापस मंडल ने हत्याकांड की पूरी जानकारी दी है।



**पुलिस ने घटनास्थल का परेड कराया :** पुलिस को बताया है कि वह लोग शराब पार्टी कर रहे थे। आदित्य से पहले मारपीट की गई, उसके बाद उसकी हत्या की गई। यह सब कुछ बताया। वैसे तापस खुद को निर्दोष बता रहा है और कह रहा है कि विष्णु मंडल ने ही कुछ दोस्तों के साथ मिलकर हत्याकांड को अंजाम दिया है। दोनों रिश्तेदारों को तोपचांची पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी। लेकिन दोनों एक दूसरे पर आरोप मढ़ रहे है। दोनों लगातार पूछताछ में अपने बयान भी बदल रहे है। इस हत्याकांड में प्रेम प्रसंग का कोण भी शामिल है। मृतक का एक लड़की से प्रेम चल रहा था, वह लड़की भी नाबालिक है। आदित्य नौवीं क्लास का छात्र था तो लड़की आठवीं में पढ़ती है। पुलिस को इस बात के सबूत भी मिले है।

**पुलिस ने लड़की से भी की है पूछताछ :** पुलिस ने लड़की से पूछताछ भी की है। लड़की ने प्रेम की बात को स्वीकार किया है और यह भी बताया है कि घर में वह चर्चा सुनी थी कि आदित्य को सबक सिखाना है। लेकिन उसे नहीं मालूम था कि उसकी हत्या कर दी जाएगी। इसका मैसेज वह आदित्य के मोबाइल पर भेजा था और उसे आगाह किया किया था कि तुम आज किसी के साथ घर से बाहर नहीं जाओगे। लेकिन मोबाइल आदित्य का घर में ही था, इसलिए वह देख नहीं पाया और यह घटना हो गई। जिन दो लोगों को पुलिस जेल भेजने की तैयारी में है, लड़की उन्ही के परिवार से जुड़ी हुई है। हालांकि पुलिस अभी इस मामले में कोई जल्दबाजी नहीं दिख रही है, पुलिस फूंक-फूंक कर कदम रख रही है।

# छह मार्च को महिला चौपाल का होली मिलन समारोह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** गुरुवार को श्यामडीह रोड स्थित स्वागत भवन में शालिनी वैश्यिकार भाजपा नेत्री के नेतृत्व में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया वार्ता का उद्देश्य महिला चौपाल द्वारा नारी फगुआ कार्यक्रम के आयोजन की जानकारी देना था। इसके साथ ही भाजपा नेत्री के द्वारा कतरास क्षेत्र के पत्रकारों का सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए शालिनी वैश्यिकार ने बताया कि महिला चौपाल महिलाओं के द्वारा महिलाओं के लिए महिलाओं का अपना संगठन है। जिसकी शुरूआत गिरिडीह से होकर अब बाघमारा में होने जा रही है एक परिवार में महिलाओं की भूमिका अहम होती है महिला परिवार का अच्छा आधार होती है महिला बच्चों की प्रथम गुरु होती है एवं बच्चों में अच्छे संस्कारों का बीजारोपण करती है परंतु आज के इस परिवर्तित होते युग में महिला को घर से बाहर भी कदम रखना अनिवार्य हो जाता है। क्योंकि उसके परिवार की आर्थिक जरूरतें भी बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि 8 मार्च को महिला दिवस है महिला चौपाल के गठन का इससे अच्छा सुअवसर नही हो सकता है। अतः बाघमारा एवं कतरास बिहार बहनों से अनुरोध है कि 6 तारीख स्वागत भवन में 2.00 बजे नारी फगुआ में अवश्य आएं जो सिर्फ महिलाओं के लिए महिलाओं के द्वारा आयोजित किया जा रहा है ताकि आने वाले वर्षों में महिला दिवस के दिन महिला सशक्तिकरण की बातें ना हो बल्कि बात हो सशक्त महिला कीकार्यक्रम में मुख्य रूप से शालिनी बैटरी कार अध्यक्ष महिला चौपाल संगीता बैसखियार कोषाध्यक्ष महिला चौपाल ,सोना प्रकाश सदस्य महिला चौपाल संगीता सेठ पूर्व अध्यक्ष महिला समिति सुधा गुप्ता पूर्व सचिव महिला समिति शिखा गुप्ता महिला समिति की सचिव प्रकाश राम गुप्ता अवधेश गुप्ता शत्रुघ्न राम गुप्ता बाल गोविंद राम गुप्ता प्रिंस गुप्ता उमंग गुप्ता आशीष कुमार दीप्ति सुरभि अभय मनोज राम गुप्ता आदि मौजूद थे कार्यक्रम का संचालन प्रिंस गुप्ता ने किया।




## सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**कतरास।** गुरुवार को सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में सड़क सुरक्षा नियम के तहत मधुबन थाना प्रभारी श्री चंदन कुमार सिंह ने बंदना सभा में बच्चों को अवगत कराया। श्री चंदन कुमार सिंह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के पूर्ववर्ती छात्र है। उन्होंने बताया कि आजकल 15 साल से 45 साल तक के बाइकर्स का अधिक से अधिक सड़क दुर्घटना हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि इस को रोका नहीं जा सकता परंतु कम जरूर किया जा सकता है। सड़क सुरक्षा पर उन्होंने बच्चों को यह बताया कि अभी आपके पढ़ने का समय है, आप उसी पर ध्यान दीजिए जब समय आएगा तब आप बाइक का उपयोग करें।

## खबर एक नजर में

### भामस ढोरी की संगठनात्मक बैठक संपन्न

**बेरमो।** आज बृहस्पतिवार को सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ से संबंद्ध भारतीय मजदूर संघ के क्षेत्रीय कार्यालय ढोरी खास में संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप एवं संचालन क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष एसएन सिंह, झारखंड प्रदेश भारतीय मजदूर संघ के संगठन मंत्री वृजेश कुमार सीसीएल सीकेएस के अध्यक्ष दिलीप कुमार सीसीएल सीकेएस के वरीय उपाध्यक्ष सह वेलफेयर बोर्ड सदस्य रवींद्र कुमार मिश्रा, भारतीय मजदूर संघ बोकारो जिला के जिला मंत्री संत सिंह,आर ईगिनेश,रामेश्वर मंडल उपस्थित रहे बैठक में मुख्य रूप से संगठनात्मक के विस्तार को लेकर चर्चा की गई बृजेश कुमार ने सभी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय मजदूर संघ एक गैर राजनीतिक ट्रेड यूनियन है।

### त्रिपुरा-नागालैंड और रामगढ़ में एनडीए प्रत्याशी की जीत पर फुसरो में आतिशबाजी व मिठाइयां बंटीं

**बेरमो।** त्रिपुरा और नागालैंड सहित झारखंड के रामगढ़ विधानसभा से एनडीए गठबंधन के आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी के जीत पर फुसरो स्थित 16वी लोकसभा सांसद रविन्द्र कुमार पांडेय के आवासीय कार्यालय के समीप भाजपा जिला मंत्री बिक्रम पांडेय के नेतृत्व में मिठाई बांट खुशी मनाया। यहां भाजपाईयो ने गुलाल लगाकर व पटाखे फोड़ जीत का जश्न मनाया। मौके पर भरत वर्मा, वैभव चौरसिया, जितेंद्र सिंह, मृत्युंजय पांडेय, अरूप चटर्जी, सुधीर महतो,घनु चौधरी,भूपेंद्र तिवारी, धर्मेंद्र साव, मोहन रवानी आदि मौजूद थे।

### बीएसएल में टीम बिल्डिंग एवं लीडरशिप कार्यक्रम

**बोकारो।** संयंत्र में कार्यरत महिला कर्मियों हेतु एचआरडी सेंटर में लीडरशिप क्षमता विकसित करने के निमित्त टीम बिल्डिंग एवं लीडरशिप कार्यक्रम उडान का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश ने ईडी राजन प्रसाद, सीजीएम अनिमा कुशवाहा, मनीष जलोटा, अन्य अधिकारियों व महिला कर्मियों की उपस्थिति में किया। श्री प्रकाश ने संयंत्र की प्रगति में उनके योगदान की सराहना की और महिला कर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए लगातार आगे बढ़ने का संदेश दिया। राजन प्रसाद ने उन्हें शुभकामनाएं दी एवं श्रीमती कुशवाहा ने टीम बिल्डिंग एवं लीडरशिप कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक प्रीति कुमारी ने किया। दूसरे सत्र में महिला कर्मियों के लिए जीएम नीता बा तथा वरीय प्रबंधक अमित आनंद एवं उनकी टीम द्वारा विविध खेल आयोजित किये गए जिसमे सभी महिला कर्मियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। अमित माजूमदार, ऋषिकेश रंजन, ए महादानी, एस सी मुर्मु, नवनीत कुमार सिंह,रफिक अंसारी, अनीता कुमारी, कुमारी सीमा एवं निर्मला कुमारी की भूमिका सराहनीय रही।

### सीबीएसई आर्यभट्ट चैलेंज में डीपीएस के तीन विद्यार्थी चयनित

**बोकारो।** सीबीएसई द्वारा आयोजित आर्यभट्ट गणित चैलेंज 2022 में डीपीएस बोकारो के छात्र आदित्य मिश्रा व कुमार अनमोल तथा छात्रा अग्रिमा प्रसाद ने सफलता प्राप्त की। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। परीक्षा बीते 15 दिसंबर 2022 को हुई थी, जिसमें कंप्यूटर-परीक्षण के सफल समापन के बाद प्रत्येक सीबीएसई क्षेत्र के शीर्ष 100 छात्रों को मेरिट प्रमाण पत्र दिए जाते हैं।

### असामाजिक तत्वों ने मड़वा जारा जंगल में लगाई आग

**बोकारो/कसमार।** पेटरवार वन प्रक्षेत्र अंतर्गत बगियारी विट खैराचातर के रोरिया उरूमसुकुम मडुआजाराव बडकानाला तीन सीमाना में असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी है।क्षेत्र के आसपास के ग्रामीणों को आग लगने की जानकारी मिली तो तुरंत कई गांव के ग्रामीण आग बुझाने के लिए जंगल की ओर निकल पड़े। आग बुझाने की प्रयास जारी है रोरीया के रथुराम महतो, गट्टीगढा.के लोकनाथ महतो ने बताया कि बंगाल तीन सीमाना कडियर, भस्की सीमा, छाबड़ा तथा जरीडीह प्रखंड के रोरिया, उरूमसुकुम, मडुआजारा तथा धंगाबेडा.तक आग फैल गयी हैं। उन्होंने बताया कि बंगाल सीमा क्षेत्र के कुछ माफिया किस्म के लोग बड़े पैमाने पर बांस की तस्करी करते हैं और जंगलों में आग लगा देते हैं। उन्होंने लोगों से जंगल में आग न लगाने एवं मिलजुल कर आग बुझाने की अपील की है।

### सेवानिवृत्त सेना के जवान की मौत से क्षेत्र में शोक

**बोकारो/कसमार।** भारतीय सेना से सेवानिवृत्त व समाजसेवी हरनाद निवासी डी. महतो का आकस्मिक निधन हो गया। स्व. महतो अपने पीछे धर्मपत्नी बाला देवी, पुत्र राजीव रंजन एवं पुत्र वधू गीता देवी और दो पोते, दो नाती नतनी और दो पुत्रियांछोड़ गए हैं। निधन की सूचना पर गोमिया के पूर्व विधायक योगेन्द्र प्रसाद महतो, बबीता देवी, जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी, प्रमुख नियोति कुमारी, मुखिया अमरलाल महतो, पंसस बिनोद कुमार महतो, नरेश कुमार महतो, घनश्याम महतो, आदि ने शोक व्यक्त किया है।

### श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल की प्रबंध समिति का अभिनंदन

**बोकारो।** श्री अयप्पा मंदिर एवं श्री अयप्पा पब्लिक स्कूल की नवनिर्वाचित प्रबंध समिति सदस्यों ने श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल के प्रांगण में समिति के नए अध्यक्ष का स्वागत समारोह का आयोजन किया। अध्यक्ष ने सभी सदस्यों के साथ भगवान श्री अय्यप्पा के प्रतिमा के समक्ष आसन ग्रहण किया। स्कूल के निदेशक डॉ. एस. एस. महापात्रा, प्राचार्य श्रीमती पी. शैलजा जय कुमार, उप प्राचार्य श्रीमती राजलक्ष्मी एवं सभी प्रभारियों द्वारा नवनिर्वाचित समिति अध्यक्ष पी राजगोपाल, उपाध्यक्ष शशिन्द्रन करात और मोहनन आर नायर, महासचिव ई एस सुशीलन, कोषाध्यक्ष बाबूराज आर, सदस्य - सुरेश कुमार के ए और शाजिन बी का परिचय कराया गया।

# सुधार की बात

देश में कृषि, भारत का किसान, अब और पिछड़ेपन में नहीं रह सकता। दुनिया के बड़े-बड़े देशों के किसानों को जो आधुनिक सुविधा उपलब्ध है, वो सुविधा भारत के भी किसानों को मिले, इसमें अब और देर नहीं की जा सकती। तेजी से बदलते हुए वैश्विक परिदृष्य में भारत का किसान, सुविधाओं के अभाव में, आधुनिक तौर तरीकों के अभाव में असहाय होता जाए, ये स्थिति स्वीकार नहीं की जा सकती।

ये कृषि सुधार कानून रातों-रात नहीं आए। पिछले 20-22 साल से हर सरकार ने इस पर व्यापक चर्चा की है। कम-अधिक सभी संगठनों ने इन पर विमर्श किया है। देश के किसान, किसानों के संगठन, कृषि एक्सपर्ट, कृषि अर्थशास्त्री, कृषि वैज्ञानिक, हमारे यहां के प्रोग्रेसिव किसान भी लगातार कृषि क्षेत्र में सुधार की मांग करते आए हैं। सिर्फ इन मांगों को टालते रहे और देश का किसान, इंतजार ही करता रहा। फाइलों के ढेर में फेंक दी गई स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट बाहर निकाली और उसकी सिफारिशें लागू की गयी। इन लोगों ने ये सुनिश्चित किया कि इनकी सरकार को किसान पर ज्यादा खर्च न करना पड़े। इनके लिए किसान देश की शान नहीं, इन्होंने अपनी राजनीति बढ़ाने के लिए किसान का इस्तेमाल किया है। पीएम मोदी ने कई बिंदुओं पर विस्तार से बताया। इसका बहुत बड़ा सबूत है स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट। स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिशों को आठ साल तक दबाकर बैठे रहे। हर चुनाव से पहले ये लोग कर्जमाफी की बात करते हैं और कर्जमाफी कितनी होती है? सारे किसान इससे कवर हो जाते है क्या? जो छोटा किसान बैंक नहीं गया, जिसने कर्ज नहीं लिया, उसके बारे में क्या कभी एक बार भी सोचा है इन लोगों ने। जितने पैसे ये भेजने की बात करते रहे हैं, उतने पैसे किसानों तक कभी पहुंचते ही नहीं हैं।

# एयर इंडिया का रास्ता

एसवाल यह भी है कि कभी भ्रष्टाचार के खिलाफ उम्मीद बनकर उभरी पार्टी के मंत्री व नेता गाहे-बगाहे भ्रष्टाचार के आरोपों में क्यों घिरते नजर आ रहे हैं। पंजाब की आप सरकार के सामने भी ऐसे कई मामले उजागर हुए हैं। आबकारी घोटाले में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी निस्संदेह, आप को असहज स्थिति में डालने वाली ही है। लगता नहीं कि आप का यह संकट जल्दी ही खत्म होने जा रहा है। इसकी वजह यह भी है कि कोर्ट से राहत न मिलने के बाद मनीष सिसोदिया को सीबीआई रिमांड पर भेजा गया है। निस्संदेह, राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोपों से इतर एक तथ्य यह भी है कि दिल्ली की आप सरकार की नयी आबकारी नीति की खामियों पर सरकार के मुख्य सचिव की रिपोर्ट पर ही दिल्ली के उपराज्यपाल ने मामले की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि यदि आप सरकार गलत नहीं थी तो उसने अपनी नयी आबकारी नीति वापस क्यों ली? आरोप लगा कि मुट्ठीभर शराब कारोबारियों को फायदा पहुंचाने की कोशिश की गई। कहीं न कहीं आप सिसोदिया को राजनीतिक दुराग्रह से पीड़ित दिखाने का प्रयास कर रही है। सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के इस्तीफे के बाद अब राजनीतिक माहौल के और तल्ख होने के आसार हैं। सवाल यह भी है कि अब केजरीवाल दिल्ली सरकार कैसे चलाएंगे क्योंकि सिसोदिया के पास शिक्षा व वित्त समेत 18 विभाग रहे हैं। सिसोदिया चार मार्च तक सीबीआई रिमांड में रहेंगे, उन्हें रविवार को घंटों चली पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया था। तैंतीस में से 18 विभाग देखने वाले सिसोदिया की गिरफ्तारी को सिर्फ राजनीतिक बताकर भ्रष्टाचार के आरोप को किसी भी हाल में कमजोर नहीं किया जाना चाहिए। अगर ऐसा हुआ तो देश का लोकतंत्र कमजोर होगा।

# हरि बसे निरंतरि

**विचार-प्रवाह**

**मोहन मैत्रेय**

**काहे** रे बन खोजन जाई।। सरब निवासी सदा अलेपा तोही संगि समाई।।

पुहप मधि जिउ बासु बसतु है मुकर माहि जैसे छाई।।

तैसे ही हरि बसे निरंतरि घट ही खोजहु भाई।। बाहरि भीतरि एको जानहु इहु गुर गिआनु बताई।।

अर्थात, हे भाई! (परमात्मा को) ढूंढने के लिए जंगलों में क्यों जाता है? परमात्मा सबमें बसने वाला है, (फिर भी) सदा (माया के प्रभाव से) निर्लिप्त रहता है। वह परमात्मा तेरे साथ बसता है। जैसे फूल में सुगंध बसती है, जैसे शीशे में अक्स बसता है, वैसे ही परमात्मा एक-रस सबके अंदर बसता है। उसे अपने हृदय में ही तलाश। गुरु का (आत्मिक जीवन का) उपदेश ये बताता है कि (अपने शरीर के) अंदर और बाहर (हर जगह) एक परमात्मा को (बसता) समझो।

दिल्ली स्थित गुरुद्वारा रकाबगंज

श्री तेग बहादुर जी के पिता श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी ने गुरु गद्दी श्री हर राय जी को सौंपी थी और तेग बहादुर जी को बाबा बकाला जाकर रहने को कहा था। गुरु हरगोबिंद साहिब जी ने उन्हें जाते वक्त एक पोथी सौंपी और कहा कि कुछ समय बाद गुरु गद्दी तुम्हारे पास आएगी। तेग बहादुर जी अपनी माता और पत्नी के साथ बाबा बकाला गये और वहां 26 साल 9 माह 13 दिन भक्ति व ध्यान-साधना की।

इसके बाद आठवें गुरु श्री हरकृष्ण जी के संकेत के आधार पर श्री तेग बहादुर जी को गुरु गद्दी मिली। धीरमल ने इसका घोर विरोध किया और हिंसा का सहारा भी लिया। इसके बावजूद गुरु तेग बहादुर जी ने संगत से उसे क्षमा करने को कहा।

**कार्टून वर्ल्ड**

तालिबान की करतूत...



साभार : कार्टून मूवमेंट

**लेटर टू एडिटर**

### बिल्डरों पर शिकंजा

**तुर्की** व सीरिया भूगर्भीय जटिलताओं के चलते सदा भूकंप की जद में रहे हैं। भवन निर्माण में भूकंप रोधी प्रावधानों की अनदेखी से नुकसान ज्यादा हुआ। भूकंप से तबाही के अन्य कारणों में रिहायशी इमारतों की कमजोर संरचना भी शामिल है। अधिकांश इमारतें भूकंप रोधी नहीं थीं। भारत में भी कई इलाके भूकंप की दृष्टि से बेहद संवेदनशील हैं।

**–पूनम कश्यप, हजारीबाग**

### चीनी हठधर्मिता

**हालांकि,** दोनों देशों के उच्च सैनिक अधिकारियों तथा मास्को में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों तथा रक्षा मंत्री के बीच इस विवाद को लेकर कुछ समझौता होने की उम्मीद थी लेकिन चीन उसके ऊपर अमल नहीं करना चाहता। एलएसी पर कोई सार्थक समझौता नहीं हो सका। वैसे भी युद्ध किसी भी मसले का हल नहीं है। भारत ने कभी किसी देश पर हमला नहीं किया है।

**– श्यामलाल, रांची**

# जमशेदजी टाटा ने देश को एक औद्योगिक दिशा दी

**-सत्येन्द्र सिंह**

**जे.एन. टाटा (1839-1904)**

**जे.एन. टाटा** का जन्म 1839 में नवसारी में हुआ था। जे.एन. टाटा के पिता नसरवानजी टाटा ने एक देशी बैंकर से व्यापार के मूल सिद्धांतों को सीखा और बंबई चले गए और वहां वो एक हिंदू व्यापारी के साथ जुड़ गए। कुछ समय पश्चात जे.एन. टाटा बंबई में अपने पिता के साथ काम करने लगे, और एलफिन्स्टन इंस्टीट्यूशन में दाखिला लिया, जहां से वे 1858 में ग्रीन स्कॉलर (स्नातक) के रूप में उत्तीर्ण हुए। 1859 में वह हांगकांग में एक नई शाखा के सह प्रबंधक के रूप में अपने पिता की फर्म नसरवानजी और कालियानदास, जनरल मर्चेंट्स में शामिल हो गए।

उस समय अमेरिकी गृहयुद्ध चरम पर था। इसने दक्षिणी राज्यों से लंकाशायर की मिलों को कच्चे कपास की आपूर्ति बाधित कर दी थी। कपास के लिए बेताब, लंकाशायर ने भारत को अपने कपास के लिए सामान्य कीमत से दोगुनी कीमत की पेशकश की। इस अवसर से उनकी किस्मत रातों-रात बदल गई। इस बीच जे.एन. टाटा बंबई लौट आए।

नसरवानजी टाटा के साझेदार प्रेमचंद रॉयचंद, अपने बैंक, एशियाटिक बैंकिंग कॉर्पोरेशन की लंदन में एक शाखा खोलना चाहते थे और यह भी चाहते थे कि जे.एन. टाटा इसका नेतृत्व करें। बैंक बेहतर प्रदर्शन कर रहा था और इसका कारण अमेरिकी गृहयुद्ध के परिणामस्वरूप भारतीय अर्थव्यवस्था में आया उछाल था।

जे.एन. टाटा ने दिसंबर 1864 में चीन के बाजार में बिल्स की खेप ले जाने की शुरूआत की साथ ही उन्हें भारत से लिवरपूल के लिए कपास की बड़ी खेप के लदान के लिए भी अधिकृत किया गया। 1865 की शुरूआत में जनरल ली के आत्मसमर्पण के साथ अमेरिकी गृहयुद्ध समाप्त हो गया। अमेरिकी कपास की आपूर्ति फिर से शुरू होने के साथ, इस व्यवसाय पर आघात भी हुआ। जे.एन. टाटा के लिए अब चीनी बिल का बंडल रद्दी कागज था। उन्होंने ईमानदारी से अपनी फर्म के लेनदारों और बैंकरों को अपनी स्थिति बताई जिसके बाद उन्होंने, उन्हें लिक्विडेटर नियुक्त किया क्योंकि उन्हें उन पर भरोसा था।

1867 में जे.एन. टाटा ने मैनचेस्टर में थॉमस कार्लाइल को इस कहावत की व्याख्या करते हुए सुना कि ₹जो राष्ट्र लोहे पर नियंत्रण प्राप्त करता है, वह जल्द ही सोने पर नियंत्रण प्राप्त कर लेता है





> जे.एन.टाटा के परोपकारी सिद्धांत इस विश्वास में निहित थे कि भारत को गरीबी से बाहर निकलने के लिए इसके बेहतरीन प्रतिभा का उपयोग करना होगा। चैरिटी और हैंडआउट उनके तरीके नहीं थे, इसलिए उन्होंने 1892 में जेएन टाटा एंडोमेंट की स्थापना की। इसने भारतीय छात्रों को, जाति या पंथ की परवाह किए बिना, इंग्लैंड में उच्च अध्ययन करने में सक्षम बनाया।

जे.एन. टाटा की इंग्लैंड में पहली यात्रा, और बाद के वर्षों में किए गए अन्य अभियानों ने उन्हें आश्वस्त किया कि कपड़ा उद्योग के प्रचलित ब्रिटिश प्रभुत्व में सेंध लगाने के लिए भारतीय कंपनियों के पास जबरदस्त गुंजाइश थी।

जे.एन.टाटा ने 1869 में कपड़ा उद्योग में कदम रखा। उन्होंने बंबई के औद्योगिक क्षेत्र के केंद्र में स्थित चिंचपोकली में एक जीर्ण-शीर्ण और दिवालिया तेल मिल का अधिग्रहण किया, उन्होंने इस प्रॉपर्टी का नाम एलेक्जेंड्रा मिल रखा और इसे एक कपास मिल में बदल दिया। दो साल बाद, जे.एन. टाटा ने एक स्थानीय कपास व्यापारी को महत्वपूर्ण लाभ के बदले यह मिल बेच दी। इसके बाद उन्होंने इंग्लैंड की एक विस्तारित यात्रा की, और लंकाशायर कपास व्यापार का एक विस्तृत अध्ययन किया। श्रमिकों, मशीनरी और उत्पादन की गुणवत्ता, जो जे.एन.टाटा ने इस प्रवास के दौरान देखा, वह काफी प्रभावशाली था, हालांकि उन्हें पूरा यकीन था कि वो इस कहानी को अपने देश में दोहरा सकते हैं।

जे.एन. टाटा का मानना था कि वह एक ऐसे खेल में उन औपनिवेशिक व्यवसायियों का मुकाबला कर सकतें हैं और उन्हें हरा सकते हैं, जिन्होंने अपने लाभ के लिए धांधली की थी। उस समय के प्रचलित मान्यता के अनुसार यह निर्धारित था की बॉम्बे नई परियोजना स्थापित करने के लिए उपयुक्त स्थान है, लेकिन जेएन टाटा की प्रतिभा ने उन्हें गलत साबित किया। उन्होंने सोचा कि वह अपनी सफलता की संभावना को बढ़ा सकते हैं यदि वह अपनी योजनाओं में तीन महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल कर सके : कपास उगाने वाले क्षेत्रों से निकटता, रेलवे जंक्शन तक आसान पहुंच और पानी तथा ईंधन की भरपूर आपूर्ति। महाराष्ट्र के कपास क्षेत्र के मध्य में स्थित नागपुर ने इन सभी शर्तों को पूरा किया। 1874 में, जे.एन.टाटा ने 1.5 लाख रुपये की शुरूआती पूंजी के साथ एक नया उद्यम, सेंट्रल इंडिया स्पिनिंग, वीविंग एंड मैन्युफैक्चरिंग कंपनी शुरू की थी। तीन साल बाद, उनका उद्यम अपनी नियति को साकार करने के लिए तैयार था।

1 जनवरी, 1877 को, जिस दिन महारानी विक्टोरिया को भारत की साम्राज्ञी घोषित किया गया, नागपुर में एम्प्रेस मिल्स अस्तित्व में आया। 37 साल की उम्र में, जे.एन.टाटा ने अपने पहले शानदार सफर की शुरूआत कर ली थी।

जे.एन. टाटा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विचारों से पूरी तरह सहानुभूति रखते थे और बंबई में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पहले अधिवेशन में उपस्थित थे, वो आर्थिक रूप से इसका समर्थन करते रहे थे और जीवन भर कांग्रेस के सदस्य बने रहे।

जे.एन.टाटा के परोपकारी सिद्धांत इस विश्वास में निहित थे कि भारत को गरीबी से बाहर निकलने के लिए इसके बेहतरीन प्रतिभा का उपयोग करना होगा। चैरिटी और हैंडआउट उनके तरीके नहीं थे, इसलिए उन्होंने 1892 में जेएन टाटा एंडोमेंट की स्थापना की। इसने भारतीय छात्रों को, जाति या पंथ की परवाह किए बिना, इंग्लैंड में उच्च अध्ययन करने में सक्षम बनाया।

यह शुरूआत टाटा छात्रवृत्ति में फली-फूली, जो इस हद तक विकसित हुई कि 1924 तक प्रतिष्ठित भारतीय सिविल सेवा में आने वाले प्रत्येक पांच भारतीयों में से दो टाटा स्कॉलर थे।

**खास बात**

## पाक से धोखा

**आर.के. सिन्हा**

पाकिस्तान में आजकल भयंकर हाहाकार मचा हुआ है। महंगाई के कारण आम पाकिस्तानी दाने-दाने को मोहताज हो गया है। यह स्थिति दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। अब हमारे यहां के कुछ उदारवादी यह कह रहे हैं, कि भारत को चाहिए कि वह पाकिस्तान की मदद करे। भारतीय गुप्तचर एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के पूर्व प्रमुख अमरजीत सिंह दुलत कह रहे हैं कि मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस साल के अंत में किसी समय पाकिस्तान की ओर शांति का हाथ बढ़ाएंगे और पिछले कुछ महीनों से राजनीतिक एवं आर्थिक संकट से जूझ रहे पड़ोसी देश की मदद करेंगे।

अब इन महानुभाव से पूछा जाना चाहिए कि जो मुल्क भारत पर 1948, 1965, 1971 और फिर कारगिल पर हमला कर चुका हो उसको लेकर इतना उदारता का रवैया अपनाने का क्या मतलब है। उसी पाकिस्तान की तरफ से मुंबई में 2008 में भीषण आतंकी हमला हुआ। उसके बाद मुंबई हमेशा-हमेशा के लिए बदल गया। 26 नवंबर 2008 को पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादियों ने समुद्री मार्ग से मुंबई में प्रवेश किया और मुंबई में कई स्थानों पर अचानक हमला कर दिया। 28 नवंबर तक ताज होटल को छोड़कर सभी हमले किये गए स्थलों को सुरक्षा बलों ने अपने कब्जे में ले लिया था। अगले दिन, एनएसजी कमांडो ने होटल में प्रवेश किया और आतंकवादियों को मार गिराया। पर उस आतंकी हमले में सैकड़ों लोगों की जानें गईं और हजारों करोड़ रुपये की संपत्ति तबाह हो गई। इसके बावजूद पाकिस्तान में उस हमले के मास्टर माइंड खुलेआम घूम रहे हैं। उन्हें पाकिस्तान सरकार और उसकी धूर्त सेना का संरक्षण हासिल है। अगर कोई सोच रहा है कि मुंबई हमलों के बाद सब कुछ शांत हो गया था, तो वे फिर पठानकोट और उसके बाद उरी की घटनाओं को याद कर लें। पाकिस्तान की सरपरस्ती में सरहद पार से आए जेहादियों ने भारतीय सेना के पठानकोट तथा उरी के ठिकानों पर सुनियोजित हमले किए। हमारे यहां से पाकिस्तान को मदद देने की मांग भले ही हो रही है, पर क्या पाकिस्तान ने भारत से किसी तरह

**बढ़ती** चिकित्सा सुविधा में सस्ती जेनेरिक दवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। मनमाने एमआरपी छापने और दाम लेने को नियंत्रण में करने हेतु राज्य स्तर पर व्यवस्था है।

ये कितने प्रभावी होते हैं, ये राज्य सरकार की क्षमता पर निर्भर हैं।

**- महेश पोद्दार, सांसद**

**आपके ट्वीट**

**टाना** भगत समुदाय के लोगों की वर्तमान में कितनी जनसंख्या है, इसका आंकलन करें। टाना भगत समुदाय को सरकार की योजनाओं से कितना लाभान्वित किया गया, इसका ब्योरा हमें दें।

**– हेमंत सोरेन, सीएम झारखंड**





निर्माण के कांग्रेस का सत्याग्रह,
भाजपा के सत्ताग्रह से जीतेगा।
वो सत्ता के लिए कुछ भी करेंगे, हम सत्य के सहारे लड़ेंगे, और जीतेंगे।

**– राहुल गांधी, सांसद**

# देश-दुनिया में टाटा समूह ने कीर्तिमान स्थापित किया

**एस सिंह**

**भारतीय** विज्ञान संस्थान बनाने का उद्देश्य एक स्त्रोत से आया था, लेकिन यहाँ, स्टील प्लांट की तरह ही, जेएन टाटा को भी अपने जीवनकाल में कोई ठोस प्रतिफल प्राप्त किए बिना कई वर्षों तक मुश्किलें हीं झेलनी पड़ी। जे.एन.टाटा ने संस्थान की स्थापना के लिए अपने व्यक्तिगत संपत्ति से 30 लाख रुपये देने का वादा किया, इसे जिस आकार में लेना चाहिए उसका खाका तैयार किया, और इसे वास्तविकता में बदलने के लिए वायसराय, लॉर्ड कर्जन से लेकर स्वामी विवेकानंद तक, सभी के समर्थन की याचना भी की।

स्वामी विवेकानंद ने, उनके इस विचार के समर्थन में, 1899 में लिखा कि, मुझे नहीं पता कि कोई भी परियोजना पहली बार में इतनी उपयुक्त और अब तक अपने लाभकारी प्रभावों तक पहुँचने के लिए भारत में कभी भी शुरू की गई हो ...

यह योजना हमारे राष्ट्रीय कल्याण में आई कमजोरी के महत्वपूर्ण बिंदु को दृष्टि की स्पष्टता और मजबूत पकड़ के साथ समझती है, जिसकी विशेषज्ञता केवल उस उपहार की उदारता के बराबर है जो जनता को दी जा रही है। इस समर्थन और इसके साथ ही इसी प्रकार के अन्य प्रयासों के बावजूद, बैंगलोर में स्थापित शानदार भारतीय विज्ञान संस्थान को 1911 में अपने अस्तित्व में आने में 12 साल लगे।

बाद के वर्षों में जे.एन.टाटा के अपने जीवन के देखे गए तीन महान सोच को मूर्त रूप दिया गया: एक लौह और इस्पात

**संस्मरण**

कंपनी की स्थापना, जलविद्युत शक्ति का उत्पादन, और एक विश्व स्तरीय शैक्षणिक संस्थान का निर्माण, जो विज्ञान में भारतीयों को प्रशिक्षित करेगा। जे.एन.टाटा के जीवित रहते इनमें से कोई भी सपना साकार नहीं हुआ, लेकिन उन्होंने जो बीज बोए, जो काम उन्होंने किया, और अपने सपनों की इस त्रयी को पूरा करने के लिए उन्होंने जो इच्छाशक्ति दिखाई, उससे यह सुनिश्चित हुआ कि उन्हें शानदार प्रसिद्धि मिलेगी।

थॉमस कार्लाइल ने आयरन और स्टील के विचार को तब जन्म दिया जब जे.एन.टाटा, अपनी कपड़ा मिल के लिए नई मशीनरी की जांच के लिए मैनचेस्टर की यात्रा पर, एक व्याख्यान में शामिल हुए। उन्होंने अपना दिल एक ऐसे स्टील प्लांट के निर्माण पर लगाया था जिसकी तुलना दुनिया में अपनी तरह के सबसे अच्छे स्टील प्लांट से की जा सके। यह एक विराट कार्य था। 1899 में मेजर माहोन की रिपोर्ट से वास्तव में जे.एन. टाटा को सर्वप्रथम भारत को एक स्टील उद्योग देने का अवसर मिला था, इससे पहले भारतीयों को कानून द्वारा स्टील प्लांट स्थापित करने की अनुमति नहीं थी। इस रिपोर्ट के कारण लॉर्ड कर्जन ने लाइसेंस प्रणाली को उदार बनाया। वह औद्योगिक क्रांति जिसने ब्रिटेन और अन्य देशों को बदल दिया था, जिससे भारत करीब करीब उपेक्षित रहा था। दकियानूसी सरकारी नीतियां, बमुश्किल सुलभ क्षेत्रों में पूर्वेक्षण की जटिलताओं और दुर्भाग्य ने मामले को और बदतर बना दिया। जे एन टाटा ने अपने जीवन के हर दूसरे मोड़ पर अपना मार्ग अवरूद्ध पाया जैसा कि उनके जीवनी लेखक फ्रैंक हैरिस ने लिखा है ₹वो विलक्षण बाधाएं जिन्होंने पूर्व को आधुनिक बनाने का प्रयास करने वाले अग्रदूतों के कदमों को रोका₹।

इस्पात परियोजना में तय किए गए कष्टप्रद मोड़ और घुमाव एक सामान्य इंसान को पराजित कर सकते थे, लेकिन जे.एन.टाटा इस उद्यम को फलीभूत होते देखने के अपने दृढ़ संकल्प पर अडिग रहे। सफर में उन्हें ग्रेट इंडियन पेनिन्सुलर रेलवे के चीफ कमिश्नर सर फ्रेडरिक अपकॉट जैसे लोगों के तिरस्कार का भी सामना करना पड़ा, जिन्होंने स्टील रेल के हर पाउंड के उपभोग टाटा द्वारा बनाये का वादा किया था।

# रेलवे : पूर्वोत्तर भारत के नये विकास का इंजन

**जी. किशन रेड्डी**

**डिब्रू-**सादिया रेलवे के पहले लोकोमोटिव ने 1882 में ब्रह्मपुत्र के साथ दूर के चाय-बागानों को जोड़ा, ताकि वस्तुएं अंततः कोलकाता तक पहुंच सकें। दशकों बाद, रेलवे डिब्रूगढ़ से कोलकाता तक यात्रा की अवधि को 15 दिनों से घटाकर 24 घंटे तक करने में सफल रहा है। हालांकि, 2014 तक, पूर्वोत्तर में रेलवे की सेवाएं मुख्य रूप से वर्तमान के असम तक ही सीमित रहीं। पिछले 8 वर्षों में, पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र में रेलवे के विस्तार को सुनिश्चित करने के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किए गए हैं और जिस धैर्य व दृढ़ता से इस सपने को साकार किया गया है, उसे लोगों के सामने लाये जाने की आवश्यकता है।

एक नई सुबह पूर्वोत्तर में बदलाव

भूतल परिवहन की तेजी से प्रगति, किसी भी क्षेत्र के त्वरित विकास के लिए महत्वपूर्ण है और इसके लिए भारतीय रेलवे पूर्वोत्तर में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। दशकों की उपेक्षा और विकास की धीमी गति को देखते हुए, सरकार ने इस क्षेत्र में परिवहन-संपर्क को अभूतपूर्व बढ़ावा दिया है। पिछले 9 वर्षों में, भारतीय रेलवे ने अग्रणी भूमिका निभाते हुए इस क्षेत्र में नई रेल लाइनों, पुलों, सुरंगों आदि के निर्माण पर 50,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए हैं और लगभग 80,000 करोड़ रुपये की नई परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

पूंजीगत व्यय पर विशेष जोर ने

**सामयिक**

यह सुनिश्चित किया है कि राजधानी रेल-संपर्क परियोजना, जिसका उद्देश्य पूर्वोत्तर राज्यों की सभी राजधानियों को जोड़ना है, अब एक वास्तविकता है। इसके हिस्से के रूप में, भारत, जिरीबाम-इम्फाल रेल लाइन का निर्माण कर रहा है, जिसमें 141 मीटर की ऊंचाई पर दुनिया का सबसे ऊंचा लंबा तटबंध पुल है। इन परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए, भारत सरकार द्वारा पूर्ण समर्थन और संसाधन प्रदान किए गए हैं। 2009 और 2014 के बीच प्रति वर्ष 2,122 करोड़ रुपये के खर्च की तुलना में, औसत वार्षिक बजट आवंटन में 370 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 9,970 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

अवसंरचना विकास के सन्दर्भ में, पूर्वोत्तर की स्थलाकृति हमेशा से एक कठिन चुनौती रही है। हालांकि, मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों से क्षेत्र के सुदूर स्थलों को भी रेल-संपर्क से जोड़ना सुनिश्चित हुआ है। वर्तमान में 121 नई सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है और इनमें 10.28 किलोमीटर लंबी सुरंग संख्या 12 शामिल है, जो देश की दूसरी सबसे लंबी सुरंग होगी।

**रोजगार के अवसरों का सृजन- युवाओं का सशक्तिकरण**

स्थानीय व्यवसायों और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने 2022 में असम और गोवा के बीच पहली पार्सल कार्गो एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन किया। रानी गाइदिनल्यू, नागालैंड और मणिपुर की एक महान आध्यात्मिक गुरु हैं। एक उपयुक्त श्रद्धांजलि के रूप में, पहली मालगाड़ी ने मणिपुर के तमेंग्लॉन्ग जिले के रानी गाइदिनल्यू रेलवे स्टेशन में प्रवेश किया था।

जो लोग पूर्वोत्तर जाते हैं, वे इस क्षेत्र की शानदार पर्यटन क्षमता से अभिभूत हो जाते हैं। मनोरम दृश्य, वन्यजीव और संस्कृति व त्योहारों के रूप में अमूर्त विरासत, सम्पूर्ण पूर्वोत्तर की विशिष्टता है।

जारी...

**(केंद्रीय उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास, पर्यटन और संस्कृति मंत्री हैं)**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल की बैठक




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल समिति की बैठक गुरूवार को सेल परिसर में हुई। समिति ने भुरकुंडा कोलियरी प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर 3-4 मार्च को आउटसोर्सिंग कंपनी बलकुदरा का कोयला डिस्पैच ठप करने का निर्णय लिया था। लेकिन पतरातू प्रखंड में जी-20 समिट कार्यक्रम में कई देशों के प्रतिनिधियों को आना क्षेत्र और राज्य के लिए गौरव की बात है। जिसे देखते हुए आन्दोलन वापस ले लिया गया है। कहा गया कि पिछले 28 फरवरी को भुरकुंडा ऑफिसर्स क्लब में अंचलाधिकारी पतरातू की अध्यक्षता में त्रिपक्षीय वर्ता हुई। जिसमें सीसीएल प्रबंधन, प्रखंड प्रशासन और रोडसेल समिति के प्रतिनिधि शामिल हुए थे। त्रिपक्षीय वार्ता में कथित विस्थापित समितियों द्वारा 35 वर्ष पुराने भुरकुंडा कोलियरी रोडसेल समिति को भंग करने की मांग की गई जो पुरी तरह से गलत है। समिति इसका पुरजोर विरोध करता है।

बैठक में कहा गया कि समिति का गठन प्रखंड और जिला प्रशासन की देखरेख में हुआ है।मौके पर गिरधारी गोप, रेवती रमण शर्मा, मुकेश पासवान, दर्शन गंझू, अजय सिंह, अरविंद प्रसाद, कुलदीप यादव, प्रेम कुमार साहु, रविन्द्र सिंह, हरिशंकर चौधरी, तुला खान, संजय मिश्रा, रावेल एक्का, सरोजकांत झा, दिनेश मेहता, रोहित करमाली, बुटन नायक सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### मौर्या तुलसी पेंटस का उद्घाटन

**रामगढ़।** फुटबॉल ग्राउंड के निकट सुमित्रा मार्केट में मौर्या तुलसी पेंटस का उद्घाटन समाज सेवी अमित सिन्हा ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि इस प्रतिष्ठान के खुलने से आसपास के लोगों को लाभ होगा। प्रतिष्ठान के संचालक विवेक रंजन मौर्य ने कहा कि प्रतिष्ठान में लोगों के घरों के लिए सभी प्रकार के पेंटस उचित मूल्य पर उपलब्ध हैं। क्योंकि हमारा लक्ष्य ही ग्राहकों की संतुष्टि है। मौके पर मनीष मार्यो, मो साजिद, अरूण कुमार, मुकेश गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार, बलवीर सिंह, नवनीत कुमार ,उत्तम कुमार, सलमान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### सहस्त्र महाचंडी यज्ञ का भूमि पूजन 5 को



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा थाना मैदान में श्री गुरू खेपा आश्रम में बुधवार को श्रीश्री 1008 श्री गुरू खेपा बाबा जी महाराज की अध्यक्षता में श्रद्धालुओं की बैठक हुई। बैठक में सहस्त्र महाचंडी यज्ञ कराने पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि भुरकुंडा थाना मैदान में महायज्ञ कराया जायेगा। 5 मार्च को भूमि पूजन के साथ यज्ञ का झंडा पूरे क्षेत्र में भ्रमण करा यज्ञ स्थल पर ध्वजारोहण की जायेगी। बैठक में यज्ञ की तैयारियों, साफ-सफाई, कोष संग्रह आदि मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। मौके पर राधे श्याम पांडेय, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, जयवीर दांगी, बाबू, सत्यनारायण दांगी, आनंद महतो, मनोहर सोनी, मुखिया अजय पासवान, काला बाबू, राहुल मंडल, बजरंगी लाल, कैलाश राउत, रॉकी, देवानंद महतो, विशंभर नाथ महतो, राजकुमार तुरी, अभिषेक मिश्रा, पुतुल गिरी, सागर सहित दर्जनो लोग मौजूद

### 2024 में बनाएंगे सरकार : चौहान



**बरही।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी की जीत के बाद आजसू के बरही विधानसभा प्रभारी राजसिंह चौहान ने हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह जीत हमारे पार्टी और एनडीए दल के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण जीत है। आने वाले 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ एनडीए गठबंधन की सरकार बनेगी। रामगढ़ में आजसू पार्टी की सुनीता चौधरी की यह जीत बहुत मायने रखती है। यहां की जनता ने यूपीए गठबंधन को नकार दिया है। रामगढ़ के विकास पुरुष चंद्रप्रकाश चौधरी के हाथों को मजबूत किया है, इसके लिए वहां की जनता को बधाई देता हूं।

### खलारी में विहिप सह बजरंग दल का होली मिलन समारोह

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल नारी शक्ति दुर्गा वाहिनी की ओर से खलारी प्रखंड संयोजिका सुनीता महतो के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का अयोजन किया गया। इसमें भाजपा मेसरा मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष शिवलाल महतो ने कहा होली का पर्व हमारे सनातन धर्म का प्रतीक है। जाति धर्म के आधार पर बांटना नहीं है। हिंदू संस्कृति परंपरा सभ्यता को नारी शक्ति भारत देश के हर माता सदियों से मानती आ रही है और सनातन धर्म को जन जन तक पहुंचा रही है। हर रंग को मिला कर एक उमंग जगा कर एक सूत्र में बांध रही है। इसलिए मेरा हजारों हजार साल पुराना सनातन धर्म महान है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आरएसएस के स्वयंसेवक उदय, शिशु विद्या मंदिर स्कूल के प्राचार्य गोपाल मिस्त्री, व बजरंग दल के कर्मठ, संघठनकर्ता बिनोद विश्वकर्मा, सुनीता महतो,संगीता देवी रामलाल महतो,किशोर महतो,अरविंद साहु, धनंजय कुमार महतो,एवं नारी शक्ति दुर्गा वाहिनी संगठन की महिला सदस्य उपस्थित थीं।

# आजसू कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

## रामगढ़ में सुनीता चौधरी की जीत पर बंटी मिठाइयां

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रामगढ़ विधानसभा उप-चुनाव में आजसू पार्टी की शानदार जीत पर कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। मिठाइयां बांटी एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर जीत की बधाई दी। जीत के खुशी में पटाखे फोड़ गये। डीजे की धून पर कार्यकर्ता खूब नाचे। बता दें कि आजसू पार्टी के उम्मीदवार सुनीता चौधरी को जीत हासिल हुई है। उन्होंने कांग्रेस के उम्मीदवार बजरंग महतो को कड़ी शिकस्त देकर बाजी मारने का काम की है।

गुरुवार को आजसू पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय हरमू रोड में रामगढ़ चुनाव के नतीजे पार्टी के पक्ष में आते चले गये, वैसे वैसे कार्यकर्ता वहां जूटने लगे। जीत सुनिश्चित होने के साथ ही कार्यकर्ता जुट गये हाथों में लड्डू लेकर बांटना शुरू कर दिये। बाजे-गाजे पहुंच गये और उसके धुन पर नाचने लगे। पार्टी का जश्न जुलूस के शक्ल में हरमू रोड से शहीद चौक और अलबर्ट एक्का पहुंचा, जहां जीत की पुरजोर जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकार की नीतियों को जनता ने नाकार दिया है। 2024 में एनडीए की सरकार तय है।

जश्न मनानेवालों में आजसू पार्टी के रांची जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, हटिया विधानसभा आजसू प्रभारी भरत कांशी, केंद्रीय पदाधिकारी बनमाली मंडल, नईम अंसारी, आशुतोष गोस्वामी, अरविंद सिंह, रांची महानगर अध्यक्ष ज्ञान सिन्हा, सीमा सिंह, विजेता वर्मा, कृष्णा सिंह, आजसू छात्र केन्द्रीय सचिव ज्योत्सना केरकेट्टा समेत बड़ी संख्या में छात्र संघ और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेगी आजसू : सुदेश महतो

### सुनीता चौधरी की जीत के बाद कार्यकर्ताओं ने निकाला जुलूस

#### सभी को साथ लेकर चलेंगे : चंद्रप्रकाश चौधरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में आजसू प्रत्याशी की जीत के उपरांत कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकाला । जुलूस में आजसू प्रमुख सुदेश महतो, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी , विजय प्रत्याशी सुनीता चौधरी सहित कई लोग शामिल थे।

आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी की जीत के बाद आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि यह लोगों के हमपर भरोसे की जीत है। कहा कि हम लोगों द्वारा दिये गये समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं। आजसू लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने का कार्य करेगी। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में आजसू प्रत्याशी की जीत पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि हम लोगों के हर सुख दुख में साथ खड़े रहते हैं। लोगों ने हमपर जो विश्वास किया है, उसके लिए हम उनका आभार व्यक्त करते हैं। सांसद ने कहा कि हम सभी को साथ लेकर चलने का कार्य करेंगे। वहीं, रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में विजय आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने कहा कि अब हमारी जिम्मेवारी बढ़ गई है। लोगों ने हमपर जो विश्वास किया है उसपर खरा उतरते हुए कार्य करेंगे। लोगों की समस्याओं को दूर करने का कार्य करेंगे।

### जनता को आम चुनाव का इंतजार : महेंद्र महतो



**बासल (रामगढ़)।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में एनडीए भाजपा-आजसू के संयुक्त उम्मीदवार सुनीता चौधरी की जीत क्षेत्र के जनता की जीत है। उक्त बातें भाजपा नेता महेन्द्र कुमार महतो ने गुरूवार को कहा कि सुनीता चौधरी की जीत का श्रेय पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, दीपक प्रकाश, सुदेश महतो, चंद्रप्रकाश चौधरी और रामगढ़ के जनता को जाता है। श्री महतो ने कहा कि उपचुनाव में एनडीए की जीत से 2024 में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव का परिणाम का संकेत मिला है। उन्होंने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार के जनता विरोधी नीति और भ्रष्टाचारियों से जनता तंग आ गई है। अब बस जनता को आम चुनाव का इंतजार है। राज्य के सीएम हेमंत सोरेन झारखंड में तुष्टिकरण की नीति पर कार्य किए हैं। उपचुनाव में हेमंत सोरेन खुद तीन से चार चुनावी सभा किए थें, लेकिन क्षेत्र की जनता ने राज्य सरकार के नीतियों को पुरी तरह नकार दिया है।

### राज्य सरकार के जन विरोधी नीति तंग आ गयी है जनता : शशिकांत



**भदानीनगर (रामगढ़)।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में एनडीए भाजपा-आजसू के संयुक्त उम्मीदवार सुनीता चौधरी की जीत क्षेत्र के जनता की जीत है। उक्त बातें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष शशिकांत सिंह ने गुरूवार को प्रेस बयान जारी कर कही। उन्होने कहा है कि सुनीता चौधरी की जीत का श्रेय पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, दीपक प्रकाश, सुदेश महतो, चंद्रप्रकाश चौधरी और रामगढ़ के जनता को जाता है। श्री सिंह ने कहा कि उपचुनाव में एनडीए की जीत से 2024 में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव का परिणाम का संकेत दे रहा है। उन्होंने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार के जनता विरोधी नीति और भ्रष्टाचारियों से जनता तंग आ गई है। अब बस जनता को आम चुनाव का इंतजार है। राज्य के सीएम हेमंत सोरेन झारखंड में तुष्टिकरण की नीति पर कार्य किए हैं। उपचुनाव में हेमंत सोरेन खुद तीन से चार चुनावी सभा किए थें, लेकिन क्षेत्र की जनता ने राज्य सरकार के नीतियों को पूरी तरह नकार दिया है।

# विधायक प्रतिनिधि बाउरी की हत्या में शामिल तीन अपराधी गिरफ्तार



**रामगढ़।** भुरकुंडा ओपी अंतर्गत सौंदा बस्ती में विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर बाउरी उर्फ बितका बाउरी की हत्या में शामिल तीन आरोपियों को पुलिस ने तीन को गिरफ्तार किया है। उक्त जानकारी गुरुवार को प्रेस वार्ता में एसपी पीयूष पांडे ने दी। उन्होंने बताया कि 25 फरवरी को रात 8:00 बजे सूचना मिली की सौंदा बस्ती निवासी राजकिशोर बाउरी उर्फ बितका बाउरी की सिरिया बाउरी सौंदा बस्ती पेट्रोल पंप के निकट थे। उसी क्रम में मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। हत्या के उद्भेदन के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातु बिरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी अभियान में शामिल तीन अपराधकर्मी गिरफ्तार किये किया, जो पांडे गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं। इस घटना में शामिल अन्य अपराधकर्मियों की धर पकड़ के लिए छापेमारी जारी है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त हथियार एवं मोटरसाईकिल बरामद किया गया है। **ये हुए गिरफ्तार :** गोबिंद कुमार (पतरातू), अंजित मुंडा (पतरातू) और बादल लोहरा(बुढ़मू)। एक अपाची मोटरसाईकिल, एक 7.65 बोर का देसी पिस्टल एवं 4 जिंदा गोली और तीन मोबाइल बरामद किया। छापेमारी में पुनि रोहित कुमार, पुअनि अमित कुमार, पुअनि अक्षय कुमार, पुअनि सोनू साहू एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# अभिभावकों के सुझावों पर अमल करेंगे : मनोज कुमार

### गौतम बुद्ध टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में पैरेंट्स और टीचर्स मीटिंग

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में गुरूवार को आयोजित पैरेंट्स-टीचर्स मीटिंग में अभिभावकों ने राय रखी। कॉलेज प्रबंधन की ओर से उनके सुझावों पर अमल करने का भरोसा दिया गया।

अभिभावक अजय मिश्रा ने कहा कि उनके परिवार के सात लोगों ने इस महाविद्यालय से बीएड की ट्रेनिंग ली और सभी आज नौकरी में हैं।

क्लेमेंट टुडू ने कहा कि 2007 से पहले वह सोचते थे कि अगर यहां बीएड कॉलेज होता, तो उन्हें अपने बच्चे को बाहर नहीं भेजना पड़ता। गौतम बुद्ध बीएड कॉलेज ने उनका और उनके बच्चों का सपना पूरा किया। अन्य अभिभावकों ने भी कॉलेज की गुणवत्ता आधारित प्रशिक्षण व विभिन्न गतिविधियों को सराहा और यहां अपने बच्चों के नामांकन पर खुशी जाहिर की। कॉलेज प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने महाविद्यालय के महत्वपूर्ण पहलुओं और गतिविधियों की जानकारी अभिभावकों को दी। उन्होंने अभिभावकों से प्रशिक्षण के दौरान बच्चों पर निगाह रखने और प्रशिक्षुओं को नियमित कक्षाएं करने की बात कही। इससे पहले विषय प्रवेश कराते हुए कॉलेज प्रबंधन समिति के सचिव मिथिलेश मिश्र ने कहा कि यह महाविद्यालय अपनी गुणवत्ता के लिए जाना जाता है।

उन्होंने विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में अभिभावकों की भूमिका को काफी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षक वही बन सकते हैं, जिनमें बच्चों के मनोभाव को पढ़ने की क्षमता हो और यही बातें इस कॉलेज में प्रशिक्षुओं को सिखाई जाती हैं।

प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार यादव ने कहा कि बच्चों के पहले शिक्षक अभिभावक होते हैं। ऐसे में प्रशिक्षुओं के भविष्य निर्माण में अभिभावक, मार्गदर्शक और कॉलेज प्रबंधन का अहम योगदान होता है। इससे पहले बैठक का शुभारंभ अभिभावकों, कॉलेज प्रबंधन के उपाध्यक्ष, सचिव और प्राचार्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। मंच संचालन सहायक प्राध्यापिका कुमारी अंजलि और धन्यवाद ज्ञापन पुष्पा कुमारी ने किया। मौके पर महाविद्यालय के सभी व्याख्याता, शिक्षकेत्तर कर्मी सहित कई अभिभावक व प्रशिक्षु मौजूद थे।

## एक नजर में

### मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने लगाया चापाकल



बरही। धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने निजी खर्च से बरदाग स्थित दुर्गा मंदिर में निजी खर्च से चापानल लगाया। ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि स्वार्थ की दुनियां में निस्वार्थ भावना से काम करनेवाला जनप्रतिनिधि बहुत ही कम उपलब्ध है। ऐसी परिस्थिति में मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने चापानल लगाकर जनहित के लिए परोपकार का कार्य किया है। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि करीब 50 घर के लोग पानी की समस्या से लगातार जूझ रहे थे। सरकारी स्तर पर यहां पेयजल की व्यवस्था नहीं होने के कारण प्रतिदिन लोग पानी के लिए परेशान रहते थे। ग्रामीणों के इस दर्द से वह काफी चिंतित रहते थे। किंतु उनके पास चापानल लगाने के लिए मुखिया मद में राशि नहीं रहने के कारण चापानल लगवाने में असमर्थ थे। संबंधित विभाग से भी उन्होंने कई बार गुहार लगाई किंतु चापानल नहीं लगाया गया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्या और उनकी मांग को देखते हुए अपने स्वयं के खर्च से इस घनी आबादी के बीच दुर्गा मंडप में चापानल लगवाया। मौके पर ममता देवी, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि विकास यादव, समाजसेवी प्रकाश साहू, मनोज कुमार, महेंद्र प्रसाद, जागो महतो, उपेंद्र प्रसाद, अनिल प्रसाद, इंद्रदेव महतो, संतोष प्रसाद, गणेश महतो, जागो महतो, मुकेश महतो सहित ग्रामीणों ने मुखिया के प्रति आभार व्यक्त किया।

### बेलहारा गांव में भक्ति जागरण आयोजित



**बरही।** विजैया पंचायत के बेलहरा गांव में यज्ञ के अवसर पर भक्ति जागरण हुआ, जिसमे सुसंगम मैजिकल ग्रुप धनबाद व अनु दुबई के ग्रुप ने भक्ति गीत गाकर भक्तो को रात भर झुमाया। कार्यक्रम की शुरूआत द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमे मुख्य रूप से जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि कयूम, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, समाजसेवी रघु मोदी, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रोहित यादव, विकाश यादव, महेश यादव, युगल यादव, बैजनाथ यादव, दिनेश कुमार यादव, संजय यादव, केदार यादव, परमेशर पंडित, संजय पांडेय, दिलीप कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### 25 किमी से वृद्धा पेंशन लेने आते हैं वृद्ध



**दारू।** मनुष्य भी कभी कभी परिस्थितियों के आगे बिल्कुल बेबस हो जाता है और लाख चाह कर भी वह कुछ भी कर नही पाता है। बेटा बेटी, नाती , पोतों से भरा परिवार है एंदला हरली, कीमो निवासी 80 वर्षीय बुजुर्ग महादेव टुडू पिता सानू मांझी की। इसकी दोनो आंखों में मोतियाबिंद हो गया है जिस कारण उसकी आँखों की रोशनी पूरी तरह खत्म हो गई है और वह अपने दोनो हांथो में दो डंडा का सहारा लेकर चलता है। कीमो पंचायत से 25 किलोमीटर दूर बैंक ऑफ इंडिया दारू शाखा में वह बृद्धा पेंशन लेने आता है। महादेव का कहना है कि किसी तरह से उसका आंख का ऑपरेशन हो जाता तो उसकी आँखों की रोशनी वापस आ जाता और वह कम से कम अपना दिनचर्या का कार्य खुद कर पाता। उसकी ऐसी हालात पर मीडिया कर्मी की नजर उसके ऊपर पड़ी जिसके बाद कुछ सामजसेवी लोगों ने उसकी मदद की बात कही है।

### दारू में बन रही दो पानी की टंकी

**दारू।** थाना के सामने एल एंड टी कंपनी द्वारा कोनारडेम से हजारीबाग तक ले जा रहे शहरी जलापूर्ति योजना के तहत पाइप बिछाने का कार्य किया जा रहा है। दारू थाना के सामने करीब तीन एकड़ जमीन पर इस योजना के तहत 45 लाख 20 हजार लीटर क्षमता के दो बड़े बड़े पानी की टंकी बनाई जा रही है जिसका निर्माण कार्य अभी चल रहा है।इस बारे में कंपनी के कर्मियों ने बताया कि कोविड की वजह से दो साल तक इस योजना पर कार्य नही हो सका है अब यह कार्य तेज गति से चल रही है उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही कार्य को पूर्ण कर लिया जाएगा।

### पर्व में डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा : सीओ

**टाटीझरिया ।** होली और सबे बरात को लेकर टाटीझरिया थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक टाटीझरिया सियो नीलम कुमारी की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य रूप से टाटीझरिया बीडीओ साइना तिग्गा प्रमुख संतोष मंडल टाटीझरिया थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार प्रखंड क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग शामिल हुए । होली और सबय बरात पर्व मेल-मिलाप से मनाने की जो टाटीझरिया में परंपरा रही है। सीओ नीलम कुमारी ने कहा कि टाटीझरिया में हर वर्ष जिस तरह से होली का पर्व मानते आ रहे है उसी प्रकार शांति के साथ मनाकर मिशाल कायम करना है। ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए पर्व में डीजे साउंड पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। कही यदि पर्व के दिन कोई प्रकार से हुड़दंग कर कोई गलत पोस्ट फैलाने का काम करेगा उसे बक्शा नही जायेगा उस पर कानूनी कार्रवाई जाएगी। बैठक में टाटीझरिया मुखिया सुरेश यादव बीस सूत्री अध्यक्ष रवि सिंह भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद यादव जिला शिक्षा सांसद प्रतिनिधि मिथलेश पाठक बरकट्ठा विधायक प्रतिनिधि उपेन्द्र पाण्डेय सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, होपन सिंह, अमरेश सिंह कृपाशंकर पांडेय योधी यादव अजय सिंह राजेश यादव मुकेश मंडल कुलेश्वर कुमार कौलेश्वर , मिश्रा दयाल प्रसाद संतोष कुमार नागेश्वर प्रजापति पंकज मंडल जय प्रकाश ठाकुर मो समसुद्दीन मो सरजदीप डॉ. दयाल प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

### टाटीझरिया महिला संघ का महाधिवेशन संपन्न

**टाटीझरिया।** बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर में महिला संघ का 7 वा वार्षिक महाधिवेशन का शुभारंभ महिला संघ अध्यक्ष एवं सचिव टाटीझरिया मुखिया सुरेश यादव भराजो मुखिया स्वास्तिका कुमारी धर्मपुर मुखिया ममता देवी डहरभंगा मुखिया रेखा देवी जिला शिक्षा सांसद प्रतिनिधि मिथलेश पाठक सांसद प्रतिनिधि महेस अग्रवाल विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान महिला समूह द्वारा टाटीझरिया प्रखंड में अपना बाजार का मार्केटिंग करना आरंभ किया जिसमें सर्फ, फिनाइल,हल्दी पाउडर ,मडुवा पावडर,चना सहित अन्य सामग्री का अपने समूह द्वारा बनवाकर भेजा जा रहा है। जिसमे सर्फ का पाउडर चुरचू प्रखंड में फिनाइल डहरभंगा में हल्दी पाउडर टाटीझरिया में मडुआ पाउडर धर्मपुर में बनाया जा रहा है। मौके पर किरन देवी पूनम कुमारी उषा रानी कबूतरी देवी ,बबिता देवी,आरती देवी,पूनम देवी ,कंचन देवी,सावित्री देवी,पूजा कुमारी, चंचला देवी किरण देवी मिना देवी जोगनी देवी रूबी देवी नगीना देवी कबूतरी देवी समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### इको सेंसेटिव जोन मामला को लोकसभा एवं विधानसभा में उठाए जाने का स्वागत

इचाक। इको सेंसेटिव जोन मामले को लोकसभा में हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा एवं विधानसभा में बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, सदर विधायक मनीष जायसवाल, बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद एवम बरही विधायक उमाशंकर अकेला के द्वारा उठाए गए सवाल पर इचाक पदमा एवं कटकमसांडी के ग्रामीणों ने प्रसन्नता जताया है। सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश मेहता ने कहा कि नेशनल पार्क से पांच किलोमीटर परिधि में इको सेंसेटिव जोन घोषित होने से इचाक, पदमा एवं कटकमसांडी प्रखंड के 218 गांव के लोग प्रभावित होंगे, जनजीवन अस्त व्यस्त होगा बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न होगी। उन्होंने कहा कि विधायक और सांसद के द्वारा उठाया गया सवाल का इको सेंसेटिव संघर्ष समिति के लोगों ने स्वागत करते हुए मांग किया है कि इको सेंसेटिव जोन का एरिया 5 किलोमीटर से घटाकर 500 मीटर किया जाए।

# सिंचाई के लिए बने बीयर योजना में फिर चालू हुई लीपापोती

## ग्रामीण योजना निर्माण कार्य की जिला प्रशासन से जांच की कर रहे मांग, दोबारा बने अपकट का भाग भी हुआ क्षतिग्रस्त





बह गये जमीन लेबल की ढलाई करते मजदूर, दोबारा बना अपकट फिर हुआ क्षतिग्रस्त, पूर्व में टूटकर बहा बीयर योजना का हाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** पालकोट प्रखंड के टेंगरिया नावाडीह पिंजरा नाला में लघु सिंचाई विभाग गुमला के द्वारा बीयर योजना के तहत 1 करोड़ 30 लाख के लागत से बना चेकडैम के बह कर बर्बाद हो गया था। अब विभाग के द्वारा फिर से योजना को पूर्ण करने हेतु कार्य में लीपापोती किया जा रहा है। पूर्व में पूरे डेढ़ करोड़ की राशि की निकासी कर ली गई थी। जब योजना का कार्य पूरी तरह भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गया तो विभाग के इंजिनियर विभागीय कार्रवाई से बचने के लिए फिर से कार्य को पूरा करने के लिए लीपापोती कर रहे हैं। कार्य में मशाले का ऐसा प्रयोग किया जा रहा है कि एक बरसात भी योजना नहीं टिक पाएगी। बीयर योजना के तहत चल रहे इस कार्य में आखिर छोर पर पानी के ठहराव के लिए सिमेंट व चिप्स का प्रयोग कर अपकट का निर्माण किया जा रहा है। अब दो ही दिन बनने को हुआ है अपकट का एक हिस्सा लगभग बैठ गया। इससे साफ जाहिर होता है कि इंजिनियर अपनी देखरेख में भी योजनाओं का कार्य गुणवत्ता आधारित नहीं करा पाते हैं। इस योजना के माध्यम से क्षेत्र में लगभग दौ सौ एकड़ भूमि को सिंचित करना था। ताकि क्षेत्र के ग्रामीण किसान योजना का लाभ उठाते हुए कम से कम दो फसलीय खेती कर अपने आय में वृद्धि कर पायें। लेकिन योजना का धरातलीय कार्य देखने के बाद ऐसा प्रतीत होता है कि केवल यह खाओ पकाओं योजना ही बनकर रह गई है। क्योंकि बीयर योजना का कार्य प्रारंभ होने से क्षेत्र के किसानों में काफी प्रसन्नता थी लेकिन योजना का हर्ष देखकर किसान अब मायूस हो उठे हैं और क्षेत्र के किसानों का कहना है कि भविष्य में भी इस योजना का लाभ किसानों को नहीं मिलेगा। योजना का कार्य स्थल का चयन ही गलत तरीके से किया गया है। क्योंकि जिस स्थान पर जल को रोकना है उसका उपरी हिस्सा पानी के लेबल से बहुत उंचा है। जिसे केवल मशीन होने पर ही सिंचाई की जा सकती है अन्यथा योजना का लाभ किसी कीमत पर किसानों को मिलता नहीं दिखलाई पड़ रहा है। योजना वित्तीय वर्ष 2016-17 का है जो 2022 में पूरा होने के बाद पानी में बहकर बर्बाद हो गया। योजना के तहत 105 मीटर बीयर बनाना था। जिसमें लभगभ 80 मीटर बनने के साथ ही टूट गया। बीयर के बेड का ढलाई मात्र 4 इंच किया गया था जबकि अप कटप बना ही नहीं था। अब अपने उपर विभागीय तलवार लटकता देख योजना को विभाग के इंजिनियर किसी तरह लीपापोती कर पूरा करने में जुट गये हैं। योजना का सिरे से जांच किया जाए तो पूरे कार्य में घोटाला के सिवाय कुछ दिखलाय नहीं पड़ रहा है। सरकार योजनाएं तो किसानों के हित में बनाती है लेकिन विभाग के इंजिनियर व संवेदक उसे पॉकेट का योजना बनाकर सरकार के मनसूबे में पानी फेर देती है।

## अभिभावक संगोष्ठी व विदाई कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**गुमला।** राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिलम रायडीह में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी एवं कक्षा दशम के छात्र-छात्राओं का विदाई सह समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सिलम के मुखिया श्री वीरेंद्र उरांव, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चुमनू उरांव, अभिभावको, विद्यालय के प्रधानमंत्री के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में विद्यालय के वरीय शिक्षक श्री सुनील कुमार के द्वारा अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी के विषय वस्तु को अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के समक्ष रखा। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं पूर्णिमा सिंह ,भानु प्रताप भूषण, नेहा मोनिका मिंज,सोनिया एक्का, फुल्केरिया तिर्की एवं बीएड के प्रशिक्षु एवम 200 की संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

## आपदा प्रबंधन प्राधिकार समिति की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

# स्कूलों व ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलायें : डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में निर्देश देते उपायुक्त

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में गुरुवार को आपदा प्रबंधन प्राधिकार समिति की समीक्षात्मक बैठक का हुई। बैठक में उपायुक्त ने हाथी के नियमित रूप से निकलने वाले स्थानों को चिन्हित करते हुए पंचायत स्तरों के सभी विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने जंगलों एवं आस पास के क्षेत्रों में अच्छी लाइट की व्यवस्था करने की बात कही। जिन क्षेत्रों में हाथी निकलने की अधिक संभावना होती है उस क्षेत्र के आस पास के 5 हेक्टेयर के जंगलों में वन पट्टा नहीं दिए जाने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने वन पट्टा के कारण कौन कौन से क्षेत्रों में हाथी प्रभावित हो रहे हैं। वैसे स्थानों का भी आंकलन करने को कहा। इसके अलावा स्मेल प्रूव ग्रेंस के वितरण के संबंध में भी निर्णय लिया गया। आपदा संबंधित मुआवजा राशि वितरण के संबंध में उपयुक्त ने कोविड से मृत्यु हुए लोगों के आश्रितों को मुआवजा राशि का वितरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने पंचायत स्तर पर सभी गांवों के एक और सर्वे करते हुए कोविड मृतकों का सर्वे करते हुए छुटे हुए आश्रितों के बीच भी मुआवजा राशि का वितरण करने का निर्देश दिया। कोविड से हुए मृतकों के आश्रित जिनका नाम सूची में नहीं दर्ज है वे भी प्रखंड कार्यालय में जाकर अपना नाम जल्द से जल्द दर्ज करवाते हुए मुआवजा राशि प्राप्त कर सकते हैं। मार्च से पूर्व सर्वे करते हुए शत प्रतिशत लाभुकों को योजना का लाभ देने का उपायुक्त ने निर्देश दिया। उन्होंने सड़क दुर्घटना से हुए मृतकों के आश्रितों के बीच 15 मार्च से पूर्व मुआवजा राशि का शत प्रतिशत वितरण करने का निर्देश दिया। सुखाड़ राहत योजना के तहत उपायुक्त ने उपयोगिता प्रमाण पत्र की जांच करने को कहा । बैठक में उपस्थित अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2022 23 में हुए प्राकृतिक आपदा अंतर्गत मकान क्षति में लगभग 400 से अधिक लोगों के बीच लगभग 17 लाख से अधिक मुआवजा राशि का वितरण किया गया है । वहीं फसल क्षति से प्रभावित लगभग 4000 से अधिक कृषकों के बीच 8 करोड़ से अधिक राशि का मुआवजा वितरण किया जा चुका है। सड़क दुर्घटना के 66 मृतकों के आश्रितों के बीच 66 लाख रुपए का वितरण किया जा चुका है। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी, एसडीओ सदर, एसडीओ बसिया सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## सर्वधर्म सद्भावना मंच का होली मिलन समारोह 5 मार्च को

**गुमला।** सर्वधर्म सदभावना मंच की बैठक सिसई रोड स्थित इनसाईन प्रिंटिंग प्रेस के पास हुई। अध्यक्षता फादर खीस्टोफर लकड़ा ने की। जिसमें पांच मार्च को होली मिलन समारोह के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। बताया गया कि यह आयोजन दोपहर दो बजे पालकोट रोड स्थित रौनियार धर्मशाला में संपन्न होगा। सदस्य रमेश कुमार चीनी ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का त्योहार है। इस त्योहार को बिना किसी भेदभाव के मनाना चाहिए। किसी प्रकार का हुड़दंग नहीं करना चाहिए और न किसी को जबरन रंग लगाना चाहिए। होली हमें देश की सभ्यता और संस्कृति का भी संदेश देता है। उन्होंने कहा कि हमें संकल्प लेने की जरूरत है कि हम सभी कुरितियों को त्यागते हुए स्नेह व प्यार के रंग में रंगकर होली का त्योहार मनाएंगे। गुमला की एकता व सदभावना को बरकरार रखेंगे।

## प्रखंड 20 सूत्री कमेटी की बैठक संपन्न

# नेत्रहीन बच्चों के आधार कार्ड शिविर का प्रस्ताव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में शामिल बीडीओ, बीस सूत्री अध्यक्ष व अन्य

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में प्रखंड बीस सूत्री कमेटी की बैठक गुरुवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष जयसमीर कुजूर ने किया। बैठक में उपस्थित सभी विभागों की समीक्षा की गई। बाल विकास परियोजना कार्यालय, चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग सहित कई विभागों द्वारा प्रखंड क्षेत्र में चल रहे कार्यों को बताया गया व लगातार तीन बैठक से बीस सूत्री अध्यक्ष जयसमीर कुजूर ने विद्युत विभाग के अनुपस्थिति पर फटकार लगाते हुए नाराजगी जाहिर की। साथ ही तीन बैठकों में अनुपस्थित विद्युत विभाग और वन विभाग को डीडीसी को पत्राचार कर कार्रवाई करने की बात कही। इसके साथ ही विद्युत विभाग सही से मीटर रीडिंग नहीं करा पा रही है। जिससे कंजूमर को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उचित सेवा बहाल करने की बात भी कही। साथ ही कहा कि पूर्व के सर्वे के आधार पर जिस गांव में लोगो के घरों में तार अब तक नहीं लगा है उसका भी बिल आ रहा है। इस पर जल्द से जल्द सुधार करवाने की बात कही। जिस पर बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने कहा कि एसडीओ और डीडीसी से बात कर इस ओर पहल की जाएगी। दिशा आवास में पैसे लेने की शिकायत को लेकर जांच टीम का गठन किया गया। जिसमें कल्याण पदाधिकारी, 20 सूत्री सदस्य अरुण पांडे, शीला कुजुर, चंद्रदेव उराव को चुना गया। जिसमें स्थल जांच रिपोर्ट 7 दिनों में जमा करे ताकि आगे कार्यवाई हो सके। साथ ही दिव्यांग लोगों के जिनके आंख से परेशानी है उनके आधार कार्ड कैसे बने इसके लिए शिविर लगाने की बात कही। 20 सूत्री सदस्य शीला कुजूर ने प्रखण्ड में दुष्कर्म पीड़ितो का काउंसलिंग करा आवासीय विद्यालय में शिक्षा के लिए प्रबंध करने की बात कही। मौके पर उपस्थित लोगों में 20 सूत्री उपाध्यक्ष हरि उराव, वीडियो विष्णु देव कच्छप सहित कई विभाग के अधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

## संवेदनशील स्थानों पर स्टैटिक बल तैनात करने का निर्देश

**गुमला।** होली एवं शब-ए-बारात पर्व को लेकर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ऐहतेशाम वकारिव ने गुरूवार को पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, सभी अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस निरीक्षक एवं सभी थाना प्रभारियों के साथ विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा-व्यवस्था के संबंध में वर्चुअल मीटिंग किया। जिसमे सभी संवेदनशील स्थानों पर स्टैटिक बल शिफ्ट में ड्यूटी कराने का निर्देश दिये। साथ ही अपने-अपने थाना क्षेत्रों में 107/116 आदि के तहत बॉण्ड डॉउन की कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिन-जिन स्थानों पर अलग-अलग समुदाय के लोग रहते हैं। वहां स्टैटिक बल की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया। सोशल मीडिया ग्रुप व व्हाट्सएप ग्रुप में खुद थाना प्रभारी या थाना के अन्य पदाधिकारी को 24 घंटा मॉनिटर करने का निर्देश दिया गया। शब-ए-बारात के मद्देनजर कब्रिस्तान के आस-पास स्टैटिक बल प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया गया।

# कार्तिक उरांव कॉलेज में तीन दिवसीय कार्यक्रम शुरू



कार्यक्रम का शुभारंभ करते प्राचार्य व अन्य अतिथि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2023 के उपलक्ष में कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का शुभारंभ गुरूवार को हुआ। जिसका आगाज रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ। कार्यक्रम का उदघाटन पुग्गू पंचायत की मुखिया जेने विभा लकड़ा, प्राचार्य एजे खलखो सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्जविल कर किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के पहला दिन छात्र- छात्राओं के लिए फैशन शो, महेंदी, हेयर स्टाइलिंग व नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कार्यक्रम में एक प्रशिक्षु शिक्षक सरस्वती कुमारी जो दिव्यांग होने के बावजूद भी फैशन शो के माध्यम से अपने कला को प्रस्तुत किया एक डॉक्टर की भूमिका में दिखी। इस अवसर पर प्राचार्य एजे खलखो ने कहा कि महिला दिवस महिलाओं के सम्मान और महत्व को समझने के लिए निर्धारित किया गया है।

# डीसी ने की अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक



बैठक करते डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में कल्याण विभाग, समाज कल्याण, कृषि, पशुपालन, गव्य विकास, मत्स्य, सहकारिता, खेल, पर्यटन, सामाजिक सुरक्षा विभाग के वित्तीय वर्षों में आवंटन व व्यय की समीक्षा की गई। कल्याण विभाग अंतर्गत सरना/मसना घेराबंदी, धुमकुड़िया हाउस निर्माण, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, बिरसा आवास निर्माण आदि की समीक्षा की गई। समाज कल्याण अंतर्गत सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सामूहिक विवाह, अंतिम संस्कार सेमिनार मद में व्यय, केंद्र प्रयोजित अभियान मद में व्यय की समीक्षा की गई। कृषि में कर्मशाला, प्रशिक्षण, प्रचार-प्रसार मद, एनएफएसएम मद, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना मद की समीक्षा की गई और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की राशि व्यय हेतु सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों के बीच योजना का लक्ष्य निर्धारित कर लक्ष्य देने किये जाने का निर्देश दिया गया।

# नई शहरी जलापूर्ति योजना : लोहरदगा पहुंचे विश्व बैंक के विशेषज्ञ

## 108 करोड़ की लागत से विश्व बैंक द्वारा संपोषित शहरी जलापूर्ति योजना को धरातल पर उतारने की कवायद शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**




वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करते विश्व बैंक की टीम, परिसदन में अधिकारियो से योजना की जानकारी लेते

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के लिए प्रस्तावित शहरी जलापूर्ति योजना को लेकर गुरुवार को विश्व बैंक के वरीय विशेषज्ञ क्वाबेना अमानख्वाह आयेह, विश्व बैंक के भारतीय चैप्टर के वरीय विशेषज्ञ राकेश अग्रवाल, नगर विकास विभाग के पदाधिकारी एवं जुडको के विशेषज्ञों के साथ- साथ परामर्शी एजेंसी के अधिकारी लोहरदगा पहुंचे। विश्व बैंक के अधिकारीयों ने नगर परिषद द्वारा नए शहरी जलापूर्ति को लेकर स्थलों का दौरा किया। विशेषज्ञों की पूरी टीम ने कोयल नदी इंटेकवेल,पीएचडी स्थित पानी स्टोर तथा पहले से मौजूद पानी टंकियों का स्थल निरीक्षण किया व शहर के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस मौके पर क्वाबेना अमानख्वाह ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वो लोहरदगा में शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति को स्थिति का अवलोकन करने आए है। सारी चीजों को देखकर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करके आगे का प्रोसेस किया जाएगा।उन्होंने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार के साथ अन्य कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया। लोहरदगा में 108 करोड़ रुपए को लागत से नई शहरी जलापूर्ति योजना के तहत शहर में 5 नए पानी टंकी, नया इंटेक वाल,पानी फिल्टर ट्रीटमेंट प्लांट आदि चीजों का निर्माण होना है। यह योजना विश्व बैंक से वित्त पोषित होनी वाली है। जिसके तहत शहर वासियों को नए पानी कनेक्शन दिये जाने का प्रावधान रहेगा। प्रस्ताव के अनुरूप भक्सो कोयल नदी के पास एक जलाशय बनाने का भी प्रावधान है। कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि उक्त योजना को धरातल पर लाने के लिए न केवल नगर परिषद बल्कि विभागीय स्तर पर भी नियमित रूप से अनुश्रवण किया जा रहा है। विश्व बैंक और जुड़को द्वारा नए जलापूर्ति योजना को लेकर अंतिम दौर की बात के बाद योजना को फाइनल रूप से स्वीकृति प्रदान की जायेगी। फिर शहर में नए जलापूर्ति योजना की शुरूवात होगी। मौके पर जुड्को के अधिकारी, नगर परिषद के अधिकारी, कर्मी आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### पंचायत समिति की बैठक आयोजित

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रमुख फूलझरी उराँव की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों का बैठक आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में सरकार द्वारा संचालित विकास योजना पर चर्चा किया गया। साथ ही प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत में लाखो की लागत से पेयजल कूप मरम्मती,पीसीसी सड़क,फेबर ब्लॉक,पक्की नाली सहित अन्य नई 6 - 6 योजनाओं को संचालित करने के लिये प्रमुख फूलझरी उराँव द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किया गया।

### डीसी ने हर्बल गुलाल के उपयोग की अपील की

**लोहरदगा।** जिले में इस बार होली के मौके पर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के महिलाओं द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल बाजार में उपलब्ध होगा। पलक, बिट, पलाश, हल्दी आदि से निर्मित गुलाल इस बार होली के मुख्य आकर्षण का केंद्र बनेंगे। जिले के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने भी महिलाओ द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल की तारीफ करते हुए जेएसएलपीएस के सीएमटीसी, भवन में हर्बल गुलाल निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया।

### अभिभावकों का दायित्व सुनिश्चित हो : पंकज

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के कुंदगड़ी ग्राम में संचालित प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत एचडीएफसी बैंक और बाइफ संस्था के द्वारा स्मार्ट क्लास रूम का आयोजन किया गया। मौके पर बाइफ संस्था के प्रोजेक्ट ऑफिसर पंकज कुमार,फील्ड गाइड सोनम दुलारी उरांव एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र कुमार सिंह तथा वीरेंद्र कुमार के द्वारा डिजिटल क्लास रूम के बारे में जानकारी दी गई। पंकज कुमार द्वारा जानकारी दी गई की डिजिटल क्लास रूम के लगने से स्कूल में बच्चों की उपस्थिति में बढ़ोतरी होगी और पढ़ने में मन लगेगा। साथ ही शहरी बच्चा और ग्रामीण बच्चो में जो टेक्नोलॉजी दूरी बन रहा है। वह दूरी कम होगी।

### विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी उच्च विद्यालय में बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम आयोजित किया गया। देश के महान वैज्ञानिक सी बी रमन के जन्म दिवस के अवसर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर बुनियादी उच्च विद्यालय के छात्र छत्राओं द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

### रामगढ़ उपचुनाव आनेवाले विधानसभा चुनाव के परिणाम का ट्रेलर : लाल

**लोहरदगा।** आजसू के केंद्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ शाहदेव ने रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव में राजग की प्रत्याशी के विजय होने पर बधाई दिया है। लाल गुड्डू ने कहा है कि आज इस उप चुनाव में राजग के प्रत्याशी की विजय ने इस बात पर मुहर लगा दी है कि जनता वर्तमान की घोटालेबाज सरकार से तंग आ चुकी है और इसको आने वाले विधानसभा चुनाव में उखाड़ कर फेंकने हेतु पूरी तरह से तैयार है।

### वैन ने बारातियों को कुचला, एक की मौत, कई घायल

**लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के फुलसुरी गांव में बीती रात्रि को पिकअप वैन ने बारातियों को कुचल दिया। इसमें एक की मौत हो गई और करीब दर्जन भर लोग घायल हो गए। गाड़ी में डीजे बंधा था और आगे-आगे लोग नाचते हुए जा रहे थे। जानकारी अनुसार लातेहार जिले के बरहमनी के किता गांव निवासी पांडु उरांव के पुत्र मनोज उरांव की बारात कुडू फुलसुरी गांव निवासी सुखदेव उरांव के यहां आयी थी।

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पकड़ाया

**भंडरा।** भंडरा थाना प्रभारी के द्वारा अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को पकड़कर जप्त किया गया है। भंडरा थाना प्रभारी द्वारा जब्त ट्रैक्टर के खिलाफ कार्रवाई हेतु खनन पदाधिकारी लोहरदगा पत्र लिखा गया है। इस संबंध में भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि एक बिना नंबर का महिंद्रा ट्रैक्टर ट्रॉली में अवैध रूप से बालू का परिवहन कर रहा था।

### भंडरा में अभी से गहराने लगा पेयजल संकट

**भंडरा।** गर्मी ने अभी सही से दस्तक भी नही दी है ओर अभी से प्रखंड में जल संकट गहरा गया है। भंडरा प्रखंड के 45 गांव के अधिकांश नदी तालाब व कुआं सूखने के कगार पर हैं। वही पंचायत के 14वे वित्त योजना के करीब तीन लाख चौरासी हजार की राशि से लगे सोलर जलापूर्ति अधिकांश खराब पड़े है।

### बेटी बोझ नहीं हम सबका अभिमान है की तर्ज पर तेली समाज ने कार्य करना किया शुरू

**घाघरा।** बेटी बोझ नहीं हम सबका अभिमान है के तर्ज पर घाघरा तेली उत्थान समिति कार्य आरंभ कर दी है। जिसके तहत समाज के एक सदस्य की बेटी की शादी में बढ़ चढ़कर सहयोग करते हुए इस बात की सार्थकता साबित की है। तेल उत्थान समाज के सदस्यों ने घाघरा ने पुटो रोड निवासी शिव साहू की पुत्री के शादी में उपहार देकर पहल आरंभ की है। साथ ही आने वाले दिनों में समाज के सदस्यों के बेटी की शादी में सहयोग का संकल्प लिया है जो हर समाज के लिए प्रेरणा बनेगी।

### दो ट्रकों की भिड़ंत में ट्रक ड्राइवर घायल, भर्ती

**गुमला।** एनएच 23 राँची गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो के नवाटोली के समीप अहले सुबह 5:30 बजे दो माल वाहक ट्रकों की सीधी भिंड़त में दोनों ट्रकों का पचखडे उड़ गये और एक ट्रक का चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक एक घंटे तक स्टेरिंग में फंसा रहा। जबकि दूसरे ट्रक के चालक को हल्की चोट आई है। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से जेसीबी मशीन के सहारे ट्रक के अन्दर फंसे चालक परेश महली को घायल अवस्था में बाहर निकाला गया और अस्पताल पहुँचाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। इधर दुर्घटना की सूचना मिलने पर भरनो थाने की पुलिस घटना स्थल पर पहुँचकर दोनों दुर्घटनाग्रस्त ट्रकों को अपने कब्जे में लिया।

### कारपेंटर मिस्त्री का ग्राइंडर मशीन से कटा पैर

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के डीएसपी रोड स्थित एक मकान में काम कर रहे कारपेंटर मिस्त्री का ग्राइंडर मशीन से पैर कट गया। जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार रकसा रहीमपुर बिहार निवासी 35 वर्षीय हरि किशोर ठाकुर गुमला में रहकर बढ़ाई मिस्त्री का काम करता है। डीएसपी रोड गुमला में एक घर में काम करने के दरम्यिान लकड़ी काटने का ग्राइंडर मशीन हाथ से छूटे हुए बाया पैर में जा गिरा। जिससे मजदूर का बायां पैर काफी गहराई से कट गया। सहयोगियों के द्वारा सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों की देखरेख में घायल मजदूर का इलाज जारी है।

### बिजली तार की चपेट में आकर मजदूर झुलसा

**जारी।** जारी थाना क्षेत्र के जर्मना गांव निवासी 27 वर्षीय प्रवेश ग्वाला गुरूवार को दीवार पटवन करने के दौरान बिजली करंट की चपेट में आकर झुलस कर घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### होटलों व दुकानों का किया गया निरीक्षण

**गुमला।** अनुमंडल पदाधिकारी गुमला के निदेर्शानुसार खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी श्री लव कुमार के द्वारा गुरूवार को शहर के 08 होटलों एवं दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में लक्की जेनरल स्टोर से पनीर, गोविंद स्टोर से पनीर एवं लाखो होटल से खोवा एवं बर्फी का नमूना लिया गया। जिसे जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट गलत आने पर एफएसएसएआई एक्ट 2006 के तहत करवाई की जाएगी। निरीक्षण में लव कुमार खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गुमला एवं प्रियांशु कुमार शामिल थे।

स्पीड न्यूज

### विशेष कैंप के तहत सिखाया गया आत्मरक्षा का गुर

**इटखोरी।** भद्रकाली महाविद्यालय की एनएसएस इकाई एक के द्वारा प्रखंड के केशोटांड गांव में आयोजित विशेष कैंप के चौथे दिन विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रोगियों के बीच दवा वितरण के साथ मोहल्ले के बच्चों व युवाओं को आत्मरक्षा का भी कुछ सिखाया गया। कार्यक्रम के दौरान मोहल्ले में साफ सफाई का अभियान भी चला। चौथे दिन विशेष कैंप की शुरूआत सफाई अभियान के साथ की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डा दुलार हजाम के साथ प्रोफेसर ललित मोहन चौधरी, प्रोफेसर सकेंद्र मिस्त्री, प्रोफेसर मोइनुद्दीन अंसारी ने ग्रामीणों के सहयोग से मोहल्ले की हर गली और सड़क में घूम-घूम कर सफाई अभियान चलाया। इस दौरान ग्रामीणों को स्वच्छ रहने के साथ अपने मोहल्ले को साफ-सुथरा रहने के लिए प्रेरित भी किया गया। तत्पश्चात मोहल्ले में जांच शिविर का आयोजन किया गया। जांच शिविर में ही आवश्यकतानुसार रोगियों के बीच दवा का वितरण हुआ।

### लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का समापन आज

**इटखोरी।** मां भद्रकाली मंदिर परिसर में 23 फरवरी से आयोजित लक्ष्मी नारायण सुदर्शन महायज्ञ का समापन शुक्रवार को पूरे विधि विधान पूर्वक किया जाएगा। समापन के दिन मंदिर परिसर में भंडारा का भी आयोजन होगा। यज्ञ समिति के सदस्यों ने बताया कि महायज्ञ की पूणार्हुति का हवन करने के पश्चात यज्ञशाला में स्थापित कलश का विधि-विधान पूर्वक महाने नदी में विसर्जन किया जाएगा। तत्पश्चात कलश यात्रा में शामिल महिलाओं के बीच नारियल का वितरण होगा। महायज्ञ की पूणार्हुति का भंडारा होने के बाद यज्ञ समिति के सदस्य यज्ञाचार्यों को विदाई देंगे।

### विश्व शांति के लिए हवन कुंड में दी गई आहुति

**मझिआंव।** मझिआंव के चन्द्री में स्थित नवनिर्मित गायत्री शक्तिपीठ में माता गायत्री, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती एवं माता वैष्णो देवी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन हवन यज्ञ किया गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार से आये विद्वान आचार्य रमेश देहरिया एवं गोपाल मालवीय द्वारा विवित कर्मकांड कराया गया। जबकि शान्तिकुंज के ही भजन गायक जय सिंह के साथ तबला वादक गणपत वैष्णव द्वारा संगत किया गया।

### शांति समिति की बैठक आयोजित

**रंका।** थाना परिसर में गुरूवार को अनुमंडल पदाधिकारी रामनारायण सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्री सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शांतिपूर्ण ढंग व आपसी समन्वय बनाकर होली पर्व मनाएं। मौके पर थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी देवानन्द राम, अंचल अधिकारी शंभू राम, रंका प्रमुख हेमंत लकडा, आशिष गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### छात्राओं को दी गई यातायात के नियमों की जानकारी

**भवनाथपुर।** थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत गुरुवार को कस्तूरबा गाधी विद्यालय के छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने नियमों की पालन कर जीवन की रक्षा का संदेश दिया।

### अंत्योदय कार्डधारकों को चीनी उपलब्ध कराने की मांग

**भवनाथपुर।** आम आदमी पार्टी के भवनाथपुर विधानसभा प्रभारी शंकर प्रियराम चंद्रवंशी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सह आपूर्ति पदाधिकारी को आवेदन देकर अंत्योदय कार्ड धारकों को होली पर्व से पूर्व ससमय चीनी उपलब्ध कराने की मांग की है। बीडीओ को दिए आवेदन में लिखा है कि इससे पूर्व कई बार सुनने को मिला है कि लापरवाही के कारण चीनी सड़ने की वजह से उसे गुप्त रूप से जलाकर मामले की लीपापोती की जाती रही है। होली हिंदुओं का महत्वपूर्ण पर्व तथा नूतन नव वर्ष का शुरुआत है।

# विधानसभा में विधायक ने उठाया होल्डिंग टैक्स का मुद्दा, अप्रत्याशित वृद्धि को वापस लेने की मांग की



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विधानसभा सत्र के दौरान कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने कोडरमा, झुमरीतिलैया और डोमचांच नगर पंचायत क्षेत्र में होल्डिंग टैक्स में किये गए अप्रत्याशित वृद्धि का मामला उठाते हुए कहा नगरीय क्षेत्र में सर्किल टैक्स की अप्रत्याशित वृद्धि पर रोक लगी थी, संसोधन का मांग किया गया था, मगर सरकार इस ओर ध्यान नही दे रही है, अब तक इसमे क्या कार्रवाई हुई? इस पर विभागीय निदेशक ने बताया कि इसके लिए एक समिति का गठन किया गया है, मगर अभी तक प्रतिवेदन लम्बित है, जब तक इस मुद्दे पर कोई निर्णय नही हो जाता तब तक टैक्स वसूली की कार्रवाई को स्थगित किया गया है। वहीं नीरू पहाड़ी से ढोढाकोला, सपही सड़क से सम्बंधित मामला उठाया, इस पर विभागीय सचिव ने कहा कि 1050 किलोमीटर सड़क का भाग वन क्षेत्र में है, वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव समर्पित है, वन विभाग से प्राप्त से प्रतिवेदन के अनुसार 4 में से 3 ग्राम में ग्राम सभा का आयोजन किया जा चुका है, विभाग से एनओसी मिलते ही अधूरे कार्य को पूर्ण करा लिया जाएगा।

## स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान से सम्मानित होंगी कोडरमा की पार्वती व पूजा

# राष्ट्रपति से सम्मान मिलना, जिले के लिए गर्व की बात : उपायुक्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान पुरस्कार से जिले को दो पुरस्कार दिया जा रहा है, इसके लिए मरकच्चो प्रखण्ड के अर्कोसा गांव की महिला पूजा देवी और कोडरमा प्रखण्ड के जरगा पंचायत स्थित कंझाटांड की पार्वती देवी का चयन किया गया है। उक्त बातें गुरुवार को समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा। उन्होंने बताया कि 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रत्येक वर्ष वैसी महिलाओं को इस सम्मान से सम्मानित किया जाता है, जिन्होंने अपने गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने में स्वच्छ भारत यात्रा में जमीनी स्तर से जुड़ कर योगदान दिया है। उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि पहली बार इस सम्मान से जिले की दो महिलाओं को महामहिम राष्ट्रपति के द्वारा सम्मानित किया जाएगा, यह हम सबों के लिए गर्व की बात है। उपायुक्त ने बताया कि मरकच्चो के अर्कोसा गांव की महिला पूजा देवी को अपने गांव में जैविक एवं अजैविक कचरा सिंगल प्लास्ट मुक्त गांव बनाने के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। वहीं जरगा पंचायत के कंझाटांड की पार्वती देवी को अपने गांव जल संरक्षण के लिए कैच द रैन के लिए सम्मानित किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि दोनों महिलाओं के इस प्रयास में जिला प्रशासन और गांव के ग्रामीणों का भरपूर सहयोग मिला, 4 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित समारोह के दौरान देश की महामहिम राष्ट्रपति के द्वारा दोनों महिलाओं के उल्लेखनीय कार्य के लिए स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, इसके लिए एक टीम के साथ पूजा देवी और पार्वती देवी को दिल्ली रवाना किया गया है। उन्होंने बताया कि झारखण्ड राज्य को इस सम्मान से तीन पुरस्कार दिया जा रहा है, जिसमें कोडरमा जिले को दो पुरस्कार मिलेगा। दिल्ली रवाना होने से पूर्व ग्रामीणों के साथ समाहरणालय पहुंची पूजा देवी और पार्वती देवी ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि इस गौरव के क्षण के लिए जिला प्रशासन, उपायुक्त और गांव के ग्रामीणों का भरपूर सहयोग मिला। वहीं पूजा देवी ने कहा कि गांव में प्लास्टिक खाते जानवरों को देखती थी, जिसके कारण उनकी असमय मौतें हो जाती थी, जिसे देख कर असहज हो जाती थी, उसके बाद मैंने गांव को प्लास्टिक मुक्त करने का निर्णय लिया, जिसमे ग्रामीणों और प्रशासन का भरपूर सहयोग मिला। वहीं पार्वती देवी ने कहा कि राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित होने के एहसास से ही काफी उत्साहित हूँ, जल संरक्षण के लिए जिस अभियान को शुरुआत की थी, उसमें जिला प्रशासन के मार्गदर्शन और ग्रामीणों के सहयोग से सफल हुई।

### जनता दरबार का आयोजन

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन अपने कार्यालय कक्ष में विभिन्न प्रखंडों से आये आम-जनों की समस्याओं से रुबरु हुए। उन्होंने बारी-बारी से आमजनों की समस्याओं को सुना और सभी के शिकायतों को सुनते हुए पदाधिकारियों को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिये। जनता दरबार में जमाबंदी वाली गैमजरुवा भूमि की रसीद निर्गत नहीं करने, एलपीसी नहीं निर्गत नहीं करने, सप्लाई पानी, ई-कल्याण विभाग से पैसे नहीं मिलने के संबंध, बेरोजगार महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण देने एवं प्रशिक्षितों को काम देने व अन्य मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

# सांसद प्रतिनिधि ने डीसी को सौंपा ज्ञापन




ज्ञापन सौंपते चंदन जायसवाल।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा नप क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि चन्दन जायसवाल के नेतृत्व में नगर परिषद के वार्ड नौ दीपुवा मुहल्ला के युवकों ने डीसी शेखर जमुआर को मांग पत्र सौंपकर मुहल्ला में पानी की स्थाई समस्या के निराकरण का आग्रह किया है। सौंपे गये आवेदन में कहा गया है कि दीपुवा मुहल्ला शहर के बीच में अवस्थित है। वहां अनुसूचित जाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग की काफ़ी घनी आबादी निवास करती है। यहां निवास करने वाले लगभग लोगों का पेशा कपड़ा धुलाई व कपड़ा प्रेस करना है। इस कारण यहां पानी एक बहुत बड़ी समस्या है। साथ ही साथ वार्ड के अन्य लोगों को पीने के पानी के लिए काफ़ी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

# एनडीए प्रत्याशी की जीत पर भाजपाइयों ने निकाला जुलूस

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी की हुई जीत पर भाजपा नगर मंडल गढ़वा के तत्वावधान में गुरूवार को विजय जुलूस निकाला गया। यह जुलूस पूरे शहर में भ्रमण करते हुए रंका मोड़ पहुंचा। इस दौरान भाजपाईयों ने जमकर आतिशबाजी की। अबीर, गुलाल उड़ाये एवं मिठाईयां बांटी। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि यह झूठ बोलने वाली सरकार की तानाशाही और इनकी लोकलुभावन बात में अब जनता आने वाली नहीं है। सरकार हर मोर्चे पर विफल है। उसी का परिणाम है कि रामगढ़ में रामगढ़ की जनता ने स्पष्ट बहुमत देकर एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी को भारी मतों से जीत



जुलूस में शामिल भाजपाई व आजसू नेता

दिलाई। यह सीधा संकेत 2024 पर जाता है। आने वाला समय में इसी तरह झारखंड की जनता इस सरकार को सत्ता से उखाड़ फेकेगी। 2024 में लोकसभा के सभी सीटों पर विजय देकर नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करेंगी झारखंड की जनता। मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी, आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, यशवंत मिश्रा, दीपक तिवारी, पंकज दुबे, शंकर प्रसाद विश्वकर्मा, जवाहर पासवान, आशीष कश्यप, राजकुमार गुप्ता, रंजीत चौरसिया, मुन्ना तिवारी, अनवर शाह, प्रवीण जायसवाल, गौरी बिंद, अविनाश पासवान, अनिल केशरी, संतोष केशरी, इंदल बैठा, गौतम शर्मा, चंपा देवी, रीता देवी, मुकेश गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

# रेफरल अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं चालू, मरीजों की लगी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता



अस्पताल में लगी भीड़।

**मझिआंव।** स्थानीय रेफरल अस्पताल में पूरे एक सप्ताह के बाद समुचित स्वास्थ्य सेवाएं चालू हो गई है। स्वास्थ्य सेवा शुरू होते ही एएनएम जुलिआना लकड़ा एवं उनके सहयोगियों के द्वारा 0 से 5 वर्ष के बच्चों को टीकाकरण का कार्य सुचारु रूप से करते देखा गया। इसके अलावा ड्यूटी के लिए पूर्व निर्धारित समय पर चिकित्सकों के द्वारा मरीजों का इलाज किया जाने लगा। जिसके कारण मरीजों के अभिभावकों में काफी खुशी देखी गई और दिखाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। मालूम हो कि पिछले 23 फरवरी को जेएमएमएम के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा जिला के सदर अस्पताल में स्थित सीएस कार्यालय में घुसकर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, उपाधीक्षक एवं चिकित्सकों के साथ मारपीट गाली ग्लौज जैसी घृणित काम किया गया था। इतना ही नहीं जेएमएम पार्टी समर्थित ज़िला परिषद अध्यक्षा के द्वारा उपाधीक्षक के ऊपर एसटीएससी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। जिससे मर्माहित चिकित्सकों ने स्वास्थ्य सेवा को बंद रखते हुए सरकार एवं प्रशासन से इंसाफ की मांग करते रहे। इार इंडियन मेडिकल एसोसिएशन झारखंड झांसा एवं आईएमए के निर्देश पर चिकित्सकों ने जब तक मांग पूरी नहीं होगी तब तक हड़ताल पर रहने का ऐलान किया था। हालांकि हड़ताल के दौरान सभी सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी सेवाएं चालू थी, ओपीडी को बंद रखा गया था। जिसके कारण हड़ताल के दौरान सुदूरवर्ती इलाकों एवं दूरदराज से आए मरीजों को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ा था। इस संबधं में रेफरल अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉ गोविंद प्रसाद सेठ ने कहा कि हम चिकित्सकों की सरकार के द्वारा आधी अधूरी मांग पूरी की गई है।

# रौनियार वैश्य विकास समिती ने मनाया वार्षिकोत्सव सह होली मिलन समारोह



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** रौनियार वैश्य विकास समिती ने गुरुवार को नगर भवन में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह सह 32वां वार्षिकोत्सव धूम धाम से मनाया गया। इस दौरान सर्व प्रथम भुदाताओं एवं पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय देव नारायण साहू शिक्षक टोरी करनपुरा के जन्मदाता स्वर्गीय केशर साहू, भूदाता स्वर्गीय विसेशर साव, स्वर्गीय व अन्य के फोटो में पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस दौरान लोगों ने समाज के प्रति अपनी भावनाओं को एवं पूर्वजों की भूमिका पर प्रकाश डाला। एवं पूर्वजों द्वारा संगठित किया हुवा समाज को वर्तमान तक रखने मे बरकरार है।

# सदर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता




**चतरा।** रंगो के त्योहार होली को लेकर गुरुवार को सदर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। अनुमंडल पदाधिकारी, एसडीपीओ एवं सदर थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित शांति समिति की बैठक में कई निर्णय लिए गए। जिसमें सबसे अहम होली पर्व को शांतिपूर्ण और भाईचारे मनाने का संकल्प लिया गया है। एसडीओ मुमताज अंसारी ने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि जिले का इतिहास काफी गौरवपूर्ण रहा है। किसी भी पर्व में लोग एक-दूसरे के साथ भाईचारे और शांतिपूर्ण संबंध रखने में विश्वास रखते आ रहे हैं। ऐसे में जिले के इतिहास को फिर से बरकरार रखना है। अपने आसपास के इलाके में लोगों से होली को लेकर भाईचारा का संदेश देना है। वहीं एसडीएम अविनाश कुमार ने असामाजिक तत्वों की पहचान कर प्रशासन को सूचित करने की अपील की, ताकि सौहार्द का यह वातावरण खराब न हो पाए। उन्होंने लोगों से शांतिपूर्ण, भाईचारा एवं उल्लास से होली मनाने का आग्रह किया है। सदर थाना ने प्रभारी मनोहर करमाली ने कहा कि होली पर्व के पूर्व से ही पुलिसकर्मियों की गस्ती लगातार की जाएगी। पैंथर की टीम के साथ सदर थाना के पुलिस पदाधिकारी गस्त लगाते रहेंगे। चिन्हित जगहों पर स्थायी पुलिस बल की नियुक्ति रहेगी। गड़बड़ी फैलाने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। किसी भी हालात में पर्व के दौरान हुड़दंग मचाने वालों की खैर नहीं होगी। मौके पर शहर के गणमान्य व्यक्ति, विभिन्न वार्ड के वार्ड पार्षद एवं विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े हुए लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### भाईचारे व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनायें त्योहारः डीसी

**चतरा।** समाहरणालय स्तिथ सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में होली और शब-ए-बारात के त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक, राकेश रंजन समेत अन्य जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी, थाना प्रभारी एवं शांति समिति सदस्य के रूप में जिले के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। शांति समिति की बैठक में सदस्यों ने होली और शब-ए-बारात के मौके पर समुदाय की सुरक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा की।

### चार पेटी शराब के साथ दो गिरफ्तार

**चतरा।** हंटरगंज पुलिस ने चार पेटी अवैध शराब के साथ दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। साथ ही शराब तस्करी में प्रयोग किए जाने वाले वाहन को भी जब्त किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान हंटरगंज थाना क्षेत्र के बलुरी निवासी देवलाल यादव और काशीकेवाल निवासी मनीष कुमार के रूप में हुई है।

### आजसू का होली मिलन समारोह

**गढ़वा।** जिला आजसू पार्टी के तत्वावधान में गुरूवार को शहर के नवादा मोड स्थित उमंग वाटिका में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान रामगढ़ उपचुनाव में आजसू का एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी की जीत का जश्न भी मनाया गया।

### श्री राधा कृष्ण प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा आज

**गढ़वा।** जिले के मेराल प्रखंड के पेशका ग्राम में शुक्रवार को श्री राधा कृष्ण प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी के डॉ विश्वनाथ ठाकुर, गुप्तेश्वर ठाकुर, सुकलाल मिस्त्री, जयकांत ओझा, रामप्रताप सामुखिया एवं मुनेश्वर प्रजापति ने बताया कि आम ग्रामीण जनता के सहयोग से रामगढ़ के बगल में पुरानी कुटिया पर नए मंदिर का निर्माण कराया गया है।

### मुखिया और उनके पति 25 हजार घूस लेते गिरफ्तार

**रमना।** पलामू निगरानी की टीम ने गुरुवार को रमना प्रखंड के हरादाग कला पंचायत के मुखिया प्रमिला देवी तथा उसके पति बृजलाल विश्वकर्मा को 25 हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। मुखिया तथा उसके पति ने डोभा निर्माण में उपयोगिता प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने के मामले पर घूस की मांग की थी। निगरानी की टीम ने मुखिया तथा उसके पति को गिरफ्तार कर पलामू ले गई।

### केतार थाना में शांति समिति की बैठक

**केतार।** गुरुवार को केतार थाना परिसर में बीडीओ मुकेश मछुआ की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। मौके पर श्री मछुआ ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आप लोग शांतिपूर्ण माहौल में होली मनाएं।

### दो प्रवासी मजदूरों का शव घर पहुंचा

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सरईया और बुका गांव में गुरुवार को एक साथ दो प्रवासी मजदूरो बुका निवासी 30 वर्षीय सुनील भुईयां व सरईया निवासी 35 वर्षीय उदय साह का शव भवनाथपुर पहुंचते ही दोनों गांवो में कोहराम मच गया। परिजनों के चीत्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। गुरुवार सुबह दोनों मजदूरो का शव एंबुलेंस से उनके घर पहुंचा।

### सड़क दुर्घटना में किशोर घायल

**भवनाथपुर।** टाउनशिप मुख्य पथ पर देवीधाम के समीप बाईक दुर्घटना में डीएवी का छात्र भवनाथपुर निवासी सत्येंद्र कुमार सिंह का 15 वर्षीय पुत्र युवराज सिंह घायल हो गया। घायलावस्था में डीएवी के अन्य छात्रों ने उसे स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार वह अपनी ई बाईक से डीएवी स्कूल जा रहा था, तभी तेज रफ्तार के कारण ई बाईक अनियंत्रित होकर देवीधाम के समीप मुख्य पथ पर पलट गई, जिससे वह घायल हो गया।

### कुष्ठ उन्मूलनः स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण शुरु

**कोडरमा।** कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चिकित्सा पदाधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ.रमण कुमार की अध्यक्षता में हुई। प्रशिक्षण शिविर में सभी चिकित्सकों, अचिकित्सा कर्मियों, सहिया, एमपीडब्ल्यू, बिटीटी को सम्बोधित करते हुए डॉ.रमण ने कहा कि कुष्ठ रोग त्वचा से जुड़ी बीमारी के साथ साथ नस की भी बीमारी होती है, जिसमे सबसे पहले रोगी के नस ही प्रभावित होता है, समय पर इलाज शुरू नही होने पर मरीज को गम्भीर परेशानियों का सामना करना पड़ता है, ऐसे में इससे बचने के लिए इस रोग के शुरुआती चरण में ही इसका उपचार शुरू कर देना चाहिये। वहीं उन्होंने चिकित्सकों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को कहा कि अस्पताल वाले कुष्ठ के संदिग्ध मरीजों का तत्काल जांच करें और रोग की पुष्टि होने पर इलाज शुरू करें।

### पत्थलडीहा में भाकपा का ब्रांच सम्मेलन

**कोडरमा।** प्रखंड अंतर्गत पत्थलडीहा स्थित पंचायत भवन में भाकपा का ब्रांच सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की शुरुआत पार्टी का झंडोत्तोलन के साथ किया गया। वहीं सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए भाकपा जिलामंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि कोडरमा जिला अबरख नगरी के नाम से जाना जाता है, जिले के 20 से 25 हजार मजदूर ढिबरा और पत्थर चुनकर अपना गुजारा करते हैं, मगर हाल में जिस तरह से क्रेशर, खदान आदि पर प्रशासनिक कार्रवाई हो रही है, उससे हजारों मजदूरों का रोजगार खत्म हो गया है, देश में मंहगाई से आम जनता त्रस्त है, गैस सिलेंडर के दाम में अप्रत्याशित वृद्धि कर दी गयी, रोजगार खत्म होते जा रहा है, केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण आम जनता त्रस्त है।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

**कोडरमा।** जिला में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली पर्व सम्पन्न कराने को लेकर गुरूवार को बिरसा मुंडा सांस्कृतिक भवन में एसडीओ संदीप कुमार मीणा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीओ ने शांति समिति सदस्यों का स्वागत करते हुए आपस में मिलकर त्यौहारों को मनाने की अपील किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैलाए जाने वाले अफवाहों से बचने को कहा। वहीं उन्होने कहा कि त्योहारों के दौरान अश्लील गाना बजाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सड़क दुर्घटना जैसे मामलों को देखते हुए उन्होंने ड्रिंक एवं ड्राइव मामले पर प्रकाश डालते हुए समिति के सदस्यों के माध्यम से आम जनों से अपील किया कि त्योहारों के दौरान शराब का सेवन कर वाहन ना चलाएं। ऐसे मामले में पकड़े जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने होली पर्व की सभी को शुभकामनाएं देते हुए आपस में भाईचारे के साथ शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने का अपील किया।

### सुप्रीम कोर्ट का आदेश स्वागत योग्य : माकपा

**कोडरमा।** चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के द्वारा दिए गए निर्णय का मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने स्वागत किया है। माकपा के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने कहा कि गुरूवार को सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश दिया है, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और भारत के मुख्य न्यायाधीश की तीन सदस्यीय समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी। उच्चतम न्यायालय ने यह भी कहा कि अगर नेता प्रतिपक्ष मौजूद नहीं हैं तो लोकसभा में सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता को समिति में लिया जाएगा। यह प्रथा तब तक लागू रहेगी जब तक कि इस संबंध में संसद द्वारा कानून नहीं बना दिया जाता। संविधान के अनुच्छेद 324 में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने का अधिकार दिया है। यह चुनाव आयोग के स्वतंत्र प्राधिकरण और कामकाज को मजबूत करने की दिशा में एक साकारात्मक कदम है।

# उपायुक्त ने की जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक

## कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण की गहन समीक्षा कर दिया निर्देश

➲ **जिले में अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन नहीं हो इसे सुनिश्चित करें : भोर सिंह यादव**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** जिले में अवैध खनन के रोक थाम को लेकर गुरूवार को उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलांतर्गत कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण आदि की गहन समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।

**अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन नहीं हो इसे सुनिश्चित करें: उपायुक्त**

बैठक में उपायुक्त ने अवैध कोयला, अवैध पत्थर, अवैध बालू उठाव के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए जिला खनन पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देशित किया कि जिले में अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन नहीं हो इसे सुनिश्चित करें। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि 19 जनवरी 2023 से दिनांक 28 फरवरी 2023 तक खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण के कुल 47 मामलों में 29 वाहनों को जब्त कर 22 प्राथमिकी दर्ज गई है। तथा 10,17,100.00 लाख रुपए जुमार्ना राशि की वसूली की गई। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन, परिवहन और भंडारण में संलग्न व्यक्तियों पर दर्ज प्राथमिकी की संख्या के बारे में जानकारी लेते हुए कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए।

### अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन रोकने को लेकर औचक छापेमारी कर संलग्न व्यक्तियों पर कारवाई करने का निर्देश

बैठक में उपायुक्त ने जिला अंतर्गत अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन रोकने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों, थाना प्रभारियों को संयुक्त रूप से औचक छापेमारी करने एवं इसमें संलग्न व्यक्तियों पर कारवाई करने का निर्देश दिया एवं अनियमितता पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की बात कही गई। उपायुक्त ने सीसीएल सहित सभी एजेंसियों के प्रतिनिधियों को उनके क्षेत्र में कहीं पर भी अवैध खनन ना होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके लिए उपायुक्त ने पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से संवेदनशील क्षेत्रों, एंट्री-एग्जिट प्वाइंट की मॉनिटरिंग करने के अलावे अन्य कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त द्वारा सभी कोल माइंस को निर्देशित करते हुए कहा गया की नव नामांकित होम गार्ड की सेवा 24 घंटे रखना सुनिश्चित करें। उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को अवैध खनन के विरुद्ध किए गए कार्यों से संबंधित एक्शन टेकन रिपोर्ट ससमय जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण को लेकर टास्क फोर्स के द्वारा की गई कार्रवाई की पूर्ण जानकारी लिया। उपायुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को उनके क्षेत्र में एक भी वाहन से अवैध खनन नहीं होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके लिए उन्होंने दोषियों को पकड़ते हुए तुरंत उन पर एफआईआर दर्ज करने एवं संबंधित पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, एसडीओ शेखर कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष सिंह, जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार सभी अंचल अधिकारी, कोल कंपनियों के अधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।


बैठक करते पदाधिकारी।

# होली को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

## शराब पीकर हुड़दंग करने वाले लोगों पर पुलिस की रहेगी कड़ी नजर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका थाना परिसर में दिन गुरुवार को शांति समिति की बैठक अंचलाधिकारी अजय कश्यप की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के माध्यम से होली और शब-ए-बरात पर्व में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु विशेष चर्चा की गई। शांति समिति के बैठक में प्रखंड क्षेत्र के सभी राजनीतिक दलों के नेता, गणमान्य लोग, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, समेत इत्यादि शामिल हुए सभी ने प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में होली पर मनाने को लेकर अपना अपना विचार व्यक्त किया। बैठक को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी अजय कश्यप ने कहा कि यहां के लोग हर पर्व को बहुत ही खुशी से और भाई चारे के साथ मनाते हैं इसलिए होली और शब-ए-बरात पर्व को भी आप सभी सौहार्द पूर्वक मनाएं और भाईचारे का परिचय दें। वहीं थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह ने कहा कि क्षेत्र में कहीं भी अगर किसी भी तरह का हुड़दंग होता है तो आप सभी तुरंत थाना को सूचित करें। शांति व्यवस्था भंग करने वाले लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने हेतु पुलिस प्रशासन आपकी सेवा में हमेशा तत्पर है। उन्होंने कहा कि होली पर्व में शराब पीकर लड़ाई झगड़ा करने वाले व्यक्तियों के ऊपर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी वैसे लोगों को चिन्हित कर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। मौके पर बैठक संपन्न होने के बाद उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दिए। मौके पर थाना प्रभारी मनिका राणा भानु प्रताप सिंह, अंचलाधिकारी अजय कश्यप, प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, थाना प्रभारी छिपादोहर अभिषेक कुमार,एसआई राजकुमार तिगा, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, राजद किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद यादव, कांग्रेस उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, सुरेंद्र भारती, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ राय, 20 सूत्री उपाध्यक्ष नंदकिशोर यादव, एएसआई इंद्रजीत पासवान, समाजसेवी बल्ली यादव, समाजसेवी अख्तर अंसारी, ग्राम प्रधान भरत प्रसाद, कयूम अंसारी, समेत कई लोग उपस्थित थे।


बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि।

## सरना धर्म महारैली को लेकर बारियातू प्रखंड मे चलाया संपर्क अभियान


संपर्क अभियान में उपस्थित लोग।

**बारियातू।** राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के बैनर तले 12 मार्च को मोरहाबादी रांची मे सरना धर्म महारैली को सफल बनाने को लेकर कई गाँवो मे जनसंपर्क अभियान चलाया। राजी पड़हा सरना पर्थना सभा के जिला उपाध्यक्ष सुरेश उरांव, प्रखंड अध्यक्ष जयपाल उरांव, महासचिव रामप्रीत लोहरा, कोषाध्यक्ष राजदेव उरांव सहित दर्जनों आदिवासी युवाओं के साथ बारियातू प्रखंड कार्यालय होते हुए इटके, टोटी, अमरवाडीह, राजगुरु, भाटचतरा, विश्रामपुर, गोनिया बालूभाँग, लाटू, फूलसु कस्मार सहित दर्जनों गांव मे बाईक से गांव-गांव जाकर आयोजित महारैली मे शामिल होने की अपील की गई। वहीं जनसंपर्क के दौरान आदिवासी महिला पुरुषों को बताया कि 12 मार्च को सरना धर्म कोड लागू करने, अब तक हुए नियुक्ति मे एसटी एससी के रिक्त बाइकलॉग पर पुनः कराने की मांग, आदिवासियों को धर्मनांतरण पर रोक, आदिवासी मूल वासियों को संवैधानिक अधिकार सहित अन्य मांग को लेकर 12 मार्च को मोरावादी रांची मे महारैली का आयोजन किया जायेगा। उक्त महारैली मे क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या मे महिला पुरुषों को भाग लेने की अपील की है। मौके पर सुरेश उरांव, रमेश उरांव, रामसहाय उरांव, संदीप, कमलेश, सुनील, शनिदेव मनीष उरांव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# नगर दान पेटी चोरीकांड में संलिप्त चोरों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सनातनियों ने किया मौन प्रदर्शन

## प्रतुल शाहदेव के नेतृत्व में निकली मौन जुलूस, थाना प्रभारी से की मुलाकात

➲ **यथाशीघ्र चोरी कांड का उद्भेदन करने के आश्वासन के बाद थाना से लौटे**

➲ **घटना के उद्भेदन के काफी करीब है पुलिस, जल्द होगा खुलासा : अमित कुमार गुप्ता**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** पूरे राज्य भर में प्रसिद्ध, लाखों सनातनियों के आस्था के केंद्र शक्ति पीठ माँ उग्रतारा मंदिर नगर के दरबार मे लगे दान पेटी से हुई चोरी की घटना के उद्भेदन की मांग को लेकर गुरुवार को सनातनियों ने मौन प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अगुवाई प्रतुल शाहदेव कर रहे थे। स्थानीय पीडब्ल्यूडी परिसर से शांतिपूर्ण मौन मार्च की शुरूआत हुई जो मार्च इंदिरा गांधी चौक होते थाना पहुंची जहां थाना प्रभारी से मुलाकात कर घटना में संलिप्त लोगो को तत्काल गिरफ्तार कर घटना का जल्द उद्भेदन करने की मांग की। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि हम सनातनियों के आस्था के केंद्र में चोरी की घटना को अंजाम देकर हमारी भावनाओं को आघात किया है।


मौन प्रदर्शन करते सनातनी।

### घटना के उद्भेदन के काफी करीब है पुलिस जल्द होगा खुलासा : अमित कुमार गुप्ता

पुनि सह थाना प्रभारी अमित गुप्ता ने कहा की अतिशीघ्र ही चोरी कांड का उदभेदन कर लिया जाएगा। इस कांड में शामिल सभी अभियुक्तों को कड़ी सजा मिलेगी, पुलिस का पूरा फोकस इसी कांड के उदभेदन में है। थाना प्रभारी से मिले आश्वासन के बाद लोगों से राय लेकर प्रतुल समेत सभी सनातनी थाना से वापस लौट आएं। मौके पर प्रधान भुनेश्वर गंझू, मीनाक्षी देवी, राजू पाठक, रोहित शाहदेव, विजय गुप्ता, दीपक निषाद, रिक्की, आशीष सिंह, संजय गुप्ता, मनोज पाठक, संजय साहू, दारा सिंह, विकास कुमार,उदय गुप्ता, राजू, अनिल यादव, रविन्द्र गोप समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## पीएमजीएसवाइ के तहत हो रहे सड़क निर्माण कार्य में बरती जा रही है घोर अनियमितता

# लोगों को तोहफे में मिल रही हैं कई बीमारियां

➲ **योजना बोर्ड पर राशि अंकित नहीं होने से बढ़ गयी है भ्रष्टाचार होने की आशंका**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत लाभर सीआरपीएफ पिकेट से नावाडीह होते हुए अमवाटिकर तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत किए जा रहे सड़क निर्माण कार्य में सबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से संवेदक द्वारा घोर अनियमितता बरती जा रही है। स्थानीय लोगों की माने तो सड़क निर्माण कार्य में मिट्टी फीलिंग की जा रही है। जिसमें बिना पटवन के ही रोल किए जाने के कारण मिट्टी धूल में तब्दील हो गई हैं। जिससे चुंगरू पंचायत के लोगों और राहगीरों को कई तरह की बीमारियां मुफ्त में मिल रही हैं। भारी वाहनों के पीछे उठने वाला धूल का गुब्बार लोगों की सांसों में घुल रहा है। जिससे टीबी, दमा और पथरी जैसी कई बीमारियां लोगों को तोहफे में मिल रही हैं। पूरे दिन उठते धूल के कारण इस मार्ग से गुजरने में दोपहिया वाहन चालक गिर कर दुर्घटनाग्रस्त अलग से हो रहें है, क्योंकि धूल के कारण उन्हें सड़क दिखाई नहीं दे रही है। धूल भरे मार्ग से सिर्फ राहगीर ही नहीं बल्कि सड़क के आसपास रहने वाले लोग भी खासे परेशान है। उन्हें मजबूरी में प्रतिदिन कई ग्राम धूल फांकनी पड़ रही है। वहीं घरों में रोज धूल की मोटी परत चढ़ जाती है। इस सड़क पर चलना मुसीबत मोल लेने जैसा हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों की माने तो इस मार्ग पर चलने के दौरान आंख, कान और नाक को कपड़े से बांधकर नहीं रखा तो कलेजे तक धूल पहुंच जाती है।


सड़क पर भरी धूल की मोटी परत।

**मनमाने तरीके से हो रहा है कार्य**

स्थानीय लोगों के मना करने के बाद भी संवेदक द्वारा मनमाने तरीके से सड़क के दोनों किनारे से ही कई फिट गढ्ढे खोदकर उसी मिट्टी से सड़क की भरावट की गई है। जिससे रैयतों को भी खासा नुकसान पहुंच रहा है। जबकि अन्य स्थानों से मिट्टी लाकर सड़क की भरावट की जानी चाहिए थी। ग्रामीणों का आरोप यह भी है कि पूर्व से बनी ग्रेड वन सड़क को बिना उखाड़े ही उसके ऊपर मिट्टी भरकर सड़क का निर्माण कराया जा रहा है।


योजना से संबंधित शिलापट्ट।

**प्राक्कलन घोटाले की आ रही है बू**

योजना स्थल पर लगे शिलापट्ट पर सड़क की प्राकलित राशि का अंकित नहीं होना भी लोगों की समझ से परे है लोगों की माने तो सड़क निर्माण कार्य में प्राक्कलन घोटाले की बू आ रही है। जबकि नियमतः किसी भी सरकारी योजना के बोर्ड पर राशि समेत योजना से संबंधित हर जानकारी अंकित होना जरूरी है। राशि अंकित नहीं होने से योजना में भ्रष्टाचार होने की भी आशंका है।

# स्पीड न्यूज

## घर में लगी आग, जलकर हुआ राख


घटना स्थल पर मौजूद वार्ड सदस्य व अन्य।

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के बानपुर में बुधवार की शाम करीब 7.30 बजे कनवदिया भुइयां के घर में आग लग गई। जिससे घर के लोगों में अफरा तफरी मच गई। वहीं आस पास के लोगों के द्वारा आग लगने की सूचना वार्ड पार्षद जितेंद्र पाठक को दी। जिसके बाद तत्परता दिखाते हुए वार्ड पार्षद तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे और अग्निशमन और पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद अग्निशमन गाड़ी घटना स्थल पर पहुंच आग पर काबू पाया। इस घटना के दौरान किसी तरह का जानमाल की क्षति नहीं हुई है। लेकिन आग लगने से घर का एक हिस्सा जलकर राख हो गया। इस घटना में घर का छप्पर लकड़ी बांस जलकर राख हो गया जिसे देखते हुए जितेंद्र पाठक ने कहा की हमारे द्वारा घर में अल्बेस्टार लगा दिया जायेगा। जिससे इस घर में रह रहे लोगो को परेशानी नहीं हो। वही श्री पाठक ने पीड़ित परिजनों को ढांढस बंधाते हुए आश्वासन दिया की सरकारी प्रावधानों के तहत मुआवजा दिलवाया जाएगा। वही आग पर काबू पाने में प्रीतम सिंह, सन्नी गुप्ता, खैटू सिंह, निरंजन उपाध्याय का सराहनीय योगदान रहा।

## लोहरा समाज की बैठक संपन्न

**बालूमाथ।** बालूमाथ पंचायत के मुखिया नरेश लोहरा की अध्यक्षता में बालूमाथ पंचायत सचिवालय परिसर में एक सामाजिक बैठक रखी गई। बैठक में पलामू प्रमंडल एवं उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्र के विशेष विभागीय कार्यों पर समीक्षा की गई। बैठक में चर्चा करते हुए नरेश लोहरा ने कहा कि लोहरा समाज के दस्तावेज में कई त्रुटियां हैं इन त्रुटियों को सरकार स्थाई रूप से दूर करें। वहीं राज्य के विभागीय मंत्री से विसंगतियों को दूर करने के लिए एक मांग पत्र सौंपने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष सरहुल पर्व के अवसर पर एक सामाजिक मिलन समारोह आयोजित की जाएगी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड राज्य के कल्याण एवं जनजातीय मंत्री चंपई सोरेन जी को आमंत्रित किया जाएगा। इस कार्यशाला में चतरा क्षेत्र के सोनू तिर्की, रोहित तिर्की नरेश लोहरा लातेहार के मनोज अरोरा, राजू लोहरा, उमेश लोहरा, संतोष लोहरा समेत कई लोग मौजूद थे।

## होली मिलन समारोह आज

**लातेहार।** करकट स्थित सेलिब्रेशन होटल में शुक्रवार को अखिल भारतीय वैश्य महासभा के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर जिले के सभी प्रखंडों में संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। वैश्य महासभा के जिला अध्यक्ष महेंद्र शौंडिक ने बताया कि होली मिलन समारोह को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। इस कार्यक्रम में चंदवा, बालूमाथ, बारियातू, हेरहंज, मनिका आदि प्रखंडों के वैश्य समाज के लोग शामिल होंगे। होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिनंदन प्रसाद, रमेश प्रसाद गुप्ता, अशोक कुमार उर्फ बूटा, भरत प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद, छोटू राजा, नंदकिशोर प्रसाद, पंकज प्रसाद, जदू नंदन प्रसाद, झूलन भगत, चंद्रेश प्रसाद, गुड्डू प्रसाद, देवनंदन प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद,विनोद प्रसाद, प्रेम भगत, दिनेश प्रसाद आदि लगे हुए है।

## ट्रक ने युवक को रौंदा, हुई मौत

**बालूमाथ।** सेरेगड़ा हाई स्कूल के पास बुधवार को शाम करीब 6 बजे कोयला लदा ट्रक एवं बाइक की जोरदार टक्कर हो गई जिसमें किटन गंझू 25 वर्ष पिता स्वर्गीय एतु गंझू ग्राम बुकरु पंचायत सेरेगड़ा की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि कोयला लदा ट्रक युवक को ट्रक से घसीटते हुए कुचल डाला और भागने लगा जिसे ग्रामीणों के प्रयास से ट्रक को जर्री पेट्रोल पंप के पास पकड़ा। वहीं इस घटना के बाद अक्रोषित ग्रामीणों ने बुधवार की रात को ही जाम लगा दिया। लेकिन कोई भी पदाधिकारी जाम स्थल नहीं पहुंचे और ना ही मामले की जानकारी लिया। इसके पश्चात गुरूवार को सुबह 10 बजे से तीन बजे तक जर्री चौक को पुनः जाम कर दिया लेकिन फिर भी कोई भी अधिकारी इस घटना की सुध नहीं ले रहे है। ज्ञात हो कि मृतक अपने पीछे विगलांग मां, पत्नी और एक छोटी बच्ची को छोड़ गया है। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, मंडल महामंत्री विजय यादव, मंडल मंत्री अखिलेश भोक्ता, घनेश्वर गंझू, उदय गंझू, धनंजय गंझू, नंदकिशोर यादव, विजय गंझू, उमेश यादव, लक्ष्मी देवी, बाबूलाल लोहरा, बाबूलाल साव, प्रवीण साव, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी, राजेंद्र साव समेत सैकड़ों महिला एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## निकली खाटू श्याम की निशान यात्रा



**चंदवा।** स्थानीय श्रीराम जानकी मंदिर सरोज नगर से पूजन आरती के पश्चात श्री खाटूश्याम बाबा की निशान यात्रा गुरुवार को धूमधाम से निकाली गयी। यात्रा में निशान ध्वज लिए महिला-पुरुष श्रद्धालु भक्ति गीत पर झूमते चल रहे थे। निशान यात्रा का मंदिर के समीप पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में हाथों में ध्वज लिए महिला, पुरुष व बच्चे श्री श्याम बाबा के डोला के पीछे चल रहे थे। निशान यात्रा बुध बाजार मुख्य शहर होते कंचन नगरी स्थित आशीष कानोडिया के आवास पर पहुंचा। श्री श्याम बाबा की पूजन आरती कर स्वागत किया गया। मौके पर पंडित प्रयाग पाठक, सपत्नीक रवि किशन गिनोडिया, किशोर गिनोडिया, विक्रम शर्मा, सुशील पटवारी, सुमित पटवारी, किशन पटवारी, अनुप अग्रवाल, राजू अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, आशीष कानोडिया, डॉ अनिल प्रसाद, दामोदर अग्रवाल, विनोद सांवरिया समेत काफी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल थे।

# एक नजर में

## जिला स्तरीय मॉनीटरिंग समिति की बैठक संपन्न


बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्याचार निवारण से संबंधित मामलों पर क्रमवार विस्तार पूर्वक चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में समिति के सदस्यों के द्वारा कुल 9 मामले को स्वीकृति दी गई। शेष मामले में आवश्यक कागजात सूचि के साथ अगले बैठक में रखने की बात कही गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, जिला कल्याण पदाधिकारी विंदेश्वरी ततमा, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार, शेखर कुमार, सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, सांसद प्रतिनिधि चतरा, विनीत मधुकर, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरि शंकर प्रसाद, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव एवं अन्य उपस्थित थे।

## होली व शब-ए-बारात को लेकर बैठक संपन्न


बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि।

**बारियातू।** थाना परिसर भवन मे एसडीपीओ अजित कुमार सिंह बीडीओ प्रतिमा कुमारी व सीओ दीपाली भगत की उपस्थिति में होली व शब–ए–बारात त्यौहार को शांतिपूर्ण वातावरण के साथ मनाने को लेकर बैठक की गई। बैठक मे एसडीपीओ अजित कुमार ने सद्भावना के साथ त्यौहार मनाने की अपील की। साथ ही बताया की आसामजिक तत्वों अशांति फैलाने वाले व्यक्ति के सम्बन्ध मे जानकारी दें तत्वरित कार्रवाई की जाएगी। वहीं बीडीओ कुमारी व सीओ भगत ने भी शांति व्यवस्था बनाकर होली व शब–ए–बारात मनाने की अपील की। साथ ही बताया की शोशल मीडिया मे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। बैठक संपन्न होने के बाद एक दूसरे को अबीर लगाकर अग्रिम बधाई दी। मौके पर थानेदार मुकेश चौधरी, एएसआई दीपक नारायण सिंह, द्वारिकानाथ पांडेय, नीरज कुमार दुबे, बीससूत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, जिला परिषद सदस्य रमेश राम, प्रमुख उर्मिला देवी, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि रीगन कुमार, मुखिया सुरेश उरांव, रानो देवी, समाज सेवी शैलेश सिंह, यमुना साव, वीरेंद्र पासवान, लाल आशीषनाथ शाहदेव, देवनंदन प्रसाद, मो मंसूर, अफजल अंसारी, संजय सिंह, गौतम सिंह, ब्रजमोहन राम, कन्हाई सिंह,धीरज राणा राजेश गंझु सहित काफी संख्या मे गन्य मान्य लोग मौजूद थे।

## डिजिटल ट्रांजेक्शन को लेकर हुआ कार्यक्रम



**चंदवा।** आजादी का अमृत महोत्सव 2.0 के अंतर्गत चंदवा प्रखंड सभागार भवन में वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जेएस एलपीएस के द्वारा किया गया था। बीडीओ सह सीओ विजय कुमार ने कि ग्रामीणों के बीच डिजिटल लेनदेन संबंधी जागरूकता एवं वित्तीय साक्षरता की समझ बढ़ाना है, डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान के तहत मूलभुत बैंकिंग सेवाओं को घर–घर तक पहुंचाने का लक्ष्य है तथा डिजिटल ग्रामीण भारत अंतर्गत डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देना है। इस अभियान के द्वारा गांव–गांव तक पहुंचाने के लिए एफएलसीआरपी, बैंक सखी एवं बीसी सखी और डीजीपे सखी, वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम में बैंक और जेएसएलपीएस के सामूहिक प्रयास से वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित दीदियों को वित्तीय समावेशन अंतर्गत विभिन्न मुद्दों पर जागरूक किया गया। साथ ही मुख्य रूप से सामाजिक सुरक्षा योजना, डिजिटल लेन देन से लाभ एवं डिजिटल फ्रॉड से बचने के उपाय भी बताए गए, मुद्रा लोन पर भी चर्चा की गई। इस दौरान पीएमएसबीवाई और पीएमजेजेबीवाई का बीमा फॉर्म भी भरा गया। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू, शाखा प्रबंधक पीएनबी, जेआरजीबी टोरी, जेआरजीबी चंदवा, सासांग, जेएसएलपीएस प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, एफएल सीआरपी, बैंक सखी, बीसी सखी, डीजी पे सखी एंव सखी मंडल के काफी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

## अनियंत्रित पिकअप वैन ने खड़ी ट्रक में मारा धक्का


क्षतिग्रस्त वाहन।

**बालूमाथ।** बालूमाथ मुरपा मोड़ के समीप एक अनियंत्रित पिकअप वैन ओडी15भी6119 ने कोयला लदा खड़ी ट्रक को पीछे से धक्का मार दिया। जिससे पिकअप वैन क्षतिग्रस्त हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की रात्रि लगभग 10:30 बजे मुरपा मोड़ के समीप कोयला लदी ट्रक को उड़ीसा से बिहार जा रही पपीता लदा एक पिकअप वैन ने पीछे से टक्कर मार दिया। टक्कर इतना जोरदार था की पिकअप वैन के परखच्चे उड़ गए। लेकिन चालक बाल–बाल बच गया। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर बालूमाथ पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर दूसरे वाहन से पपीता को लोडकर गंतव्य तक भेजा गया। बताया जाता है कि इन दिनों मुरपा मोड़ के समीप एक सीएचपी संचालक द्वारा अपने कार्यालय में ही तेतरियाखाड़ से लदने वाले ट्रकों का कोयला का कागजात दिया जाता है। जिस कारण रात्रि में मुरपा मोड़ के समीप ट्रक चालक जहां तहां सड़क पर ही खड़ा कर बिल–आइबिल का कागजात लेने सीएचपी चला जाता है। जिस कारण आए दिन घटनाएं घट रही है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से अनुरोध किया है कि सड़क किनारे खड़ा कर रहे ट्रकों पर रोक लगाई जाये ताकि दुर्घटना से बचा जा सके।

## स्पीड न्यूज

### एथलीट ऐश्वर्या पर लगा चार साल का प्रतिबंध

**नयी दिल्ली।** बीते वर्ष जून में इंटर स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान 14.14 मीटर की दूरी कूदकर ट्रिपल जंप का राष्ट्रीय कीर्तिमान बनाने वाला बी ऐश्वर्या पर चार साल का प्रतिबंध लगा दिया गया है। ऐश्वर्या इस चैंपियनशिप में प्रतिबंधित शक्तिवर्धक दवा ऑस्टेरिन के लिए डोप में पकड़ी गई थीं। इसके बाद उन्हें बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की टीम से हटा दिया गया था। ऐश्वर्या ने नाडा सुनवाई पैनल के समक्ष दलील दी कि उनके कंधे में दर्द था। उक्त चैंपियनशिप के दौरान उनके साथी जगदीश ने उन्हें यह दवा उन्हें दी और कहा इससे दर्द ठीक हो जाएगा। नाडा ने कहा कि ऐश्वर्या को डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए थी।

### 22वीं अखिल भारतीय पुलिस जलक्रीड़ा प्रतियोगिता का आगाज

**ऊना।** उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के तहत अंदरोली में 22वीं अखिल भारतीय पुलिस जलक्रीड़ा प्रतियोगिता 2023 का शुभारंभ किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं हिमाचल प्रदेश पुलिस को इस जल क्रीड़ा की मेजबानी करने की बधाई देता हूं। हिमाचल प्रदेश पुलिस की अपनी टीम न होते हुए भी इस चुनौती को अवसर में तब्दील किया है। उन्होंने कहा कि यह ऊना के साथ-साथ प्रदेश के लिए भी गौरव का विषय है कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन ऊना जिला में हो रहा है। जलक्रीड़ा से जुड़े देश भर के विख्यात खिलाड़ी आज हमारे मध्य है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से अब प्रदेश में भी जलक्रीड़ा के अवसर प्रदान होंगे।

### नेशनल पोकर सीरीज के लिए तैयार है भारत

**नई दिल्ली।** पोकरबाजी पर आयोजित भारत के सबसे प्रतिष्ठित पोकर टूर्नामेंट, नेशनल पोकर सीरीज इंडिया (एनपीएस) ने अपने नए कैंपेन 'अब इंडिया खेलेगा ग्लोरी के लिए' के साथ अपने 2023 संस्करण की घोषणा कर दी है। इस वर्ष के संस्करण में कुल 107 टूर्नामेंटों में शीर्ष तीन विजेताओं को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक दिया जाएगा और उच्चतम पदक संख्या के साथ तीन एनपीएस पदक जीतने वाले विजेता को एनपीएस इंडिया 2023 चैंपियन का ताज पहनाया जाएगा। इस टूर्नामेंट में 25 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि भी प्रदान की जाएगी।

# भारत की दूसरी पारी 163 रनों पर खत्म, ऑस्ट्रेलिया को 76 रनों का लक्ष्य

- नाथन ल्योन ने दूसरी पारी में झटके 8 विकेट
- भारत की तरफ से रवींद्र जडेजा ने 4 और उमेश यादव व रविचंद्रन अश्विन ने 3-3 विकेट लिये
- भारत की पहली पारी 109 रनों पर सिमटी, मैथ्यू कुह्नमैन ने लिए 5 विकेट।

**एजेंसी**



**इंदौर।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत यहां खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारत की दूसरी पारी 163 रनों पर सिमट गई। भारत को इस तरह 75 रनों की बढ़त मिली और ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 76 रनों का लक्ष्य मिला है। दूसरी पारी में भारत के लिए चेतेश्वर पुजारा ने बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेलते हुए 59 रन बनाए। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के लिए नाथन ल्योन ने 8 विकेट लिए। भारत ने पहली पारी में 109 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 197 रन बनाए थे। दूसरी पारी में भी भारत की शुरूआत खराब रही और केवल 32 रनों के कुल स्कोर पर कप्तान रोहित शर्मा (12) और शुभमन गिल (05) को नाथन ल्योन ने पवेलियन भेज दिया। इसके बाद चेतेश्वर पुजारा और विराट कोहली ने टीम का स्कोर 50 के पार पहुंचाया। 54 के कुल स्कोर पर मैथ्यू कुह्नमैन ने कोहली (13) को आउट कर भारत को तीसरा झटका दिया। रवींद्र जडेजा एक बार फिर असफल रहे और केवल 7 रन बनाकर ल्योन का तीसरा शिकार बने।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आए श्रेयस अय्यर ने पारी को तेज गति से आगे बढ़ाया और 27 गेंदों पर 3 चौके और 2 छक्के की बदौलत 26 रन बनाए। 113 के कुल स्कोर पर स्टॉर्क ने अय्यर को आउट कर भारत को पांचवां झटका दिया। श्रीकर भरत भी कुछ खास नहीं कर सके और ल्योन का चौथा शिकार बने। भरत ने 3 रन बनाए। 140 के कुल स्कोर पर ल्योन ने अश्विन (16) को एलबीडब्ल्यू कर भारत को सातवां झटका दिया। इसके बाद जमकर खेल रहे पुजारा ने अपना अर्धशतक पूरा किया। हालांकि 155 के कुल स्कोर पर ल्योन ने पहले पुजारा और फिर उमेश यादव को आउट कर भारत को दोहरा झटका दिया। पुजारा ने 59 और उमेश बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। ल्योन ने 163 के कुल स्कोर पर मोहम्मद सिराज को (00) को बोल्ड कर भारतीय पारी का अंत किया।

### भारतीय तेज गेंदबाज उमेश यादव ने घरेलू जमीन पर पूरे किये 100 टेस्ट विकेट

**इंदौर।** अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज उमेश यादव गुरुवार को भारत में 100 विकेट पूरे करने वाले 13वें गेंदबाज बन गए। उन्होंने यह उपलब्धि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन हासिल की। उमेश ने मिचेल स्टॉर्क को आउट कर घर में अपना 100वां विकेट पूरा किया। वह कपिल देव (219), जावगल श्रीनाथ (108), जहीर खान (104) और ईशांत शर्मा (104) के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले पांचवें तेज गेंदबाज हैं। रवींद्र जडेजा (04 विकेट), रविचंद्रन अश्विन और उमेश यादव (दोनों 3-3 विकेट) की बदौलत ऑस्ट्रेलियाई पारी तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन आज पहली पारी में 197 रन पर सिमट गई। दिन की शुरूआत भारत से 47 रन आगे करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 88 रन की बढ़त हासिल की।



टर्निंग पिच पर उमेश दोनों टीमों की पहली पारी में विकेट लेने वाले इकलौते तेज गेंदबाज बने। उमेश ने सुबह के सत्र के दूसरे घंटे में तीन ओवर में तीन विकेट लिए और पांच ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट हासिल लिए। अब उनके नाम भारत में 31 टेस्ट में 24.53 की औसत से 101 विकेट दर्ज हैं। एक समय जब पीटर हैंड्सकॉम्ब और कैमरन ग्रीन पिच पर थे, तो ऐसा लग रहा था कि ऑस्ट्रेलियाई टीम 100 से 120 रनों से अधिक की बढ़त हासिल कर लेगी। लेकिन अश्विन (44 रन देकर तीन विकेट) ने ड्रिंक ब्रेक के बाद पहले ओवर में पीटर हैंड्सकॉम्ब (19) को आउट किया। अश्विन की गेंद पर श्रेयस अय्यर ने हैंड्सकॉम्ब का कैच शॉर्ट लेग पर पकड़ा। जब हैंड्सकॉम्ब आउट हुए तो ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 5 विकेट पर 186 रन हो गया। ऑस्ट्रेलिया के पास दूसरे दिन एक अच्छा पहला घंटा था क्योंकि उन्होंने बिना किसी नुकसान के 16 ओवर में 30 रन जोड़े। लेकिन फिर ड्रिंक्स के बाद अश्विन और उमेश ने गेंद से कहर बरपाया और सिर्फ 6.3 ओवर में केवल 11 रनों पर ऑस्ट्रेलिया के बाकी 6 विकेट गिरा दिये।

# डब्ल्यूपीएल : दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान बनीं मेग लैनिंग, जेमिमाह होंगी उपकप्तान

**एजेंसी**



**मुंबई।** दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2023 के उद्घाटन सीजन के लिए ऑस्ट्रेलियाई लीजेंड मेग लैनिंग को टीम का कप्तान और भारतीय स्टार जेमिमाह रोड्रिग्स को उप-कप्तान नियुक्त किया है। सबसे सफल क्रिकेटरों में से एक, लैनिंग ऑस्ट्रेलिया के साथ सात विश्व कप (दो एकदिनी और पांच टी-20 विश्व कप) जीतने वाले अभियानों का हिस्सा रही हैं। शीर्ष-क्रम की बल्लेबाज लैनिंग ने ऑस्ट्रेलिया को 2022 में एक एकदिनी विश्व कप और 2014, 2018, 2020 और 2023 में चार टी20 विश्व कप खिताबी जीत में टीम का नेतृत्व किया है। अपनी नई भूमिका पर लैनिंग ने कहा, मुझे दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा बनने पर गर्व महसूस होता है और कप्तान नामित होना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। मैं टीम को एक साथ लाने और सभी को जानने के लिए बहुत उत्सुक हूं। मैं लीग के शुरू होने का और इंतजार नहीं कर सकती।

इस बीच, टी 20 अंतरराष्ट्रीय में 1,700 से अधिक रन बनाने वाले जेमिमाह रोड्रिग्स ने कहा, हम बहुत लंबे समय से इस टूनार्मेंट के बारे में सपना देख रहे थे। पूरी भारतीय टीम नीलामी को देखते हुए भावनात्मक हो गई थी क्योंकि प्रतियोगिता आखिरकार हो रही थी। मैं वास्तव में दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूं। आगामी डब्ल्यूपीएल सीजन के बारे में बात करते हुए, दिल्ली कैपिटल के सीईओ धीरज मल्होत्रा ने कहा, यह हमारे लिए एक बेहतरीन समय रहा है। हमने सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों का अधिग्रहण किया और नीलामी में खिलाड़ियों के सही मिश्रण को एक साथ रखा।

### समाप्त हो सकता है डेविड वार्नर का टेस्ट करियर : रिकी पोंटिंग

**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को डर है कि सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर का टेस्ट करियर समाप्त हो सकता है, जो काफी समय से रन के लिए संघर्ष कर रहे हैं और एशेज श्रृंखला से भी बाहर हो सकते हैं। पोंटिंग को लगता है कि वार्नर का टेस्ट करियर उनकी अपनी शर्तों पर समाप्त नहीं हो सकता। भारत दौरे के बाद एशेज टीम में उनकी जगह भी खतरे में होगी। भारत दौरे से कोहनी की चोट के कारण वापस लौटने से पहले वार्नर ने पहली तीन पारियों में 1, 10 और 15 का स्कोर किया है। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 2019 में पिछले इंग्लैंड के दौरे पर भी संघर्ष किया था, जहां उन्होंने 9.5 के औसत से रन बनाए थे। पोंटिंग ने आरएसएन क्रिकेट से बातचीत में कहा, यह वर्तमान चक्र विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के बाद समाप्त हो जाएगा, जो कि पहले एशेज टेस्ट से पहले का सप्ताह है।

# हॉकी झारखंड ने 2023 का खेल कैलेंडर किया जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हॉकी झारखंड की ओर से वर्ष 2023 में राज्य में आयोजित होनेवाले राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिताओं का खेल कैलेंडर जारी हो गया है। हॉकी झारखंड की ओर से जिला स्तरीय सब जूनियर, जूनियर और सीनियर महिला और पुरुष हॉकी प्रतियोगिता के लिए तिथि तय किया गया है। साथ ही राज्य स्तरीय सब जूनियर, जूनियर, सीनियर और पांच साइट महिला, पुरुष हॉकी चैंपियनशिप के लिए भी आयोजन तिथि निर्धारित की गयी है। खेल कैलेंडर जारी करने के साथ हॉकी झारखंड ने सभी जिलों को अपने जिले में खेल प्रतियोगिता समय पर कराये जाने को कहा है। विशेष परिस्थिति में पूर्व सूचना देकर आयोजन तिथि में आंशिक परिवर्तन करने का निर्देश दिया है। कैलेंडर के मुताबिक सभी जिलों में निर्धारित डेट में सब जूनियर, जूनियर, सीनियर हॉकी मैचों के आयोजन के बाद हॉकी झारखंड की ओर से पुरुषों का (सीनियर) राज्य स्तरीय मैच 26-29 अगस्त को खेला जायेगा। साथ ही महिलाओं (सीनियर) का भी इसी अवधि में मैच होगा। हॉकी इंडिया के नेशनल कैलेंडर के मुताबिक 3-14 मई को पुरुषों (सीनियर) के नेशनल स्तर के मैच होंगे जबकि महिलाओं (सीनियर) के 15-26 फरवरी तक होंगे। सब जूनियर हॉकी मैचों (पुरुष) के लिए सभी 24 जिलों को 15-16 अप्रैल जबकि महिलाओं के चार-पांच अप्रैल को कराने को कहा गया है। जूनियर (लड़का) मैच दो-जून जून के बीच कराने होंगे जबकि लड़कियों के भी इसी डेट के अंदर कराने हैं। सीनियर मेंस के 29 जुलाई-पांच अगस्त के बीच और महिलाओं के भी पांच अगस्त तक जिला स्तर पर आयोजन करा लिए जाने का निर्देश जारी किया गया है।

### 'रन फॉर गुड' के पहले संस्करण का आयोजन 19 मार्च को

**नयी दिल्ली।** 'रन फॉर गुड' के पहले संस्करण का आयोजन नयी दिल्ली में 19 मार्च को होगा। इस आयोजन को तीन वर्गों 3के सवेरा रन, 5के परिवार रन और 10के टाइम्ड रन में बांटा गया है। सवेरा एसोसिएशन के अध्यक्ष मिनू बख्शी ने कहा, इस साल हम अपने अस्तित्व के 25 साल पूरे कर रहे हैं और सवेरा लगातार एक निः शुल्क किंडरगार्टन स्कूल चलाकर वंचित बच्चों और महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। हम जानते हैं कि हमारे साझा मूल्यों को एक व्यापक समुदाय में लाने का सही अवसर है। धावकों के पास एक समावेशी और आकर्षक अनुभव प्राप्त करने के लिए लाइव संगीत, फूड स्टाल और बहुत कुछ मजेदार गतिविधियों का आनंद लेने का भी मौका होगा। रन फॉर गुड एकता, समावेशिता और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देता है और यह इवेंट सभी क्षेत्रों के लोगों के लिए खुली है।

## पीठ की सर्जरी के लिए न्यूजीलैंड जा सकते हैं जसप्रीत बुमराह

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अपनी तकलीफदेह पीठ की सर्जरी के लिए न्यूजीलैंड जा सकते हैं। बुमराह पिछले पांच महीनों से क्रिकेट से दूर हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की मेडिकल टीम और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रबंधकों ने कीवी सर्जन पर ध्यान केंद्रित किया है, जिन्होंने जोफ्रा आर्चर पर काम किया था। बुमराह को जल्द से जल्द ऑकलैंड ले जाने की तैयारी है। क्राइस्टचर्च में रहने वाले सर्जन रोवन शाउटन बुमराह का ऑपरेशन करेंगे। शाउटन ने पूर्व में, ग्राहम इंगलिस के साथ काम किया था, जो आर्थोपेडिक्स के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध सर्जन थे। इंगलिस ने मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड सहित न्यूजीलैंड के कुछ खिलाड़ियों का ऑपरेशन किया था, जिन्होंने शाउटन के नाम का सुझाव दिया था। शाउटन ने ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेम्स पैटिनसन की सर्जरी में इंगलिस की सहायता की थी, जबकि उन्होंने बेन द्वारसुइस और जेसन बेहरेनडॉर्फ की सर्जरी भी की थी।

## पेज एक का शेष

### रांची में सतत ऊर्जा...

**तीन सत्रों में विभिन्न पहलुओं पर हुई चर्चा :** पहले सत्र में ऊर्जा सामग्री और उपकरणों से संबंधित 21वीं सदी की चुनौतियां पर चर्चा की गयी। वहीं, दूसरे सत्र में सौर ऊर्जा उपयोग और फोटोवोल्टिक प्रौद्योगिकी विषय तथा तीसरे सत्र में हरित के लिए सामग्री और प्रक्रियाएं ऊर्जा पर विस्तार से चर्चा की गयी।

**संयुक्त रूप से काम करने पर सहमति :** जी-20 के प्रतिनिधियों ने पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता के लिए कार्बन उत्सर्जन नेट-शून्य लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सामूहिक रूप से ऊर्जा सामग्री चुनौतियों को हल करने पर संयुक्त रूप से काम करने पर सहमति व्यक्त की। इस सम्मेलन के बाद तीन और आरआइआइजी कार्यक्रम डिब्रूगढ़ (असम), धर्मशाला (एचपी) और दीव में सर्कुलर-जैव-अर्थव्यवस्था, ऊर्जा संक्रमण के लिए पर्यावरण-नवाचार विषयों पर आयोजित किये जायेंगे।

### सरकार के ही मंत्री...

हो-हंगामा कम होता नहीं देख सीएम हेमंत सोरेन ने हस्तक्षेप किया। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से विपक्ष के सदस्य का आरोप है, वह अनुचित है। किसी भी सदस्यों को सबूत के साथ आरोप लगाना चाहिये। बिना तथ्य के आरोप लगाना सदन को बाधित करना है। किसी को चोर बोल देने से वो चोर हो जायेगा। सीएम ने स्पीकर से आग्रह किया कि इस मामले को स्पंज कर दिया जाये।

**सदन की गरिमा का रखें ख्याल, सबूत के साथ ही लगायें आरोप :** सदन में गरमा-गरम बहस होने के बाद स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने नियमन दिया कि सबूत के बिना कोई सदस्य किसी दूसरे पर आरोप नहीं लगा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी सदस्य एक दूसरे पर आरोप लगाते वक्त सबूत भी रखें। बगैर सबूत के आरोप लगाने से सदन की गरिमा पर सवाल उठता है। सभी सदन की गरिमा का ख्याल रखें। इन नसीहतों के बाद स्पीकर ने इस मामले को स्पंज कर दिया।

**पक्ष-विपक्ष में अल्लाह और श्रीराम पर गरमा-गरम बहस :** सदन में भाजपा विधायक भानु प्रताप की बात से सदन में गरमा-गरम बहस हो गयी। दरअसल, श्री शाही ने कहा कि यूपीए उपचुनाव में अल्लाह के नाम पर वोट मांग रहा था। इसके जवाब में यूपीए विधायकों ने भाजपा पर भगवान श्रीराम के नाम पर वोट मांगने का आरोप लगा दिया। इसके बाद पक्ष-विपक्ष में गरमा-गरम बहस शुरू हो गयी। झामुमो विधायकों ने विपक्षी विधायकों के खिलाफ नारेबाजी की। तब भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने खड़े होकर कहा कि हां हमलोग भगवान श्री राम के नाम पर वोट मांगते हैं, सीना ठोक कर यह कहते भी हैं। बाद में स्पीकर ने दोनों पक्षों को मुश्किल से शांत कराया। गुरुवार को दिन भर रुक-रुक कर सदन में गरमा-गरम बहस का दौर चलता रहा। भानु ने कहा कि यह सरकार डरपोक, बेमेल गठबंधन की सरकार है। इनके विधायकों को सरकार पर यकीन नहीं है। सीएम को अपने विधायकों पर भरोसा नहीं है। सीएम अपने विधायकों को एक लिफाफे के डर से रायपुर तक लेकर चले गये।

### रामगढ़ उपचुनाव में...

**विभिन्न प्रत्याशियों को मिले मत**

| नाम | पार्टी | मत |
|---|---|---|
| बजरंग महतो | कांग्रेस | 93729 |
| सुनीता चौधरी | आजसू | 115699 |
| युगन कुमार | एनजेपी | 1087 |
| संतोष कुमार महतो | झापा | 1717 |
| अजीत कुमार | निर्दलीय | 2100 |
| इमरान सफी | निर्दलीय | 209 |
| कामदेव महतो | निर्दलीय | 191 |
| तुलेश्वर कु पासवान | निर्दलीय | 214 |
| धनंजय कुमार पुटूस | निर्दलीय | 2794 |
| पांडव कुमार महतो | निर्दलीय | 297 |
| प्रदीप कुमार | निर्दलीय | 460 |
| फारूख अंसारी | निर्दलीय | 264 |
| मनोज कु बेदिया | निर्दलीय | 484 |
| महिपाल महतो | निर्दलीय | 1372 |
| रंजीत महतो | निर्दलीय | 1860 |
| रामावतार महतो | निर्दलीय | 2967 |
| सहदेव कुमार | निर्दलीय | 1341 |
| सुलेंद्र महतो | निर्दलीय | 941 |

## मुंगेर में छात्र की अर्धनग्न अवस्था में फंदे से लटकी मिली लाश

**मुंगेर।** मुंगेर में गुरुवार की सुबह एक छात्र का शव उसके कमरे में फांसी के फंदे से लटका बरामद किया गया। शव अर्धनग्न अवस्था में था। छात्र किराए के मकान में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के सितारिया चौक के पास हरदेव सिंह के मकान में हुई। छात्र के पिता ने कहा-मेरा बेटा सुसाइड नहीं कर सकता। उसकी हत्या की गई। इधर, पुलिस द्वारा शव को पोस्टमॉर्टम करवाया जा रहा है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। मृतक की पहचान 20 वर्षीय आलोक कुमार के रूप में की गई। आलोक के पिता मनोज कुमार ठाकुर ने बताया कि बेटा गांव से दूर यहां शहर में किराए के मकान में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। गुरुवार की सुबह कोतवाली पुलिस ने मेरे मोबाइल पर फोन किया कि आपके बच्चे की मौत हो गई है। हम लोग यहां आए तो मेरा बेटा मृत पड़ा था। वहीं, इस संबंध में कोतवाली थाना अध्यक्ष डीके पांडे ने बताया कि मृतक का शव उसके कमरे पंखा से गमछा के सहारे झूलता हुआ बरामद किया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## सीतामढ़ी में बंधक बनाकर किशोरी से रेप, सरपंच ने कराया मुक्त

**सीतामढ़ी।** सीतामढ़ी में एक नाबालिग (14) से के साथ रेप हुआ। गांव के ही युवक पर बंधक बनाकर किशोरी से दुष्कर्म का आरोप है। पीड़िता के परिजनों ने आरोप लगाया है कि घटना के वक्त आरोपी के घर में उसके पिता, मां और बहन मौजूद थे। दो युवकों ने पहले नाबालिग का पहले अपहरण किया। फिर एक ने रेप किया, फिर पूरी रात उसे बंधक बनाकर रखा। सरपंच के हस्तक्षेप से मुक्त कराया गया। घटना मंगलवार रात की जिले के परिहार थाना क्षेत्र के एक गांव की है। एक नाबालिग लड़की को पहले अगवा किया, फिर बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता के परिजनों ने जब सरपंच से शिकायत किया, जिसके बाद मुक्त किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मोसिर अली ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी होगी। फिलहाल प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटना को लेकर पीड़िता के द्वारा स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पीड़िता के पिता ने दर्ज कराई गई प्राथमिकी में गांव के ही फकीर चंद, सगीरा खातून, अजमल (26), अफजल (28) एवं रहीमा खातून को नामजद किया है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, बाइक से दोस्त को लाने निकला था पटना

**नालंदा।** नालंदा में बिहटा-सरमेरा टू लेन पर बीती रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य जख्मी हो गया। मामला नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत परासी गांव के पास का है। मृतक की पहचान बिंद थाना क्षेत्र के जखौरा गांव निवासी स्वर्गीय अर्जुन केवट के 25 वर्षीय पुत्र गोनू केवट के रूप में किया गया है। जबकि जख्मी राजिंदर केवट का पुत्र रोहित कुमार है। घटना के संदर्भ में मृतक के परिजन ने बताया कि बीती रात गोनु केवट अपने दोस्त रोहित कुमार के साथ तमिलनाडु से घर लौट रहे एक दोस्त को लाने पटना जंक्शन जा रहा था। इसी बीच बिहटा-सरमेरा टूलेन के परासी गांव के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गोनू केवट की मौत हो गई। वहीं, उसका दोस्त रोहित कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उन लोगों को रोहित के जरिए घटना का पता चला, जिसके बाद गांव से लोग गाड़ी रिजर्व कर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। गोनू केवट एक सप्ताह पूर्व ही तमिलनाडु से होली पर्व मनाने के लिए घर आया था। बीती रात उसका एक दोस्त भी होली पर्व को लेकर घर आ रहा था। जिसे वह पटना लाने जा रहा था।

## हाजीपुर : गलवान शहीद के पिता को मिली बेल, जेल से हुए रिहा

**हाजीपुर (वैशाली)।** गलवान घाटी में शहीद जय किशोर सिंह के पिता राज कपूर सिंह को बेल मिल गई है। गुरुवार शाम को उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया है। इसकी जानकारी शहीद जय किशोर सिंह के भाई नंद किशोर सिंह ने दी। वहीं इस संबंध में महुआ एसडीपीओ पूनम केसरी ने बताया कि दोनों पक्ष के बीच समझौते करवाने का प्रयास किया जा रहा है। मामले में वरीय अधिकारी खुद जांच पड़ताल कर रहे हैं। मुजफ्फरपुर आईजी पंकज कुमार सिन्हा ने शहीद के परिवार से मुलाकात की है। साथ ही स्मारक स्थल का भी निरीक्षण किया है। बता दें कि बुधवार को विधानसभा में यह मामला उठा था। इसके बाद पुलिस मुख्यालय ने उक्त से जांच के आदेश दिए थे। इसके बाद जिले के कई बड़े अधिकारी शहीद के गांव पहुंचे। शहीद जय किशोर सिंह के परिवार और विपक्षी हरिनाथ राम के बीच स्मारक को लेकर विवाद है। इसको लेकर बुधवार को स्थानीय लोग समझौता कराने को लेकर सुबह 11 बजे से लेकर शाम चार बजे तक पंचायत करते रहे। बावजूद विपक्षी हरीनाथ राम ने किसी अधिकारी की बात नहीं सुनी।

भागलपुर पहुंचे भाजपा नेता राजीव प्रताप रूडी, कहा

## बिहार में 35 वर्षों से नहीं है कोई उद्योग, हम हर तरह से गुलाम

**एजेंसी**

**भागलपुर।** भाजपा नेता राजीव प्रताप रूडी बुधवार को तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के बहुउद्देश्यीय प्रशाल पहुंचे। वह बिहार विजन 2025 के तहत पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि बिहार राजनीति के चलते पिछड़ा है। भागलपुर में कई बड़े उद्योग थे, जो बन्द हो गया। सिल्क की भी स्थिति बदतर हो गई है। बिहार के युवा में आगे बढ़ने का प्रतिभा है। लेकिन सिर्फ राजनीति के चलते बिहार पिछड़ा हुआ है। उन्होंने बयान देते हुए कहा कि हम लोगों के चलते बिहार पिछड़ा हुआ है। बिहार के नाम पर सिर्फ राजनीति हो रही है। इससे बिहार काफी पीछे हो गया है। यहां के युवा दूसरे राज्य में जाकर काम करते हैं। यहां का राजस्व दूसरे राज्य में पहुंचता है। तो बिहार कैसे आगे बढ़ेगा। वहीं भागलपुर में हवाई जहाज उड़ने के सवाल पर कहा कि केंद्र से फाइल बढ़ चुकी है। लेकिन राज्य सरकार के पास फाइलें अटकी हुई है। उन्होंने कहा कि 24 माह के अंदर फाइल बढ़ा दे यंहा से हवाई जहाज उड़ने लगेगा। रूढ़ि ने भाषण देते हुए कहा कि बिहार पूरी तरह से गुलाम हो गया है।

# तमिलनाडु में बिहारियों की हत्या पर सदन में हंगामा सीएम स्टालिन के बर्थ-डे में तेजस्वी के जाने पर बवाल

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार विधानसभा के बजट सत्र का आज चौथा दिन है। तमिलनाडु में हो रही बिहारी मजदूरों की हत्याओं को लेकर आज विधानसभा के बाहर बीजेपी ने प्रदर्शन किया। बीजेपी ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बीजेपी विधायकों ने सदन में कुर्सियां पटकीं। इसके बाद कार्रवाई से वॉकआउट कर दिया। आरजेडी ने इसे बीजेपी का एजेंडा बताया है तो कांग्रेस ने दर्दनाक बताते हुए कड़ा एक्शन लेने को कहा है। तमिलनाडु मामले पर विधानसभा में जमकर हंगामा हो रहा। साथ ही तेजस्वी यादव के स्टालिन के बर्थडे मनाए जाने वाली बात पर भी हंगामा किया जा रहा। वहीं, सरकार इस मामले को लेकर कोई जवाब नहीं दें रही। हंगामे के वक्त सीएम, डिप्टी सीएम और संसदीय कार्य मंत्री मौजूद नहीं थे। बीजेपी विधायक हरी भूषण ठाकुर ने उप मुख्यमंत्री का इस्तीफा मांगते हुए कहा कि तमिलनाडु में जिस तरह से मजदूरों की हत्या की गई है। अपमानित किया जा रहा है। तेजस्वी यादव चार्टर्ड प्लेन में बैठ कर उनके साथ केक खा रहे हैं। विधानसभा की कार्यवाही शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी गई है।



### ये बीजेपी का एजेंडा : आरजेडी

राजद के मुख्य प्रवक्ता भाई वीरेंद्र ने तमिलनाडु मामले पर कहा कि ये बीजेपी का एजेंडा है। वो लोग ऐसा प्रचार प्रसार कर रहे हैं। सभी राज्य भारत का हिस्सा हैं। यहां कोई किसी भाषा बोलने पर किसी को नहीं मारता। बाकि जो घटना हुई है वह जांच का विषय है। मेरी भी मांग है सरकार इसकी जांच करा के दोषियों पर कार्रवाई करें। बीजेपी के आरोप पर कहा कि ये नाथूराम गोडसे को मानने वाले लोग है। ये देश को तोड़ना चाहते हैं।

# यूक्रेन में किसी भी शांति में योगदान देने को भारत तैयार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को को कहा कि यूक्रेन संघर्ष का हल खोजने के लिए भारत शांति प्रक्रिया में योगदान देने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारत की यात्रा पर आई इटली की प्रधानमंत्री ज्यॉर्जिया मेलोनी के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद मोदी ने कहा कि यूक्रेन संघर्ष की शुरूआत से ही भारत ने यह स्पष्ट किया है कि इस विवाद को केवल वार्ता और

**विवाद को केवल बातचीत और कूटनीति से सुलझाया जा सकता है : प्रधानमंत्री**

कूटनीति के जरिये ही सुलझाया जा सकता है। भारत किसी भी शांति प्रक्रिया में योगदान देने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। मोदी के साथ मीडिया को संबोधित करते हुए मेलोनी ने कहा कि इटली को उम्मीद है कि जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत, यूक्रेन में जारी संघर्ष को समाप्त करने की प्रक्रिया


इटली की प्रधानमंत्री ज्यॉर्जिया मेलोनी के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

को सुविधाजनक बनाने और बातचीत करने में केंद्रीय भूमिका निभाएगा। मोदी ने कहा कि उन्होंने और इटली की प्रधानमंत्री ने यूक्रेन संघर्ष के विकासशील देशों पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यूक्रेन संघर्ष के कारण पैदा हुए

**भारत व इटली ने रक्षा सहयोग पर नया अध्याय शुरू किया**

खाद्य, उर्वरक और ईंधन संकट से सभी देश प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि खासकर विकासशील देशों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। हमने इस मुद्दे पर अपनी चिंताओं को उठाया और इन मुद्दों के समाधान के लिए संयुक्त प्रयासों पर जोर दिया। यूक्रेन संकट पर मोदी की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब जी-20 देशों के विदेश मंत्री यहां बैठक कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत और इटली ने रक्षा सहयोग पर एक नये अध्याय की शुरूआत करते हुए अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक ले जाने का फैसला किया है।

भारत की यात्रा पर आईं इटली की प्रधानमंत्री ज्यॉर्जिया मेलोनी के साथ व्यापक वार्ता के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारत में सह-उत्पादन और सह-विकास के क्षेत्र में नये अवसर खुल रहे हैं, जो दोनों देशों के लिए फायदेमंद हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस साल भारत और इटली द्विपक्षीय संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। इस अवसर पर हमने भारत-इटली साझेदारी को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने का फैसला किया है।

मोदी ने कहा कि भारत और इटली ने नियमित आधार पर दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच संयुक्त अभ्यास और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का भी फैसला किया है।

# पीएम, नेता प्रतिपक्ष व सीजेआइ करेंगे सीइसी, इसी का चयन

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को कार्यपालिका के हस्तक्षेप से बचाने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कहा कि उनकी नियुक्तियां प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) की एक समिति की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा की जाएंगी। न्यायमूर्ति के. एम. जोसेफ की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने अपने सर्वसम्मत फैसले में कहा कि यह नियम तब तक कायम रहेगा जब तक संसद इस मुद्दे पर कोई कानून नहीं बना लेती। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर लोकसभा में कोई नेता प्रतिपक्ष नहीं है, तो सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता को निर्वाचन आयुक्तों और मुख्य निर्वाचन

**यह नियम तब तक कायम रहेगा जब तक संसद कानून नहीं बना लेता : सुप्रीम कोर्ट**




आयुक्त की नियुक्ति संबंधी समिति में शामिल किया जाएगा। पीठ ने मुख्य चुनाव आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम जैसी प्रणाली की मांग करने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया। संविधान पीठ में न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी, न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस, न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार भी शामिल हैं। पीठ ने चुनाव प्रक्रिया में शुचिता पर जोर दिया और कहा कि लोकतंत्र आंतरिक रूप से लोगों की इच्छा से जुड़ा हुआ है। संविधान पीठ के लिए न्यायमूर्ति जोसेफ की ओर से लिखे गए फैसले से न्यायमूर्ति रस्तोगी ने सहमति जतायी, लेकिन उन्होंने अपने तर्क के साथ एक अलग फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने कहा कि लोकतंत्र में निस्संदेह निष्पक्ष चुनाव होना चाहिए और इसकी शुचिता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी निर्वाचन आयोग की है। न्यायालय ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव की शुचिता को बनाए रखा जाना चाहिए, अन्यथा इसके भयावह परिणाम होंगे। पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग को संवैधानिक ढांचे तथा कानून के दायरे में काम करना चाहिए और यह अनुचित तरीके से काम नहीं कर सकता। संविधान पीठ ने कहा कि अगर निर्वाचन आयोग प्रक्रिया में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष भूमिका सुनिश्चित नहीं करता तो इससे कानून का शासन चरमरा सकता है, जो कि लोकतंत्र का आधार है।

पीठ ने कहा कि लोकतंत्र नाजुक है और कानून के शासन पर दिखावा इसके लिए नुकसानदेह हो सकती है। पीठ ने निर्वाचन आयोग के सदस्यों की नियुक्ति से संबंधित संविधान के अनुच्छेद 324 का उल्लेख करते हुए कहा कि संसद ने इस संबंध में संविधान की आवश्यकता के अनुसार कोई कानून पारित नहीं किया है। अनुच्छेद 324(2) के अनुसार, निर्वाचन आयोग में मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्त होते हैं। उनकी नियुक्तियां संसद द्वारा इस संबंध में बनाए गए किसी भी कानून के प्रावधानों के अधीन राष्ट्रपति द्वारा की जाएंगी। पीठ ने पिछले साल 24 नवंबर को इस मुद्दे पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# अडाणी-हिंडनबर्ग मामले की 6 विशेषज्ञ करेंगे जांच

## सुप्रीम कोर्ट ने बनायी कमिटी, सेबी को दो महीने में सौंपेगी रिपोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शेयर बाजार में विभिन्न नियामकीय पहलुओं के साथ अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में गिरावट की जांच के लिए गुरुवार को शीर्ष अदालत के पूर्व जस्टिस ए.एम. सप्रे के नेतृत्व में एक समिति के गठन का आदेश दिया। समिति को अपनी रिपोर्ट दो माह के अंदर सीलबंद लिफाफे में देनी होगी।

अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद अडाणी समूह की कंपनियों के शेयर में हाल आई भारी गिरावट के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने यह बड़ा कदम उठाया है। इसके साथ ही कोर्ट ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को निर्देश दिया है कि वह इस मामले में अपनी जारी जांच को दो महीने में पूरा करे और रिपोर्ट सौंपे। चीफ जस्टिस डी.वाई.

**सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस ओपी भट और जस्टिस जेपी देवदत्त नीलकेणि, कामत और सुंदरसन होंगे सदस्य**

चंद्रचूड़ और जस्टिस न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा तथा न्यामूर्ति जेबी पारदीवाली की पीठ ने कहा कि समिति इस मामले में पूरी स्थिति का आकलन करेगी और निवेशकों को जागरूक करने और शेयर बाजारों की मौजूदा नियामकीय व्यवस्था को मजबूत करने का उपाय सुझाएगी।

पीठ ने केंद्र सरकार के साथ-साथ वित्तीय सांविधिक निकायों, सेबी के चेयरपर्सन को समिति को जांच में पूरा सहयोग करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस ओपी भट और जस्िअस जेपी देवदत्त भी छह समिति के सदस्य होंगे। समिति के अन्य सदस्यों में नंदन नीलकेणि,केवी कामत, सोमेशेखरन सुंदरसन



शामिल हैं। न्यायालय ने सेबी से कहा है कि वह इस मामले में जारी जांच के दौरान उठाए गए कदमों की जानकारी, न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति को दे।

पीठ ने हालांकि स्पष्ट किया कि समिति के गठन का मकसद नियामकीय एजेंसी के कामकाज का प्रतिकूल आकलन करना नहीं है। कोर्ट ने समिति से बाजार नियमनों, शॉर्ट सेलिंग नियमनों या शेयर कीमतों में गड़बड़ी की जांच करने को भी कहा है। बता दें हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आने के बाद अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में जोरदार गिरावट आई है।


टाटा स्टील के वाइस चेयरमैन नोएल एन टाटा गुरुवार को संस्थापक दिवस के मुख्य अतिथि के रुप में जमशेदपुर पहुंचे। शाम में उन्होंने सर्किट हाउस एरिया एवं मैरिन ड्राइव के बीच नेचर ट्रेल पार्क का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने पार्क का भ्रमण किया। इस बीच, थोड़ी देर वक्त मिला तो उनके मजाकिया अंदाज पर टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन, वीपी चाणक्य चौधरी और वीपी देबाशीष भट्टाचार्यी मुस्करा उठे। नोएल टाटा शुक्रवार को टाटा स्टील वर्क्स और बिष्टुपुर पोस्टल पार्क में आयोजित संस्थापक दिवस में भाग लेने के बाद मुंबई लौट जायेंगे।

# भाजपा सरकारों के कार्यों और कार्यकर्ताओं के समर्पण को जाता है जीत का श्रेय : मोदी

**नयी दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न चुनावों में भाजपा की लगातार जीत का श्रेय गुरुवार को पार्टी की सरकारों के कार्यों, उनकी कार्य संस्कृति तथा पार्टी कार्यकर्ताओं के समर्पण की त्रिवेणी को दिया। त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन पर बधाई देने के लिए यहां भाजपा मुख्यालय में आयोजित समारोह में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि चुनाव परिणाम देश और दुनिया के सामने भारत के लोकतंत्र तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं में लोगों की आस्था को प्रदर्शित करते हैं।

उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर के तीन राज्यों के चुनाव परिणामों ने पूरी तरह साफ कर दिया है कि यह क्षेत्र न तो दिल्ली से और ना ही दिल से दूर है।

भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने उत्तर पूर्व में भाजपा की सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री के इन राज्यों को मुख्य धारा में लाने के प्रयासों को तथा क्षेत्र में विकास के नीतिगत फैसलों को दिया। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने पूर्वोत्तर को अपना एटीएम समझा, लेकिन मोदी ने क्षेत्र को भ्रष्टाचार मुक्त बनाया और यहां शांति तथा विकास के लिए काम किया।

## शाहरुख की पत्नी गौरी समेत तीन पर केस दर्ज

**लखनऊ।** बालीवुड अभिनेता शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान और तुलसियानी समूह के मुख्य प्रबंध निदेशक समेत दो अधिकारियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। गौरी इस कम्पनी की ब्रांड एम्बेसडर हैं।पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि राजधानी लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी थाने में गत 25 फरवरी को गौरी के साथ-साथ निर्माण कम्पनी तुलसियानी कंस्ट्रक्शंस एण्ड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य प्रबंध निदेशक अनिल कुमार तुलसियानी और निदेशक महेश तुलसियानी के खिलाफ मुम्बई के एक कारोबारी किरीट जसवंत की तहरीर पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। अपर पुलिस आयुक्त स्वाती चौधरी ने बताया कि सुशांत गोल्फ सिटी थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है, जिसमें गौरी खान भी अभियुक्त हैं। मामले की जांच की जा रही है। जसवंत का आरोप है कि बालीवुड अभिनेता शाहरुख खान की पत्नी गौरी तुलसियानी ग्रुप की ब्रांड एम्बेसडर हैं। गौरी द्वारा विज्ञापन किये जाने की वजह से उसने उन पर विश्वास करके वर्ष 2015 में लखनऊ में एक फ्लैट बुक कराया था। इसके लिये उसने कम्पनी को 85 लाख 46 हजार रुपये चुकाये थे। इसके बावजूद कम्पनी ने उसने फ्लैट पर कब्जा नहीं दिया।

# अतीक अहमद के एक और करीबी का मकान जमींदोज

**प्रयागराज।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने गैंगस्टर अतीक अहमद के एक और करीबी व्यक्ति पर गुरुवार को कार्रवाई करते हुए बुलडोजर से उसका मकान जमींदोज कर दिया। गन हाउस चलाने वाले सफदर अली के धूमनगंज थाना अंतर्गत राजरूपपुर के 60 फुट रोड स्थित दो मंजिला मकान को गिराने के लिए बृहस्पतिवार को सुबह करीब 12 बजे चार बुलडोजर और एक पोकलैंड मशीन सफदर के मकान पर पहुंची और भारी पुलिस बल की मौजूदगी के बीच दोपहर डेढ़ बजे के आसपास मकान गिराने की कार्रवाई शुरू हुई। सफदर अली का मकान गिराने के लिए तीन बुलडोजर लगाये गये, लेकिन मकान गिराने में बुलडोजर के विफल रहने पर पोकलैंड मशीन लगाई गई जिसने चार बजे तक मकान को जमींदोज कर दिया। दो दिनों में ध्वस्तीकरण की यह दूसरी कार्रवाई है। बुधवार को अतीक के करीबी जफर अहमद का मकान गिराया था। बुधवार को जफर अहमद के मकान से एक बंदूक बरामद हुई थी जिसे कथित तौर पर अली की दुकान से खरीदा गया था। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने कहा कि सफदर अली का मकान अवैध ढंग से



बनाया गया था। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से पूर्व सफदर अली के मकान से सभी घरेलू सामानों को निकाल कर पड़ोस में खाली पड़े स्थान पर रख दिया गया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से पूर्व सफदर अली ने संवाददाताओं से कहा कि यह मकान मेरा नहीं है, बल्कि मेरे बेटे के नाम पर है जिसने अपनी मेहनत की कमाई से इसे बनवाया है। हमें कोई नोटिस नहीं दिया गया। माफिया अतीक अहमद से किसी तरह के संबंध की संभावना नकारते हुए सफदर अली ने कहा कि मैं अतीक अहमद को नहीं जानता। जिन लोगों से मेरी निजी दुश्मनी है, उन्होंने पुलिस को अतीक का नाम लेकर मुझे निशाना बनाया है। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल और उनके दो सुरक्षाकर्मियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

## मल्होत्रा ने पीआइबी के नये डीजी का कार्यभार संभाला



**नयी दिल्ली।** भारतीय सूचना सेवा के वरिष्ठ अधिकारी राजेश मल्होत्रा ने बुधवार को पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) के प्रधान महानिदेशक (डीजी) का पदभार ग्रहण कर लिया। इसके साथ ही वह भारत सरकार के मुख्य प्रवक्ता भी बन गए हैं। मल्होत्रा 1989 बैच के अधिकारी हैं, जिन्होंने सत्येंद्र प्रकाश की जगह ली है। प्रकाश मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। मल्होत्रा के पास वित्त, कॉर्पोरेट कार्य, कृषि, ऊर्जा, कोयला, खनन सहित केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के लिए मीडिया और संचार व्यवस्था की योजना और कार्यान्वयन में 32 वर्षों से अधिक का अनुभव है।

# त्रिपुरा में भाजपा-आइपीएफटी गठबंधन को पूर्ण बहुमत

एजेंसी

नयी दिल्ली। भाजपा-आईपीएफटी गठबंधन ने 60 सदस्यीय त्रिपुरा विधानसभा में 31 सीटें जीतकर इस पूर्वोत्तर राज्य में लगातार दूसरी बार सत्ता में वापसी की है। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के मुताबिक, भाजपा को 30 सीटें मिली हैं जबकि इंडिजिनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (आईपीएफटी) को एक सीट पर जीत मिली है। वहीं, भाजपा दो और सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। इस बीच, निवर्तमान मुख्यमंत्री माणिक साहा ने कहा किभाजपा की जीत अपेक्षित थी। हम इसकी व्यग्रता से प्रतीक्षा कर रहे थे। निर्णायक जनादेश के साथ हमारी जिम्मेदारी और बढ़ गई है। साहा ने टाउन बोरदोवाली सीट से अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस उम्मीदवार आशीष कुमार साहा को 1,257 मतों के अंतर से हराया।

**नागालैंड में एनडीपीपी-भाजपा का सत्ता बरकरार**

वहीं नागालैंड विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गठबंधन ने 59 में से 34 सीटों पर कब्जा कर स्पष्ट बहुमत प्राप्त कर लिया है और अपनी सत्ता को बरकरार रखा है।

चुनाव आयोग के अनुसार, शाम पांच बजे तक एनडीपीपी ने 22 सीटों पर जीत दर्ज कर ली है और तीन सीटों पर आगे चल रही है जबकि इसकी सहयोगी भाजपा 12 सीटों पर जीत हासिल कर चुकी है। राज्य के मुख्यमंत्री नेफियू रियो ने उत्तरी अंगामी-2 और उपमुख्यमंत्री यानथुंगो पैटन ने त्यूई विधानसभा सीटों पर भारी अंतर से जीत प्राप्त की। एनडीपीपी-भाजपा गठबंधन 2018 के विधानसभा चुनावों में नगा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) को सत्ता से बाहर करके सरकार बनायी थी और अब लगातार दूसरी बार सरकार बनाने जा रही है। गठबंधन घोषणा कर चुकी है कि सत्ता में वापसी करने पर श्री रियो ही मुख्यमंत्री बने रहेंगे।

नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने पांच सीटों पर जीत प्राप्त की जबकि क्षेत्रीय पार्टी नगा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) केवल एक सीट जीतने में कामयाब रहा और एक अन्य निर्वाचन क्षेत्र में आगे चल रहा है।राकांपा ने पांच सीटें प्राप्त की है और दो अन्य सीटों पर आगे चल रही है। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया ने दो सीटों पर जीत प्राप्त कर नगालैंड की राजनीति में पहचान बनाई है। लोजपा (रामविलास) ने भी एक सीट जीती है और एक अन्य सीट पर आगे चल रही है। चार सीटों पर निर्दलीयों ने जीत दर्ज की है जबकि एक सीट पर जनता दल (यूनाइटेड) आगे चल रही है।

इस बार ऐतिहासिक रूप से राज्य विधानसभा के लिए पहली बार महिला विधायक चुनी गई हैं। नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) की दो महिला उम्मीदवारों ने क्रमशः पश्चिमी अंगामी एसी और दीमापुर-3 निर्वाचन क्षेत्रों से जीत दर्ज की है।

**मेघालय त्रिशंकु विधानसभा की ओर:** पूर्वोत्तर राज्य मेघालय में गुरुवार को जारी मतगणना जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे राज्य में त्रिशंकु विधानसभा बनने के हालात नजर आ रहे हैं जिसमें सत्तारूढ़ एनपीपी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभर रही है। एनपीपी ने अब तक आधा दर्जन सीटें जीती हैं और 19 अन्य निर्वाचन क्षेत्रों में आगे चल रही है।

## सारा अली खान बनीं कुरकुरे की ब्रांड एंबेसडर



नयी दिल्ली। स्नैक ब्रांड कुरकुरे ने अभिनेत्री सारा अली खान को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। सारा ने अपने खास अंदाज में इंस्टाग्राम रील बनाकर इस गठजोड़ के बारे में जानकारी साझा की है। सारा ने एक चटपटी कविता के साथ इस मसालेदार गठजोड़ के बारे में जानकारी देते हुये लिखा है तो कल मैंने शेयर की थी एक चटपटी न्यूज। फन, मसाला, मस्ती, दोज आर योर क्लूज। इल विल टेक अवे ऑल योर ब्लूज, नो मैटर व्हाट फ्लेवर यू चूज... इट्स टाइम टु टेल यू हैप्पिली, सारा इज नाउ ए पार्ट ऑफ द कुरकुरे फैमिली।




## स्पीड न्यूज

### धोखाधड़ी में भारतीय इंजीनियर दोषी करार

**न्यूयार्क।** अमेरिका में क्रिप्टो मुद्रा से संबंधित कंपनी में काम करने वाले भारतीय मूल के 27 वर्षीय इंजीनियर को धोखाधड़ी का दोषी करार दिया गया है। दोषी निषाद सिंह एफटीएक्स ट्रेडिंग लिमिटेड में इंजीनियर के तौर पर काम करता था। सिंह पर एफटीएक्स में एक बहु-वर्षीय योजना में इक्विटी निवेशकों को धोखा देने का आरोप है। सिंह, सैमुअल बैंकमैन-फ्राइड और गैरी वांग ने मिलकर इस कंपनी की शुरूआत की थी।

पिछले साल दिसंबर में, संघीय अधिकारियों ने बैंकमैन-फ्राइड पर एफटीएक्स में इक्विटी निवेशकों को धोखा देने के लिए एक योजना बनाने का आरोप लगाया था।

### अब ओडिशा ओबीसी सर्वेक्षण शुरू करेगा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को उचित सुविधाओं से वंचित किए जाने के आरोपों के बीच राज्य सरकार ने उनकी गणना के लिए एक सर्वेक्षण कराने का फैसला किया है। सर्वेक्षण की प्रक्रिया 12 जुलाई तक पूरी कर ली जाएगी। ओडिशा पिछड़े वर्ग के लोगों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर डेटा एकत्र करने वाला बिहार के बाद दूसरा भारतीय राज्य होगा। विपक्षी दल 2024 के लोकसभा चुनाव और राज्य विधानसभा चुनाव से पहले उठाए गए इस कदम को पिछड़े वर्ग के मतदाताओं को लुभाने की बीजद की कोशिश के तौर पर देख रहे हैं।
जिष्णु बरुआ बिजली नियामक सीईआरसी के नए चेयरमैन बने

### सीइआरसी के नये चेयरमैन बने बरुआ

नयी दिल्ली। जिष्णु बरुआ को केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (सीईआरसी) का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। बिजली मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि केंद्रीय बिजली मंत्री आर के सिंह ने गुरुवार को यहां सीईआरसी के चेयरमैन जिष्णु बरुआ को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। बरुआ को 27 फरवरी, 2023 को सीईआरसी का चेयरमैन नियुक्त किया गया था। वह अक्टूबर, 2020 से अगस्त, 2022 तक असम के मुख्य सचिव थे।

### पांच करोड़ ठगी के आरोप में पिता और पुत्र गिरफ्तार

**चेन्नई।** चेन्नई के कोलाथुर में एक पिता-पुत्र को पशुधन कारोबार में निवेश के बहाने निवेशकों से 4.8 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। दुग्ध फार्म चलाने वाले पिता-पुत्र ने लोगों को बताया कि वे गुजरात से अधिक दूध देने वाली गायों की किस्में खरीद रहे हैं और इसके लिए उन्हें धन की आवश्यकता है। पिता-पुत्र की पहचान सुंदरराजन और एस महेश कुमार के रूप में हुई हैं।

### महिला डॉक्टर से दुष्कर्म के आरोप में वार्ड बॉय गिरफ्तार

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के कोझिकोड जिले में पिछले तीन महीने से एक महिला डॉक्टर से बार-बार बलात्कार करने के आरोप में एक व्यक्ति को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। डॉक्टर थिसुर के रहने वाले निशाम बाबू के साथ मैसूरु के एक निजी अस्पताल में काम कर रही थीं। निशाम वॉर्ड बॉय का काम करता है। इसके बाद उसने अस्पताल में अच्छी नौकरी का झांसा देकर डॉक्टर को कोझिकोड बुलाया। जब वह कोझिकोड पहुंचीं तो उसने उसका यौन उत्पीड़न किया।

### अतीक की याचिका पर सुनवाई 17 को

**नयी दिल्ली।** प्रदेश के पूर्व सांसद अतीक अहमद को गुजरात के साबरमती जेल से प्रयागराज स्थानांतरित करने के राज्य सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली (अतीक) की याचिका पर उच्चतम न्यायालय 17 मार्च को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने गुरुवार को विशेष उल्लेख के दौरान अतीक की याचिका पर शीघ्र सुनवाई की गुहार स्वीकार कर ली।

## स्पीड न्यूज

### मिट्टी के मकान में अगलगी से हजारों का नुकसान

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कंदरापड़ी पंचायत के सिंगरडीह गांव में देर रात एक मिट्टी के मकान में अचानक आग लग गई। जिससे भुक्तभोगी को घर में रखे धान, गेहूं, चावल, कपड़ा, कुछ नगद राशि आदि जलकर राख हो गया। मिली जानकारी के अनुसार सिंगारडीह निवासी मनोज यादव पिता स्व. रामलाल यादव शादी में गए थे।

### अवैध महुआ शराब जप्त

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना प्रभारी अब्दुल्लाह खां को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार को डोमचांच के महेशपुर से भारी मात्रा में महुआ शराब को जब्त किया गया। अवैध महुआ शराब राजेश मेहता पिता मेघलाल मेहता महेशपुर मंदिर के सामने घर से 250 लीटर अलग-अलग पांच प्लास्टिक जार जब्त कर थाना लाया गया। जब्त शराब को उत्पाद विभाग को सौंप दिया गया। वहीं थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान ने बताया अवैध महुआ शराब के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

### नगर पंचायत के व्यापरियों की हुई बैठक

**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर पंचायत अंतर्गत टैक्सी स्टैंड दुर्गा मंडप में आम व्यापारियों एवं समाजसेवियों की एक बैठक आहूत की गई, जिसकी अध्यक्षता मनोज साहू एवं संचालन रवि राम ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से डोमचांच के व्यापार को सुरक्षा एवं विकास के लिए एक 21 सदस्ययी टीम बनाने का निर्णय लिया गया, साथ ही साथ डोमचांच में होल्डिंग टैक्स एवं ट्रेड लाइसेंस के नाम पर प्रशासन के द्वारा की गई कार्रवाई के खिलाफ आगे कानूनी सहयोग लेकर इसका समाधान निकालने का निर्णय लिया गया।

### अंग्रेजी शराब दुकानों में बरती जा रही है अनियमितता

**सतगावां (कोडरमा)।** झारखंड सरकार द्वारा संचालित सतगावां प्रखंड में दोनों अंग्रेजी शराब दुकानों में आये दिन भारी पैमाने पर अनियमितता बरते जाने के कई मामले सामने आते रहते हैं। फिर भी शराब दुकानदार अपनी मनमानी से बाज नही आ रहें हैं। ऐसा ही एक मामला बीते बुधवार को अनुज्ञप्ति प्रदत विदेशी शराब दुकान समलडीह, सतगावां-1 में शोशल मीडिया के माध्यम से प्रकाश में आया है, जिसमें दुकानदार व ग्राहक के बीच एमआरपी से अधिक कीमत लिए जाने को लेकर नोक झोक हुई है। हालांकि शोशल मीडिया पर खबर आने के बाद थाना प्रभारी आनंद कुमार साह ने तत्काल मामले को संज्ञान में लिया।

# रिश्वतखोर नाजिर एसीबी के हत्थे चढ़ा

## 24 हजार के बिल के एवज में मांगे थे चार हजार , रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ाया

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** झारखंड में भ्रष्टाचार की खबरें आए दिन सुर्खियों बन रही है। ताजा मामला चक्रधरपुर प्रखंड कार्यालय का है। गुरूवार की सुबह एंटी करप्शन ब्यूरों की टीम ने प्रखंड कार्यालय के नाजिर शेखर कुमार पंडित को घूस लेते रंगे हाथों धर दबोचा। एसीबी की टीम डीएसपी विजय महतो के नेतृत्व में पुलिस बल और दंडाधिकारी के साथ पहुंची थी।

वीडियो ग्राफर विकास बोस उर्फ माना से नाजिर ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2022 के दौरान किए गए विडियोग्राफी कार्य के 24 हजार 700 रुपए बिल पास कराने के एवज में चार हजार रुपया की मांग की थी। विकास बोस रिश्वत देने नहीं चाहते थे। जिसके बाद चार हजार रूपया लेते एसीबी की टीम ने नाजिर को पकड़ लिया। रकम को लेकर नाजिर लगातार विकास बोस पर दबाव बना रहा था। थक हार कर विकास बोस ने इसकी शिकायत एसीबी जमशेदपुर की थी। गिरफ्तारी के बाद एसीबी नाजिर को लेकर जमशेदपुर रवाना हो गई।



### नाजिर के घर की एसीबी ने ली तलाशी

नाजिर शेखर कुमार पंडित को गिरफ्तार करने के बाद एसीबी की टीम उसे लेकर रामदास भट्टा स्थित आवास पहुंची। यहां करीब 20 मिनट तक घर की तलाशी ली। हालांकि तलाशी में एसीबी को कुछ नहीं मिला। इस दौरान नाजिर के घर में उसकी मां अकेले थी।

## एक नजर में

### रामगढ़ उपचुनाव समेत तीन राज्यों में एनडीए की जीत पर हंसडीहा में मना जश्न



**हंसडीहा।** तीन राज्यों समेत रामगढ़ उपचुनाव में एनडीए को मिली बंपर जीत पर गुरुवार को सरैयाहाट और हंसडीहा में भाजपा कार्यकताओं ने विजय जुलूस निकाल एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी इस दौरान जमकर आतिशबाजी भी की गई। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मी नारायण चौधरी, लक्ष्मी नारायण सिंह, घनश्याम कापरी, अनिरुद्ध यादव, देवेश जायसवाल, रघुनाथ रजक, अनिल यादव, प्रवेश यादव, मुकेश शर्मा, अशोक मंडल सहित पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद थे।

### भाजपा आजसू ने रामगढ़ में एनडीए प्रत्याशी की जीत पर निकाला विजय जुलूस, बांटी मिठाई



**लातेहार।** थाना चौक पर भाजपा और आजसू गठबंधन के रामगढ़ उपचुनाव एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के जीत की खुशी में हुई आतिशबाजी, कार्यकताओं ने लगाया जमकर नारा, समर्थकों ने एक दूसरे को गुलाल लगा कर दी जीत की बधाई। मौके पर लड्डू का वितरण किया। रामगढ़ उपचुनाव जीत के खुशी में आजसू पार्टी जिला कमेटी लातेहार की ओर थाना चौक लातेहार में जीत की खुशी में एक दूसरे को बधाई दी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजसू जिला अध्यक्ष अमित पांडेय भाजपा जिला अध्यक्ष हरेकृष्ण सिंह, राकेश दुबे, पंकज यादव, रामदेव सिंह, ध्रुव कुमार पांडेय, राजधानी यादव, चेतलाल रामदास, राजीव रंजन पांडेय, मोती सोनी, श्रवण पासवान, अमर उरांव, विकाश गुप्ता, रोहित सिंह, राम अवतार सिंह, राहुल कुमार, सद्दाम अंसारी, दीपक प्रजापति, सनी पासवान, नीमा देवी, ध्रुव पांडे, रामदेव सिंह, बंसी यादव, प्रमोद गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री व भाजपा की समावेशी राजनीति का सुखद परिणाम है चुनाव : अन्नपूर्णा

**कोडरमा।** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि त्रिपुरा, नागालैंड और मेघालय के चुनाव परिणाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व, भाजपा की जन कल्याणकारी नीतियों और कार्यक्रमों तथा पूरे देश में भाजपा और उसके सहयोगी दलों की तेजी से बढ़ती स्वीकार्यता का परिचायक है। झारखण्ड में रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी की प्रचण्ड जीत ने भी भाजपा की समावेशी राजनीति पर मुहर लगाई है और यह साबित कर दिया है कि झारखण्ड की सत्ता पर काबिज कांग्रेस-झामुमो-राजद के मतलबपरस्त गठबंधन तथा इस सरकार की जनविरोधी-अराजक नीतियों के खिलाफ जनता में अत्यधिक आक्रोश हैं। जनता एक बार फिर भाजपा और उसके सहयोगी दलों की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। वहीं अन्नपूर्णा देवी ने तीनों राज्यों और रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में विराट विजय के लिए भाजपा, आजसू एवं अन्य सहयोगी दलों को बधाई दी और इस विजय को कार्यकर्ताओं के अथक-अनवरत परिश्रम का फल बताया है।

### महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा आज

**मरकच्चो (कोडरमा)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के ततवाधान में आदर्श ग्राम पंचायत चोपनाडीह स्थित गायत्री केंद्र चोपनाडीह के प्रांगण में आयोजित 3 से 6 मार्च तक होने वाले 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ को लेकर आज भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी। उक्त जानकारी गायत्री परिवार के मुकेश राणा व सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से दी।

## बैंक से पैसा निकाल जा रहे व्यक्ति से एक लाख की छिनतई

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** बाइक सवार उचक्कों ने पैदल जा रहे व्यक्ति से एक लाख पैसों से भरा थैला छिनतई कर ली। उच्चकों ने घटना को गुरुवार को दोपहर नगर थाना क्षेत्र में जेल के पीछे से ग्रांड स्टेट जाने वाली सडक पर परिसदन भवन के पीछे गेट पर अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार जेल रोड ग्रांड स्टेट निवासी राजेश कुमार शर्मा शहर के एसबीआई बाजार ब्रांच से एक लाख रुपये का निकासी कर झोला में डाल पैदल लेकर घर जा रहा था। रास्ते में परिसदन भवन के पीछे गेट के समीप ब्लैक रंग के पल्सर पर सवार दो उच्चकों ने राजेश के हाथ से झोला झपट फरार हो गया। राजेश हाइवा वाहन का किस्त भरने के लिए पैसे का निकासी किया था। हाइवा चोला मंडलम से फाइनांस है। घटना की सूचना पीड़ित राजेश ने नगर थाना पहुंच पुलिस की दी। पुलिस पीड़ित राजेश के लिखित शिकायत पर मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। गौरतलब हो कि थाना क्षेत्र में अब तक ब्लैक पल्सर सवार उच्चकों ने दर्जनों बार ऐसी घटना को बैक समेत आस-पास के क्षेत्र से अंजाम देने में सफल रहा। जिसकी गिरफ्तारी करने में पुलिस नाकाम रही।

## बर्न यूनिट के ओटी में महिला ने फांसी लगाकर दे दी जान

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल के बर्न वार्ड के ओटी में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका बालिका मुर्मू है। जो जामा थाना के माठाचक गांव की रहने वाली थी। जानकारी के अनुसार बालिका मुर्मू की चार वर्षीय बेटी अणिमा हेम्ब्रम आग में झुलस गई थी। 13 फरवरी को परिजनों ने अणिमा को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया। बच्ची का इलाज चल रहा था। उसकी स्थिति में सुधार भी हो रहा है। अणिमा की देख भाल के लिए उसकी माँ बालिका मुर्मू और पिता रुबिलाल हेम्ब्रम बर्न वार्ड में रह रहे थे। सुबह सभी के जगने के बाद बालिका मुर्मू अपने पति को यह कहकर बर्न वार्ड से निकली कि ब्रश करके आती है। जाने के बाद काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटी तो पति ने उसकी तलाश शुरू की। बर्न वार्ड के आपरेशन थियेटर में बालिका मुर्मू का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला। पति के शोर मचाने पर फूलो झानो मेडिकल कॉलेज के सुरक्षा कर्मी, स्टॉफ और अन्य लोग एकत्रित हुए। सूचना पुलिस को दी गयी। नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पूरे मामले की जांच में जुट गई है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा अभी नहीं हो पाया है।



## आपसी विवाद में पति ने की पत्नी की हत्या, पति भी गंभीर, गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**शिकारीपाड़ा।** थाना क्षेत्र के धनगर गांव के निकट आपसी विवाद में पति ने पत्नी की हत्या कर दी गई है। पति स्वयं को भी गंभीर रूप से घायल कर लेने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पति कालिदास बेसरा पश्चिम बंगाल के रामपुरहाट थाना क्षेत्र के बड़ों पहाड़ी गांव का रहने वाला है। उसकी पत्नी पश्चिम बंगाल की मल्लारपुर थाना क्षेत्र के मुरलीडंगाल गांव की रहने वाली थी। दोनों पति-पत्नी अपने रिश्तेदार चाचा के घर शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के धानघरा गांव आए हुए थे, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी संजय सुमन के अनुसार धानघरा से पति पत्नी दोनों वापस लौटते समय धानघरा के निकट ही पति पत्नी की आपसी विवाद के कारण कालिदास बेसरा उम्र लगभग 25 वर्ष ने अपनी पत्नी तारा मुनि मुर्मू उम्र लगभग 22 वर्ष को पत्थर से कुचलकर हत्या कर दिया और अपने को भी घायल कर लिया ग्रामीणों की सूचना पर शिकारीपाड़ा की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मृतिका तारामुनि मुर्मू का शव कब्जे में लेकर थाना ले आई है साथ ही मृतका के पति कालिदास बेसरा को पुलिस ने शिकारीपाड़ा स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद हिरासत में ले लिया है। मामले की छानबीन पुलिस गंभीरता से कर रही है।





## प्रतिबंधित मांस लदा ट्रक जप्त चालक और खलासी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**जामा।** थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को प्रतिबंधित मांस लदा 709 ट्रक को दुमका भागलपुर मुख्य मार्ग के महारो के पास से पकड़ा। गाड़ी के चालक और खलासी को मौके से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी जितेंद्र साहू ने बताया कि गुप्त सूचना पर महारो से गौ मांस लदा मिनी ट्रक को पकड़ा गया। जिसमें प्लास्टिक बिछाकर प्रतिबंधित मांस ले जाया जा रहा था। जो बिहार के मुंगेर जिले के से पश्चिम बंगाल के चौबीस परगना जिला ले जाया जा रहा था। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही कर बैरिकेटिंग कर महारो से गाड़ी को कब्जे में लिया गया। गिरफ्तार आरोपी नजरुल इस्लाम और चालक बच्चू गाइन दोनों पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिला के खोड़ीबाड़ी गांव का रहनेवाला है। जबकि फरार आरोपी सद्दाम शाह बिहार के नवादा जिले के गुलजारनगर गांव का रहनेवाला बताया जाता है।

## एसकेएमयू में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर कोलाज व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मु विश्वविद्यालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर लैंगिक समानता के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी विषय पर विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता विश्वविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ एवं आईसीसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई। जिसमे छात्राओं ने कोलाज एवं पोस्टर के माध्यम से शिक्षाप्रद संदेश दिया।

जिसमें बेहतर करने वाले छात्र छात्राओ को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित किया जायेगा। कोलाज में बेहतर करने वाले छात्र- छात्राओं में प्रथम जंतु विज्ञान के सेमेस्टर 1 की छात्रा बबिता हेम्ब्रम, दूसरे स्थान पर सुहानी कुमारी और तीसरे स्थान पर भूगोल सेमेस्टर 3 के छात्र नरसिंह टुडू रहे। पोस्टर में प्रथम समाजशास्त्र के सेमेस्टर 3 के छात्र राकेश रौशन हेम्ब्रम, दूसरे स्थान पर जंतु विज्ञान के सेमेस्टर 1 के छात्र प्रेमलाल मुर्मू एवं तृतीय स्थान पर दर्शनशास्त्र के सेमेस्टर 1 के छात्रा जोलिका टुडू रहे।



## शांति समिति की बैठक सह होली मिलन का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**जामा।** थाना परिसर में गुरुवार को होली पर्व को लेकर बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव, पुलिस निरीक्षक देवव्रत्त पोद्दार और थाना प्रभारी जितेंद्र साहू की संयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समिति के कई सदस्यों ने होली में शराब और डीजे पर पूर्ण पाबंदी लगाने की मांग की। बीडीओ ने समिति के सदस्यों को बताया कि संवेदनशील जगहों पर पुलिस की निगरानी रखी जायेगी जहाँ पहले कोई घटना हुई है वहां गश्ती दल नियुक्त किये जायेंगे। किसी को भी जबरन रंग न लगाया जाय। सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने वाले पर नजर रखी जायेगी उनको चिन्हित किया जायेगा। मौके पर पुलिस निरीक्षक ने कहा कि डीजे देने के पहले थाना में इसकी पूर्व सूचना दी जाय। सोशल मीडिया के एडमिन अपने अपने वाट्सएप ग्रुप पर नजर बनाये रखेंगे। अन्यथा एडमिन पर भी कार्यवाही की जा सकती है। थाना प्रभारी ने बताया कि होली रंगों का त्योहार है सभी लोग सौहाद्रपूर्ण वातावरण में होली मनायें। किसी भी प्रकार का अफवाह फैलाने से वैमनस्यता बढ़ेगी। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की निगरानी रहेगी। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना मिले तो अविलंब थाना को सूचित किया जाय। पुलिस को सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जायेगा। धार्मिक स्थलों पर भी विशेष रूप से नजर बनाये रखने का अनुरोध थाना प्रभारी जितेंद्र साहू ने शांति समिति के सदस्यों से किया। बैठक में बारी बारी से सभी सदस्यों से सुझाव भी लिये गये। इसके पश्चात ढोल करताल के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली के गीत गाये गये। जिसमें शांति समिति के सदस्यों और पदाधिकारियों ने एक दूसरे को रंग बिरंगे गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। साथ ही सभी ने मिलकर होली भी गाया। मौके पर एसआई रविशंकर सिंह, प्रेम कुमार साह, कालेश्वर सोरेन, उमा यादव, सुभास मंडल, बिशु टुडु, इन्द्रकांत यादव, निरंजन दत्ता, मुखिया उर्मिला टूटू, गोखुल सोरेन, महादेव टुडु, संतोष पुजहर सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रकांत मंडल, राखिसल मुर्मु, सुकदेव ठाकुर, इदरीश शेख, सत्तार खां सहित थाना परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे।



## मेहनत व लगन के बल पर ही सफलता मिलती है : गीता

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** संत जेवियर्स गर्ल्स इंटर कॉलेज चाईबासा में गुरुवार को आयोजित फेयरवेल कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा शामिल हुई। दीप प्रज्वलित कर संस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कॉलेज के प्राचार्य द्वारा शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सांसद श्रीमती कोड़ा को सम्मानित किया गया। फेयरवेल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि जीवन का प्रथम चरण पूरा कर छात्राएं दूसरे चरण में प्रवेश करने जा रहे हैं। वे यह बात सदैव याद रखें कि जीवन में सफलता मेहनत व लगन के बल पर ही प्राप्त की जा सकती है। मेहनत व लगन से कभी ना घबराएं और मेहनत व लगन से ही अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। प्रत्येक मनुष्य के जीवन में और बेतहर निखार लाने के लिए स्थान का बदलाव की काफी आवश्यकता होती है, ताकि वे अपने सपने को साकार कर सकें। उन्होंने छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि आने वाले समय में किसी भी प्रकार समस्या होने पर हर संभव मदद किया जाएगा। वहीं सांसद गीता कोड़ा के करकमलों से छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मौके पर प्राचार्य सिस्टर नीलिमा केरकेट्टा, सुप्रियर नेली केरकेट्टा, मिडिल स्कूल प्राचार्य गुलाबी केरकेट्टा , कांग्रेस जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर दास, सांसद प्रतिनिधि त्रिशानु राय, राकेश सिंह, प्रखंड अध्यक्ष दिकु सावैयां, नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सहित इंटर कॉलेज की सभी शिक्षक - शिक्षाएं उपस्थित थी।




## एनडीए की जीत पर मना जश्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर ।** रामगढ़ उप चुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के जीत पर चक्रधरपुर में भाजपा व आजसू नेताओं ने एक साथ जश्न मनाया। प्रखंड कार्यालय के समीप अबीर-गुलाल उड़ाने के बाद ढोल-नगाड़े की धून पर जमकर थिरके। प्रखंड कार्यालय से विजयी जुलूस पवन चौक तक निकाला गया। विजयी जुलूस में शामिल आजसू जिलाध्यक्ष रामलाल मुंडा ने कहा रामगढ़ उप चुनाव का परिणाम साबित कर दिया है कि हेमंत सोरेन की सरकार हर मोर्चे पर विफल है। सरकार की जन विरोधी नीति और सिद्धांत को जनता ने नकार दिया है। कहा कि यही परिणाम पूरे झारखंड में 2024 में दोहराया जाएगा। भाजपा नेता संजय मिश्रा ने कहा हेमंत सोरेन की उलटी गिनती शुरू हो गई है। रामगढ़ की जनता ने एनडीए प्रत्याशी को ऐतिहासिक मत देकर सरकार को अपने इरादे जता दिए है। मौके पर आजसू नेता सिद्धार्थ शंकर महतो, भाजपा नेता शेष नारायण लाल, सुरेश साव, दिनेश महतो, महतो, भगवान गोप समेत काफी संख्या में आजसू और भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

